e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 194

# प्रभात मंत्र

बुधवार
17.07.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
आलसी का न वर्तमान है, और न ही भविष्य।

## क्विक न्यूज

### मुंबई एक्सप्रेस हाईवे के पास बस-ट्रैक्टर की टक्कर, पांच की मौत, 42 घायल

**मुंबई :** मुंबई एक्सप्रेस हाईवे के पास बस और ट्रैक्टर की टक्कर हो गई। टकराने के बाद वाहन खाई में गिर जाने से पांच लोगों की मौत हो गई। हादसे में 40 से अधिक लोग घायल भी हुए हैं। सभी घायलों को नजदीकी एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बारे में नवी मुंबई के डीसीपी विवेक पानसरे ने बताया, आषाढ़ी एकादशी के मौके पर लोग एक निजी बस से पंढरपुर जा रहे थे। बस एक ट्रैक्टर से टकरा गई और खाई में गिर गई। 42 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि तीन लोगों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों ने पुष्टि की है कि 5 लोगों की मौत हो गई है।

### 5 करोड़ रुपये के फेंसिडिल कफ सिरप की भारी खेप जब्त, दो गिरफ्तार

**कोलकाता :** कूचबिहार जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के घुघुमारी में एक बड़ी कार्रवाई में विशेष कार्य बल ने पांच करोड़ रुपये की मूल्य की भारी मात्रा में फेंसिडिल कफ सिरप जब्त की। एसटीएफ के एसपी इंद्रजीत बसु ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने मंगलवार अपराह्न बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ की टीम ने एक 14-पहिया ट्रक को रोका और उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान आम के बड़े लदान के नीचे छिपा हुआ 37 हजार 500 बोतलों का फेंसिडिल कफ सिरप मिला। इस मामले में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में सुनीत मिश्रा (21) और लवकुश कौल (20) शामिल हैं, जो दोनों उत्तर प्रदेश के रेव के निवासी हैं। ट्रक का पंजीकरण नागालैंड का है। पकड़े गए दोनों व्यक्तियों के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत कोचबिहार कोतवाली थाने में मामला दर्ज किया गया है।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट के लिए दो जजों की नियुक्ति को मंजूरी दी

**नई दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट के लिए दो जजों की नियुक्ति को मंजूरी दी है। राष्ट्रपति ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एन कोटेश्वर सिंह और मद्रास हाई कोर्ट के कार्यकारी चीफ जस्टिस आर महादेवन को सुप्रीम कोर्ट के जज के रूप में नियुक्त किया है।जस्टिस एन कोटेश्वर सिंह मणिपुर से सुप्रीम कोर्ट के जज बनने वाले पहले व्यक्ति होंगे। 11 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने इन दोनों की सुप्रीम कोर्ट के जज के तौर पर नियुक्ति की सिफारिश केंद्र को भेजी थी। सुप्रीम कोर्ट के जजों की कुल स्वीकृत संख्या 34 है। इन दोनों के शपथ लेने के बाद जजों के सभी पद भर जाएंगे।

### 13 नागरिकों की मौत के मामले में सुप्रीम कोर्ट का केंद्र को नोटिस

**नई दिल्ली :** नगालैंड सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर भारतीय सेना के उन 30 जवानों के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति मांगी है, जिन पर 2021 में एक नाकाम सैन्य अभियान के दौरान गलती से 13 नागरिकों की हत्या का आरोप है। सुप्रीम कोर्ट ने नगालैंड सरकार की याचिका पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है।याचिका में नगालैंड सरकार का कहना है कि उसके पास सैन्य कर्मियों के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए पुख्ता सबूत हैं लेकिन केंद्र सरकार ने मुकदमे के लिए मंजूरी देने से इनकार कर दिया है।चार दिसम्बर 2021 को नगालैंड के मोन जिले में उग्रवादियों पर घात लगाने के नाकाम सैन्य अभियान में सेना ने उग्रवादी समझ कर छह आम नागरिकों को मार दिया था।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 38° |
| न्युनतम | 27° |

---

**जम्मू-कश्मीर:** एक अधिकारी सहित 4 जवानों की शहादत पर विपक्ष ने मोदी सरकार को घेरा

# सुरक्षा चूक की जवाबदेही ले सरकार : राहुल गांधी

**एजेंसी**

**श्रीनगर :** जम्मू कश्मीर में सेना के पांच जवानों की शहादत को अभी चंद रोज ही हुए थे कि एक बार फिर से 4 और जवान आतंकियों की गोली का शिकार हो गए. जम्मू संभाग के डोडा जिले में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच सोमवार रात को मुठभेड़ हुई. इस दौरान एक अधिकारी समेत 4 जवान शहीद हो गए. जवानों की शहादत पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी समेत तमाम नेताओं ने दुख जाहिर किया है.राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है.

जिसमें उन्होंने लिखा है कि आज एक बार फिर से आतंकी मुठभेड़ में देश के जवान शहीद हो गए. सांसद ने आगे लिखा कि वह शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिजनों को गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हैं. उनका कहना है कि लगातार ऐसी घटनाएं हो रही है जो बेहद दुखद और चिंताजनक हैं. बीजेपी पर हमला करते हुए उन्होंने अपनी पोस्ट में कहा कि ये आतंकी हमले जम्मू कश्मीर के जर्जर हालात को बयान कर रहे हैं. राहुल गांधी का कहना है कि बीजेपी की गलत नीतियों का खामियाजा देश के जवान और उनके परिवारों को भुगतना पड़ रहा है. उन्होंने आगे कहा कि हर देशभक्त भारतीय की यह मांग है कि सरकार बार-बार हो रही इन सुरक्षा चूकों की पूरी जवाबदेही ले साथ ही गुनहगारों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करे. उन्होंने यह भी कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता से खड़ा है.

### बहादुर जवानों और उनके परिवारों का ऋणी रहेंगे : प्रियंका



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने भी मुठभेड़ में शहीद हुए जवानों पर दुख जताया. सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कांग्रेस महासचिव ने कहा कि मुठभेड़ में सेना के एक अधिकारी समेत चार जवानों की शहादत का समाचार अत्यंत दुखद है. ईश्वर दिवंगत आत्माओं को श्रीचरणों में स्थान दें. इसके साथ ही उन्होंने शहीद जवानों के परिजनों के प्रति संवेदना जाहिर की और कहा कि सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुर जवानों और उनके परिवारों के हमेशा ऋणी रहेंगे.

### आतंकवाद के खिलाफ जारी है अभियान : राजनाथ





रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करते हुए घटना पर दुख प्रकट कर संवेदना जताई. पोस्ट में उन्होंने कहा है कि राष्ट्र उन सैनिकों के परिवारों के साथ मजबूती से खड़ा है। जिन्होंने कर्तव्य का पालन करते हुए अपने जीवन का बलिदान दिया है. रक्षा मंत्री ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ अभियान जारी है और देश के सैनिक आतंकवाद को खत्म करने और क्षेत्र में शांति और व्यवस्था बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं.

### भारतीय सेना ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

शहीद हुए जवानों में बहादुर कैप्टन ब्रिजेश थापा, नायक डी राजेश, सिपाही बिजेंद्र और सिपाही अजय शामिल हैं. भारतीय सेना ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करते हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी. सेना की तरफ से किए गए पोस्ट में लिखा है कि आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान कर्तव्य का पालन करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले जवानों के शोक संतप्त परिवारों के साथ भारतीय सेना मजबूती के साथ खड़ी है.

---

**पिकअप वैन ने स्कूली बच्चों के ऑटो को मारी टक्कर, दो की मौत**

# उग्र भीड़ ने पिकअप को किया आग के हवाले



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** सदर थाना क्षेत्र के जाटा-करमडीह गांव के पास गुजरी बाई पास सड़क पर मंगलवार की दोपहर करीब डेढ़-पौने दो बजे घटी एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो स्कूली बच्चों की मौत हो गई जबकि पांच बच्चे गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायल बच्चों को इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा में भर्ती करवाया गया है। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने दुर्घटना में शामिल पिकअप वैन को आग के हवाले कर रोड जाम कर दिया। आग बुझाने की कोशिश कर रहे अग्निशमन कर्मियों को ग्रामीणों ने रोक दिया जिससे पुलिस के साथ नोकझोंक हुई। घटना तब हुई जब शहर के सहिजना स्थित आरएन टैगोर स्कूल की छुट्टी के बाद करीब एक दर्जन बच्चे ऑटो से घर लौट रहे थे। करमडीह-जाटा गांव के पास जब उक्त टेम्पो बाई पास पार कर रही थी तभी बाईपास रोड पर पिकअप वैन ने ऑटो को टक्कर मार दी। इस घटना में दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई और पांच गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक और घायल बच्चे जाटा गांव और उसके आसपास के रहने वाले हैं। सभी बच्चे दूसरी एवं तीसरी कक्षा में पढ़ने वाले हैं। हादसे के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने पिकअप वैन को मौके पर ही फूंक दिया। पुलिस बल डीएसपी नीरज कुमार के नेतृत्व में मौके पर पहुंची लेकिन नाराज ग्रामीणों की पुलिस के साथ नोकझोंक हुई।

### भीषण सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत, चार गंभीर

**बोकारो :** पेटरवार बाजार टांड़ स्थित विकास हार्डवेयर दुकान के निकट हुई एक भीषण सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत घटना स्थल पर हो गई। इस दर्दनाक दुर्घटना में पांच अन्य लोग घायल हो गए। जिनमें चार की स्थिति गंभीर बनी हुई है।घटना में जिसकी मौत हुई है उनमें रामगढ़ जिले के कुजू थाना क्षेत्र के संजय घासी 30 वर्ष ओर गोला थाना क्षेत्र के गोला निवासी राज नायक 25 वर्ष शामिल है। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार चिकित्सा पदाधिकारी डॉ हेमलता तिग्गा ने की। बताया जाता है कि रामगढ़ जिले के गोला निवासी आनंद नायक के शादी समारोह में शामिल होकर बेरमो के जारंगडीह से एक मारुति वैन संख्या जेएच 24 सी 3864 पर सवार होकर सभी लोग मंगलवार की सुबह गोला लौट रहे थे कि विकास हार्डवेयर पेटरवार के पास अज्ञात वाहन ने बराती वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। जिसके कारण दो लोगों की मौत घटना स्थल पर हो गई। और पांच लोग घायल हो गए जिनमें चार की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।



---



# अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री से मिले डॉ. शाहिद अख्तर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के अल्पसंख्यकों के उत्थान और अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थान से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण और शहरी विकास मंत्री जनाब हफीजुल हसन के साथ राष्ट्रीय शैक्षणिक अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थान आयोग के सदस्य डॉक्टर शाहिद अख्तर ने मुलाकात की। उन्होंने झारखण्ड में अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थान के बारे में मंत्री से विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य में अल्पसंख्यक समुदाय शिक्षा की दृष्टिकोण से काफी पीछे है। इसलिए यहां इस समुदाय के विकास के लिए काफी कुछ करने की आवश्यकता है। डॉक्टर शाहिद अख्तर ने कहा कि झारखंड में शिक्षा के क्षेत्र में भी अपार संभावना है। इसलिए जरूरत है की यहां उर्दू भाषा के विकास के लिए भी सरकार के स्तर से कार्य किया जाए। उन्होंने अपने स्तर से मंत्री को हर संभव सहयोग करने का भरोसा दिया। डॉक्टर शाहिद अख्तर ने अपनी पुस्तक भारतीय मुसलमानः एकता का आधार हुब्बल वाटनी (राष्ट्रीयता) और भारत सरकार के अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों के लिए राष्ट्रीय आयोग की वार्षिक रिपोर्ट भेंट की।

---

# बिहार : वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी के पिता की निर्मम हत्या



**एजेंसी**

**पटना :** विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की हत्या कर दी गई है। दरभंगा जिले के बिरौल स्थित उनके आवास पर मंगलवार सुबह क्षत-विक्षत हालत में उनकी लाश मिली है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया।

आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। लोगों का कहना है कि अपराधियों ने धारदार हथियार से वारकर हत्या कर है। घर पर सारे सामान बिखरे पड़े हैं। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई। एफएसएल की टीम को बुलाया गया है। एसडीपीओ मनीष चंद्र चौधरी मामले की जांच कर रहे हैं। इधर, घटना से आहत मुकेश सहनी मुंबई से दरभंगा के लिए निकल गए। बता दें कि पूरा मामला दरभंगा जिले के घनश्यामपुर इलाके का है। यहां पर बीती रात घटना को अंजाम दिया गया है। बताया जा रहा है कि मुकेश सहनी के आवासीय मकान में बदमाशों ने इस घटना को अंजाम दिया है। देर रात अज्ञात हमलावरों के द्वारा पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी हत्या की गई है। मौके पर डीएसपी भी पहुंच गए। पुलिस की टीम घटना की जांच में जुट गई है। वहीं हत्या के पीछे की वजह का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है।मुकेश सहनी मल्लाह समाज से आते हैं। मुकेश सहनी खुद को सन ऑफ मल्लाह भी कहते हैं। बिहार में मल्लाह समाज का वोट बैंक काफी मायने रखता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में मल्लाह समाज की आबादी करीब 6 प्रतिशत है। ऐसे में बिहार की राजनीति में मल्लाह समाज काफी अहमियत रखता है। ऐसे में मुकेश सहनी भी मल्लाह समाज के वोट बैंक पर खुद का दावा करते रहे हैं। हालांकि लोकसभा चुनाव में पार्टी को हार का ही सामना करना पड़ा, लेकिन समाज में उनकी अच्छी पकड़ मानी जाती है।

---

# दिल्ली व यूपी का दौरा करके रांची लौटे सीएम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तीन दिनों की दिल्ली और उत्तर प्रदेश की यात्रा के बाद मंगलवार को रांची लौट आए. सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि यह संघीय ढांचा की व्यवस्था है. पीएम मोदी देश की सरकार चला रहे हैं. राज्य की सरकार हम चला रहे हैं. हम उनका सम्मान करें और वे राज्य का सम्मान करें. मिर्जापुर स्थित विंध्यवासिनी के मंदिर में पूजा अर्चना के सवाल पर उन्होंने हाथ जोड़कर आसमान की तरफ देखा. बता दें कि पिछले शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी विधायक पत्नी कल्पना सोरेन के साथ दिल्ली गये थे. उन्होंने वहां सोनिया गांधी से मुलाकात की थी. तब मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने भाजपा पर निशाना साधा था. उन्होंने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के प्रति सहानुभूति जताते हुए कहा था कि वह भी जल्द ही जेल से बाहर आ जाएंगे.दिल्ली दौरे के बाद सीएम हेमंत सोरेन अचानक बनारस स्थित काशी विश्वनाथ के दरबार में पहुंचे. वहां उन्होंने विधि विधान से भोलेनाथ की पूजा की. फिर बनारस में ही भैरव बाबा का दर्शन किया. इसके बाद सीएम मिर्जापुर स्थित विंध्यवासिनी के मंदिर में पूजा करते नजर आए.सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी के साथ उनकी तस्वीर सोशल मीडिया पर आई. पहले पीएमओ की तरफ से तस्वीर जारी हुई. तस्वीर में दोनों नेता मुस्कुराते दिखे. हालांकि पीएम से मुलाकात के दौरान किन विषयों पर चर्चा हुई, इस सवाल को सीएम हेमंत ने टाल दिया.

---

# डीजे को प्रतिबंधित करना सुनिश्चित करे सरकार : हाई कोर्ट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करने को कहा है कि झारखंड में डीजे को प्रतिबंधित किया जाए। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस बीआर सारंगी की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मंगलवार को सुनवाई के दौरान मौखिक कहा कि डीजे की तेज ध्वनि से दिन या रात दोनों समय लोगों को काफी परेशानी होती है। विशेषकर बुजुर्गों को हार्ट अटैक की समस्या पैदा होती है। ऐसे में सरकार को इस पर विचार करना चाहिए। याचिकाकर्ता ने ध्वनि प्रदूषण के रूल के तहत सड़कों पर निकलने वाले बारात, बैंक्विट हॉल मैरिज हॉल



आदि जगहों में रात दस बजे से सुबह छह बजे तक डीजे नहीं बजे इसका आग्रह कोर्ट से किया था। इसी मामले में पूर्व में हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि सरकार एक 24 घंटे सातों दिन हेल्पलाइन नंबर जारी करे, जिससे किसी को व्यक्ति जो ध्वनि प्रदूषण से परेशान हैं, विशेष रूप से रात्रि 10 बजे के बाद, हेल्पलाइन द्वारा अपनी शिकायत दायर कर सके और ध्वनि प्रदूषण से मुक्ति पा सके। साथ ही सरकार को ध्वनि प्रदूषण न फैलाने के लिए लोगों में जागरुकता फैलाने का सुझाव दिया था। इसके पूर्व सितंबर 2023 में भी झारखंड हाई कोर्ट ने इसी याचिका में एक विस्तृत आदेश पारित किया था, जिसमें कोई भी ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले व्यक्ति या संस्था की म्यूजिक सिस्टम जब्त करने का भी निर्देश राज्य सरकार को दिया था।



# पलामू में मुहर्रम को लेकर पुलिस अलर्ट

## जिला के 283 इलाकों में पुलिस फोर्स और दंडाधिकारियों की तैनाती



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू मुहर्रम जुलूस को लेकर पलामू में हाई अलर्ट जारी किया गया है. पलामू के 283 इलाकों में पुलिसकर्मियों और दंडाधिकारियों की तैनाती की गई है. वहीं मुहर्रम को लेकर सभी थानों में शांति समिति की बैठक हुई थी. जिसमें मुहर्रम जुलूस के रूट लाइन में अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती का निर्णय लिया गया है. साथ संवेदनशील इलाकों में पुलिस की पैनी नजर है।पलामू के विभिन्न इलाकों में मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को मुहर्रम का जुलूस निकाला जाएगा. जुलूस को लेकर जिला प्रशासन ने 283 ऐसे इलाकों को चिन्हित किया है, जहां विशेष रूप से फोर्स की तैनाती की जाएगी।साथ ही मुहर्रम को देखते हुए सोशल मीडिया पर भी निगरानी बढ़ाई गई है. पलामू पुलिस ने अपील की है कि सोशल मीडिया पर कोई आपत्तिजनक और भड़काऊ पोस्ट नहीं डालें. आपत्तिजनक पोस्ट डालने वालों को चिह्नित कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी. जिलेभर में 2000 से अधिक जवानों की तैनाती की गई है।इस संबंध में पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि मुहर्रम को लेकर अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है. एसपी ने कहा कि किसी भी तरह की जानकारी साझा करने के लिए पुलिस ने कंट्रोल रूम का नंबर भी जारी किया है. साथ ही मुहर्रम को लेकर पलामू के हुसैनाबाद, लेस्लीगंज, छतरपुर और मेदिनीनगर टाउन थाना में कंट्रोल रूम बनाया गया है. मुहर्रम को लेकर इंटर स्टेट बॉर्डर पर निगरानी बढ़ाई गई है।

# पंचायत कार्यालय में उपस्थित रहकर क्रियाशील करने का बीडीओ ने दिया निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू :** हैदरनगर के प्रखंड विकास पदाधिकारी विश्व प्रताप मालवा ने पत्र जारी कर संबंधित कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों को अपने-अपने पंचायत भवन में नियमित रूप से उपस्थित रहकर जन कल्याणकारी योजनाओं का निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा है। गत 13 जुलाई को बीडीओ द्वारा एक पत्र जारी कर कहा गया है कि उपायुक्त महोदय के निर्देशानुसार सभी पंचायत भवन को प्रतिदिन क्रियाशील किया जाना है। जिसमें मुखिया, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक एवं भिएलइ( विलेज लेवल एंटरप्रेन्योर)निश्चित रूप से प्रतिदिन अपने-अपने पंचायत भवन में उपस्थित रहकर सभी जन काल्याणकारी योजना का निष्पादन करेंगें एवं समय-समय पर बीडीओ को अवगत करायेगें।कई पंचायत सचिवों को एक से अधिक पंचायत का प्रभार रहने के कारण दिन के अनुसार पंचायत सचिवों का रोस्टर भी निर्धारित किया गया है, जिसमें प्रत्येक पंचायत सचिव को निर्धारित दिनों में अपने पंचायत भवन में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। उदाहरण के लिए ननदेव उरांव सोमवार एवं गुरुवार को परता पंचायत,मंगलवार एवं शुक्रवार को इमाम नगर बरेवा और बुधवार एवं शनिवार को कुकही पंचायत कार्यालय में उपस्थित रहेंगे। सभी कनीय अभियंताओं को भी निर्देश दिया गया है कि वे अपने आवंटित पंचायत में सभी क्रियान्वयन कार्यो का निरीक्षण करते हुए संबंधित पंचायत भवन में उपस्थिति दर्ज करेंगे।बीडीओ ने चेतावनी दी है कि अनुपस्थित रहने पर संबंधित कर्मियों पर कार्रवाई हेतु उच्चाधिकारियों को सूचित कर दिया जाएगा। साथ ही दो दिनों के अंदर 15 वीं वित्त के समन्वयक को सभी पंचायत सचिवालय में बायोमेट्रिक डिवाइस लगाने का निर्देश दिया है। सभी कर्मियों को अपने क्षेत्र के पंचायत भवन में बायोमेट्रिक डिवाइस पर उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही एक अन्य पत्र में कहा गया है कि आवासीय योजनाओं से संबंधित कई शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। अतएव इसके मद्देनजर सभी मुखिया, पंचायत सचिव और ग्राम रोजगार सेवकों को पंचायत भवन में अबुआ आवास योजना के लाभुकों एवं अन्य योजनाओं की सूची सूचना पट्ट पर लगाने के निर्देश दिए गए हैं। दूसरी तरफ हैदरनगर बीडीओ ने एक सार्वजनिक सूचना जारी कर कहा है कि अबुआ आवास के लाभुको को प्रखंड कर्मी या जनप्रतिनिधि से शिकायत हो तो वह किसी भी कार्यदिवस को प्रखंड नाजिर के पास अपराह्न तीन से चार बजे के बीच रखें।मामले पर बीडीओ समीक्षा बैठक में बात करेंगे और दोषी पर कार्रवाई होगी। अब सवाल उठना स्वाभाविक है कि जब जिले के उपायुक्त जनता दरबार लगा कर सीधे जनता से संवाद करते हैं तो क्या बीडीओ जनता से सीधा संवाद नहीं कर सकते ?हैदरनगर बीडीओ ने जनता से सीधे नहीं मिलने वाली बात पर अपना पक्ष रखते हुए कहा कि ऐसी बात नहीं है कि समस्या लेकर आये क्षेत्र के लोग उनसे नहीं मिल सकते, अभी भी प्रतिदिन समस्या लेकर आये लोग उनसे मिल रहे हैं,निर्गत लेटर में ऐसी कोई बात नही है । क्षेत्र के लोग किसी भी प्रकार की समस्या लेकर सीधे प्रखंड कार्यालय पहुच कर उनसे मिल सकते हैं।

# बीडीओ ने वार्ड सदस्य और जल सहिया के साथ किया बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में जल जीवन मिशन अंतर्गत विभिन्न ग्रामो में जलापूर्ति योजनाओं से क्रियाशील जल द्वारा आच्छादित घरों में किये जा रहे जलापूर्ति को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी अदिति गुप्ता ने प्रखंड के जलसहिया और वार्ड सदस्यों के साथ बैठक किया.बैठक में एफएचटीसी द्वारा घरों में किये जा रहे हैं जलापूर्ति को लेकर विशेष ग्राम योजना तैयार करने के लिये विभिन्न बिंदुओं पर सभी वार्ड सदस्यों और जल सहिया को निर्देश दिया. उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पीएचडी विभाग के सहायक अभियंता राजेश कुमार ने जलसहिया और वार्ड सदस्यों को अपने-अपने क्षेत्र में जलापूर्ति की वास्तविक स्थिति का सर्वेक्षण 11 जुलाई तक करने, योजना का प्रारूप तैयार करने में मदद करने,ग्राम वार जल सहिया, मुखिया, वार्ड सदस्य के द्वारा सर्वेक्षण के उपरांत जल सहिया के द्वारा उपलब्ध कराये गये आंकड़ों का संकलन कर, आंकड़ों को दर्ज करा कर विधिक प्रपत्र पर पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल गढ़वा कार्यालय में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया.ताकि कार्य योजना को रांची भेजा जा सके. उन्होंने 7 अगस्त 2024 तक पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल गढ़वा कार्यालय अंतर्गत किये जा रहे, विभिन्न एसबीएस योजना में संबंधित सोलर पंप रिपोर्ट एवं योजनाओं के रखरखाव संबंधी प्रतिवेदन की विवरणी तैयार कर जिला को भेजने का निर्देश दिया.बैठक में प्रखंड समन्वयक राम किशुन, किशोर कुमार,शर्मा राम,शारदा पासवान,नीलम देवी,सरिता देवी,योगेंद्र कुमार पाल सहित बड़ी संख्या में वार्ड सदस्य और जल सहिया उपस्थित थे.

# ग्रामीण क्षेत्रो में मुहर्रम का बड़की चौकी का जुलूस आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण तरीके से निकाला गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो में मुहर्रम का बड़की चौकी का जुलूस आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण तरीके से निकाला गया। बड़की चौकी का जुलूस चेचरिया, नगर उंटारी, बरडीहा, बम्बा,कधवन, कोइन्दी, हुलहुला, सोनबरसा, कुशदण्ड, नरही सहित अन्य गांवों में निकाला गया। जुलूस के दौरान बारिश होने के बावजूद भी या अली या हुसैन के नारों से इलाका गूंज उठा.मोहर्रम जुलूस में मुस्लिम धर्मलंबियों के साथ-साथ विभिन्न समुदाय के लोग भी शामिल हुये। जगह-जगह पर लाठी -डंडे, तलवार, भाला, गड़ासा सहित एक से बढ़कर एक करतब दिखाये गये। ज्ञात हो कि हजरत इमाम हसन हुसैन अपने परिवार के साथ कर्बला में शहीद हो गये थे, लेकिन यजीद के आगे अपने सर नहीं झुकाया। इस्लाम को मानने वाले लोग हजरत इमाम हसन हुसैन की याद में जुलूस के साथ मैदान-ए-जंग का दृश्य बड़े ही आकर्षक और नये अंदाज में पेश किया। बरडीहा जुलूस में सदर सह पूर्व मुखिया मुस्ताक अहमद शेख, उस्मान अंसारी, मसउवर अंसारी, राहत हुसैन, हैसियत अंसारी, मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के सदर राकिब अनवर, वकील अहमद, डॉ रिजवान अहमद, इमरान आलम, परवेज आलम, फिरोज आलम, खुर्शीद, साजिद, रईस, दिलशाद, अफरोज, फुलमोहम्मद, तौहीद, नेसार, अप्पू, रागिब, इंतजार, गुलाम, रासिब, असलम, नौशाद, सागिर, कासिफ,

# मेडिकल एजेंसी का शुभारंभ करते फीता काटकर : मुखिया मूंगा साह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**केतार (गढ़वा) :** प्रखंड अंतर्गत केतार बाजार के मुख्य गेट के समीप झामुमो कार्यालय के निकट माँ चतुर्भुजी मेडिकल एजेंसी का शुभारंभ मंगलवार को मुकुंदपुर पंचायत के मुखिया मूंगा साह एवं केतार मुखिया प्रमोद कुमार ने संयुक्त रूप से विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात फीता काटकर किया। इस दौरान मुख्य रूप से बलीगढ़ पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता मौजूद रहे। मां चतुर्भुजी मेडिकल एजेंसी के प्रोपराइटर प्रदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि यहां पर अंग्रेजी,आयुर्वेदिक,वेटरनरी आदि दवा थोक एवं खुदरा उचित मूल्य पर मिलेगा। जिससे स्थानीय चिकित्सकों एवं प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीणों को दवा खरीदने में काफी सहूलियत होगी। इस अवसर पर उपप्रमुख सम्भू सिंह,छोटन कुमार सिंह, त्रिपुरारी सिंह,महेंद्र पाल,रमेश राम,उज्जवल कुमार गुप्ता,ईश्वरी वैध सहित काफी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

# विश्वकर्मा समाज की प्रखंड कमेटी का हुआ चुनाव, अवधेश बने अध्यक्ष



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चैनपुर(पलामू) :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र स्थित शाहपुर विवेकानंद चौक के शर्मा ट्रेडर्स में मंगलवार को विश्वकर्मा समाज का प्रखंड स्तरीय विश्वकर्मा समाज का बैठक आयोजित किया गया। इसमें संगठन की मजबूती पर चर्चा की गई। वहीं विश्वकर्मा समाज ने सर्वसम्मति से अवधेश शर्मा अध्यक्ष,प्रदीप शर्मा महासचिव, पंचम विश्वकर्मा कोषाध्यक्ष एवं चंद्रेश शर्मा मीडिया प्रभारी संयुक्त रूप से बनाए गए।समाज के पदाधिकारियों ने नवनियुक्त प्रखंड कमेटी के सदस्यों को माला पहनाकर बधाई दी। साथ ही पद पर रहकर समाज के विकास में योगदान देने की शपथ दिलाई गई। अध्यक्ष अवधेश शर्मा ने कहा कि समाज का एक अच्छा छवि लोगों के बीच जाए इसके लिए विश्वकर्मा समाज के लोगों को प्रखंड स्तरीय समाज से जोड़ा जा रहा हैं।जिससे की आये दिन किसी भी प्रकार का कोई भी कठिनाई अकेला नहीं झेले अगर किसी प्रकार की समस्या हो तो उनके लिए विश्वकर्मा समाज का कमेटी के लोग खड़ा रहेंगे।

# जीयर स्वामी ने भागवत के प्रत्येक शब्द का मतलब बताया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पंडवा(पलामू ) :** निगम क्षेत्र के सिंगरा अमानत नदी तट चातुर्मास व्रत कथा में श्री जीयर स्वामी जी ने श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा में कहा की भागवत का प्रत्येक शब्द का मतलब है. भा मतलब प्रकाश, ग मतलब ज्ञान, व मतलब वैभव, त मतलब तेज जिस ग्रंथ में जिस किताब में भगवान और भगवान के भक्तों का प्रकाश हो, ज्ञान हो, वैभव हो, तेज हो और उनका वर्णन हो उसी का नाम भागवत है. जिस ग्रंथ को पढ़ने से प्रकाश, ज्ञान, वैभव और तेज को प्राप्त किया जाता हो उसका नाम भागवत है. भागवत से पहले श्रीमद् और भागवत के बाद महापुराण श्रीमद्भागवत महापुराण ग्रंथ के नामों से विख्यात हुआ.पुराण शब्द की व्याख्या करते हुए बताया कि जिस कथा, प्रसंग, इतिहास के रूप में पढ़ने वाले लोगों को जो नई-नई प्रेरणा देता हो नया-नया ज्ञान देता हो, नया-नया संदेश देता हो उसका ही नाम पुराण है. जिसको पढ़ने के बाद समाज के लोगों का जीवन जीने के तरीका सहज और सरल रूप से समझ में आ जाए वहीं भागवत है. कहा कि महर्षि वेदव्यास वेद, उपनिषद ग्रंथ की रचना करने के बाद भी उदास थे बेचैन थे. मन को शांति नही थी. इसी बीच देवर्षि नारद पहुंचते हैं. उनके उदासी का कारण जानते हुए कहा कि आपने तो वेद शास्त्र का निर्माण तो कर दिया लेकिन मनुष्यों में राजसी, तामसी प्रवृत्ति को कैसे रोकेंगे. इसके प्रायश्चित में संपूर्ण वेदों, उपनिषद और ग्रंथो का भावार्थ का एक ग्रंथ के रूप में रचना करें. देव ऋषि नारद की आज्ञा पाकर महर्षि वेदव्यास ने गणेश भगवान की सहयोग से 18 हजार श्लोक का एक महाग्रंथ की रचना की वही ग्रंथ श्रीमद भागवत महापुराण है.

# पाटन पुलिस ने मोहर्रम को लेकर फ्लैग मार्च निकाला



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पाटन मुहर्रम में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जगह-जगह पर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से तैनात है, जिसे लेकर मंगलवार की सुबह पाटन थाना क्षेत्र के सुठा, लोइंगा, किशुनपुर एवं गमहेथा गांव में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व पाटन थाना प्रभारी लाल जी ने किया। पुलिस प्रशासन ने लोगों से मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की। कहा कि पुलिस प्रशासन का असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रहेगी। किसी भी व्यक्ति के द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने की सूचना प्राप्त होती तो पुलिस प्रशासन को तुरंत सूचित करें, ताकि समय रहते कानूनी कार्रवाई की जा सके। मौके पर किशुनपुर ओपी प्रभारी निलेश कुमार सहित पुलिस बल के कई जवान मौजूद थे।

# बच्चों को स्कूल से जोड़ने का सार्थक मुहिम है रुआर : प्रमुख



**पंडवा (पलामू )(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शिक्षक बच्चों के भविष्य के आईना होते हैं। बिना गुरु के ज्ञान संभव नहीं है। उक्त बातें पंडवा प्रमुख गीता मेहता ने कही वे मंगलवार को बीआरसी पंडवा में आयोजित रुआर कार्यक्रम में बतौर मुख्य उपस्थित बोल रहीं थीं। कहा कि शिक्षकों को सरकार शिक्षा के अलावे अन्य काम में लगा देती है जिससे शिक्षक ठीक से बच्चों को पढ़ा नहीं पाते है।कहा कि सरकार को अन्य कार्य के लिए अलग व्यवस्था बनाने की आवश्यकता है। मौके पर बीईईओ हरिप्रसाद ठाकुर ने कहा कि रुआर कार्यक्रम में विद्यालय से बाहर के बच्चों को विद्यालय से पुनः जोड़ना है ताकि उनकी पढ़ाई जारी रहे। मौके पर प्रभारी कल्याण पदाधिकारी पूजा रानी ने कहा कि शिक्षा से बड़ी पूंजी कुछ नहीं है। शिक्षा ही हमें अनुशासित बनता है। शिक्षा से ही हम अपने जीवन को सुधार सकते हैं। मौके पर कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रामानुज प्रसाद व अभय द्विवेदी ने संयुक्त रूप से किया।इस मौके पर शिक्षक अशोक कुमार पाठक,अजय कुमार पाठक, नंदकुमार मेहता, अनिल सिन्हा, पंकज कुमार, अंजली सेंगर, उर्मिला कुमारी, निर्मला कुमारी, सीआरपी दिनेश सिंह,राजन कुमार, ओमप्रकाश सिंह,सुभाष चन्द्र ओझा, बीआरजी अतुल सिन्हा, डाटा इंट्री ऑपरेटर इंद्रपाल मेहता, लेखापाल जयप्रकाश ठाकुर, सहित दर्जनों उपस्थित रहे।

# चौकदार की बहाली में दलितों का आरक्षण नहीं देने पर आंदोलन की चेतावनी : नितीश



**नौड़ीहा बाजार (पलामू)(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चौकदार की बहाली में रोस्टर आरक्षण की अनुपालन नहीं किये जाने पर समाज सेवी सह बीस सूत्रीय सदस्य श्री नितीश कुमार ने इसका का घोर निंदा करते हुए आंदोलन करने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि पलामू जिले की चौकदार की बहाली मे अनुसूचित जाति के लिए एक भी सीट आरक्षित नहीं किया गया है। कहा कि पलामू जिले की अधिकारी चौकदार की बहाली मे एक भी सीट आरक्षित नहीं कर मनमानी ढंग से अनुसूचित जाति के साथ अन्याय कर रहे है। जो कभी बर्दास्त नहीं कर किया जायेगा। समाज सेवी सह बीस सूत्रीय सदस्य श्री नितीश कुमार ने कहा अनुसूचित जाति के लिए आरक्षण रोस्टर मे बदलाव कर पुनः चौकदार की बहाली के लिए विज्ञापन निकालने की मांग किया। उन्होंने कहा कि बदलाव नहीं किये जाने पर उग्र आंदोलन करने की बात कहा।

# रुआर कार्यशाला का हुआ आयोजन



**नौड़ीहा बाजार (पलामू)(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** 10+ हाई स्कूल के सभागार में मंगलवार को रुआर कार्यशाला का आयोजन किया । रुआर कार्यशाला की शुभारम्भ प्रमुख रेशम कुमारी व बीडीओ सुश्री शुभम बेला टोपन और मुखिया संघ के अध्यक्ष श्री गौतम कुमार एवं बीपीओ कृष्णा कांत द्विवेदी ने संयुक्त रूप से दीप प्रजावलित कर किया। कार्यशाला के सम्बोधन करते हुए प्रखंड प्रमुख श्रीमती रेशम कुमारी ने कहा है कि शिक्षक समाज के दर्पण है। उन्होंने ने कहा कि विधालय के बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन एवं ठहराव सुनिश्चित हो ये आप सबों का उतरदायित्व है। वही पर मुखिया संघ के अध्यक्ष श्री गौतम कुमार ने कहा विधालय प्रबंधन समिति के सदस्य एवं अभिभावक के साथ समन्वयक स्थापित कर कार्य करें ताकि यह कार्यक्रम सफल होगा। बीपीओ कृष्णा कांत द्विवेदी ने रुआर पर विस्तृत रूप से चर्चा करते कहा कि समग्र शिक्षा अभियान का मुख्य उद्देश्य है कि 5-18 आयुवर्ग के सभी बच्चों का विधालयी शिक्षा पूर्ण कराना है। विधालयों में बच्चों का नामांकन और ठहराव वर्तमान समय एक बड़ी चुनौती है। वही पर प्रधानाध्यापक श्री रामगोविंद राम ने कहा कि वर्तमान सभी विधालयों का टोला टैंग कर, हॉउस निर्माण कर शत प्रतिशत बच्चों का नामांकन कर उन्हें विधालय से जोड़ना ही रुआर है।

# स्कूल से बाहर रहने वाले बच्चों को फिर से विद्यालय लाने पर दिया बल : प्रमुख गायत्री देवी



**चैनपुर(पलामू)(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चैनपुर प्रखंड ब्लॉक के सभागार में प्रखंड स्तरीय स्कूल रुआर 2024 कार्यक्रम को लेकर प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला का शुभारंभ जिला परिषद सदस्य राम लव चौरसिया,प्रखंड उप प्रमुख सुनील सिंह, बीइइओ नंदकिशोर तिवारी द्वारा सामूहिक रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया।कार्यशाला में उपस्थित अन्य सभी विभाग के कर्मी,पदाधिकारियों, उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं शिक्षकों को स्कूल रूआर 2024 कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी ने कहा कि शिक्षकों को सरकार शिक्षा के अलावे अन्य काम में लगा देती है जिससे शिक्षक ठीक से बच्चों को पढ़ा नहीं पाते हैं कहा कि सरकार को अन्य कार्य के लिए अलग व्यवस्था बनाने की आवश्यकता है। उप प्रमुख सुनील सिंह ने कहा कि शिक्षक बच्चों के भविष्य के आईना होते हैं बिना गुरु के ज्ञान संभव नहीं है। मौके पर बीईईओ नंदकिशोर तिवारी ने कहा कि रुआर कार्यक्रम में विद्यालय से बाहर के बच्चों को विद्यालय से पुनः जोड़ना है ताकि उनकी पढ़ाई जारी रहे और उन्होंने कहा कि शिक्षा से बड़ी पूंजी कुछ नहीं है शिक्षा ही हमें अनुशासित बनाता है शिक्षा से ही हम अपने जीवन को सुधार सकते हैं। मौके पर कार्यक्रम का संचालन अजय पांडे ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ मनोज तिवारी, प्रखंड साधन सेवी सरिता दुबे, मनोज दुबे, चक्रधारी दुबे, अभय कुमार, राजेश कुमार, मनोज सराफ, ओमप्रकाश कुमार, जुबेर अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा नेता सन्नी टोप्पो के प्रयास से लगाया गया 100 केवीए का ट्रांसफार्मर

**रांची।** चान्हो प्रखंड के बलसोकरा पंचायत के लापुर रोड मदरसा चौक में सौ केवीए के ट्रांसफार्मर भाजपा नेता सन्नी टोप्पो के प्रयास से लगाया गया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्य के लिए हमेशा तत्पर रहता हूं। मदरसा चौक में 8 दिनों से बिजली की समस्या से ग्रामीण परेशान थे। समस्या को देखते हुए तत्काल सौ केवीए के ट्रांसफार्मर की अनुशंसा किया। इस क्षेत्र में अधिकतर दुकानें है जिसके चलते दुकानदारों को काफी समस्यायों का सामना करना पड़ रहा था। सन्नी टोप्पो के प्रतिनिधि सह पीएमएस रांची जिला अध्यक्ष रागिब अकरम के द्वारा फीता काट कर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन क्या गया। मौके पर मदरसा चौक के सेक्रेटरी अब्दुल हन्नान,मास्टर परवेज़,मधु खुर्शीद, नेशार अहमद,मास्टर मकसूद, नेजाम टेलर, कुद्दुस और युवा कमिटी के आकिब अकरम, पप्पू, बिट्टू, मोदब्बीर उपस्थित थे।

### इनफोर्समेंट टीम बड़ा तालाब के आस-पास अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया

**रांची।** प्रशासक के आदेशानुसार रांची नगर निगम की इनफोर्समेंट टीम के द्वारा सेवा सदन के सामने तथा बड़ा तालाब के आस-पास अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया गया। अतिक्रमण मुक्त अभियान के दौरान निगम द्वारा उक्त स्थल पर अस्थायी/अवैध संरचनाओं को ध्वस्त किया गया। इसके अलावा नालियों के ऊपर वेंडर्स के द्वारा अतिक्रमण किए जाने पर उन्हें हटाया गया तथा सामान भी जब्त किया गया, जिसमे एक काउंटर तथा बांस-बल्ली जब्त किया गया। अतिक्रमण मुक्त अभियान के उपरांत निगम की टीम द्वारा वेंडर्स को भविष्य में उक्त स्थल पर फिर से अतिक्रमण ना करने हेतु निर्देशित किया गया।

# सेना भर्ती 27 जुलाई को रनिंग ट्रैक पर आयोजित की जाएगी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** निदेशक सेना भर्ती रांची कर्नल विकास भोला ने जानकारी देते हुए कहा की भारतीय सेना में शामिल हों सेना भर्ती कार्यालय, रांची सेना भर्ती रैली धार्मिक शिक्षक जूनियर कमीशन अधिकारी की 27 जुलाई 2024 को खेलगांव खेल परिसर, होटवार , रांची (झारखंड) में धार्मिक शिक्षक (जूनियर कमीशन अधिकारी) की सेना भर्ती रैली झारखंड और बिहार राज्य के सभी जिलों के पात्र उम्मीदवारों के लिए खेलगांव खेल परिसर, होटवार, रांची (झारखंड) में 27 जुलाई 2024 को रनिंग ट्रैक पर आयोजित की जाएगी। रैली के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को 09 जुलाई 2024 को उनके पंजीकृत ई-मेल आईडी पर ऑनलाइन साझा करने के लिए



एडमिट कार्ड भेजे गए हैं। उम्मीदवार ज्वाइन इंडियन आर्मी वेबसाइट www.joinindian-army.nic.in में अपने पंजीकृत खाते से प्रवेश परीक्षा रैली एडमिट कार्ड डाउनलोड करें। उम्मीदवारों द्वारा रैली के लिए रिपोर्ट करने की तिथि और समय एडमिट कार्ड पर अंकित है। उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड में उल्लिखित तिथि और समय पर ही कार्यक्रम स्थल पर पहुंचना चाहिए। ऑनलाइन जनरेट किए गए रंगीन एडमिट कार्ड के बिना किसी भी उम्मीदवार को अनुमति नहीं दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए, उम्मीदवारों को www. joinindian-army.nic.in पर जाना चाहिए। कोई परेशानी होने पर उम्मीदवार कार्य दिवसों में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे के बीच सेना भर्ती कार्यालय, रांची भी जा कर संपर्क कर सकते हैं। उम्मीदवार धार्मिक शिक्षक (जूनियर कमीशन अधिकारी) को फरवरी 2024 में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार दस्तावेज लाने होंगे। दलालों से सावधान रहें। दलालों के झांसे में न आएं। भारतीय सेना में भर्ती पूरी तरह से निष्पक्ष और पारदर्शी है।

# राज्य में स्कूल रुआर-बैक टू स्कूल अभियान शुरू राज्यस्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** विद्यालयों में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्कूल रुआर 2024-बैक टू स्कूल अभियान के तहत मंगलवार को राज्य शिक्षा परियोजना परिषद में राज्यस्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सभी जिलों के डीईओ, डीएसई, एडीपीओ, एपीओ शामिल हुए। कार्यशाला के दौरान झारखंड शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने पदाधिकारियों को आज से शुरू हो रहे विद्यालय स्तरीय स्कूल रुआर 2024-बैक टू स्कूल कैंपेन के दौरान विभिन्न तिथियों में निर्धारित कार्यक्रमों के सफल आयोजन एवं क्रियान्वयन के निरंतर अनुश्रवण का निर्देश दिया। साथ ही विद्यालय स्तर पर आयोजित होने वाले 16 दिवसीय रुआर-बैक टू स्कूल अभियान के दौरान विद्यालयों में संचालित बाल संसद, माता समिति, विद्यालय प्रबंधन समिति, जल सेना व ईको क्लब की सक्रीय भागीदारी सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया




गया। आदित्य रंजन ने कहा कि इस अभियान की मॉनिटरिंग गूगल लिंक, पोर्टल के माध्यम से होगी। राज्य द्वारा स्कूल रुआर-बैक टू स्कूल अभियान का लगातार अनुश्रवण होगा। पदाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि उनके जिले में अभियान का सफलतापूर्वक ना केवल संचालन हो, बल्कि इसका अद्यतन आंकड़ा भी राज्य को प्राप्त हो सके। आदित्य रंजन ने कहा कि दाखिला पंजी और रिपोर्टिंग गूगल शीट दोनों को सामानांतर भरना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि जो बच्चा स्कूल में अनामांकित है उसे विद्यालय लाने और जो नामांकित बच्चे हैं उनकी शत-प्रतिशत उपस्थिति बनाये रखना विद्यालय के साथ-साथ पदाधिकारियों की भी जिम्मेदारी है। उन्होंने इस अभियान में लापरवाही बरतने या ढिलाई बरतने वाले विद्यालयों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। अनामंकित बच्चों को विद्यालय लाने एवं बच्चों की विद्यालय में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज से राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में 16 दिवसीय विद्यालय स्तरीय स्कूल रुआर-बैक टू स्कूल अभियान की शुरुआत हुई।

## पत्थर लघु खनिज के बाबत डस्ट्रिक सर्वे रिपोर्ट से संबंधित अनुमण्डल स्तरीय समिति की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में पत्थर लघु खजिन के बाबत अनुमण्डल स्तरीय समिति द्वारा तैयार किये गये डिस्ट्रिक सर्वे रिपोर्ट (डीएसआर) को अंतिम रूप प्रदान करने से संबंधित बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में वन प्रमण्डल पदाधिकारी, रांची, अनुमण्डल पदाधिकारी, बुण्डू, कार्यपालक अभियंता, सिचाई विभाग, रांची, जिला खनन पदाधिकारी, सहायक निदेशक, भूतत्व, क्षेत्रीय पदाधिकारी, झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, रांची उपस्थित थे। बैठक में जिला खनन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भारत के राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के आलोक में अनुमण्डल स्तरीय समिति द्वारा रांची जिला के पत्थर लघु खनिज (बालू छोड़कर) के ड्राफ्ट डिस्ट्रिक सर्वे रिपोर्ट (डीएसआर) को दिनांक 12.06.2024 को राँची जिला के एनआईसी पोर्टल पर अपलोड किया गया। 21 दिनों की अवधि के पश्चात आम जनता से आपत्ति/सुझाव के पश्चात ड्राफ्ट डिस्ट्रिक सर्वे रिपोर्ट (डीएसआर) को संशोधित भी किया गया। विचार-विमर्श के बाद अनुमण्डल स्तरीय समिति द्वारा तैयार किये गये डीएसआर को अंतिम रुप प्रदान किया गया।

## झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने की शिकायत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के संवेदनशील / अतिसंवेदनशील बूथों पर विधानसभा चुनाव-2019 की अपेक्षा लोकसभा चुनाव-2024 में मतदाताओं की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि की जांच कराने के संबंध में भारतीय जनता पार्टी, झारखंड प्रदेश की एक टीम द्वारा विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं की अप्रत्याशित वृद्धि के संदर्भ में गहन अध्ययन किया गया, जिसमें पाया गया कि विधानसभा चुनाव 2019 की मतदाता सूची की तुलना में लोकसभा चुनाव- 2024 की मतदाता सूची में अनेक बूथों पर 20 से 123 प्रतिशत तक मतदाताओं की अप्रत्याशित वृद्धि हुई है, जो



चिंताजनक है। इस संदर्भ में निम्नांकित बिन्दुओं पर जांच आवश्यक है । झारखंड निर्वाचन आयोग से भी मुलाकात की है। भाजपा टीम द्वारा 10 विधानसभा क्षेत्रों का गहन अध्ययन किया गया, जिसमें यह निष्कर्ष आया है कि 5 वर्षों में अमूमन 15 से 17 प्रतिशत तक की वृद्धि होती है। इस संदर्भ में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा 22 जनवरी, 2024 को मतदाता सूची के संबंध में जारी प्रेस नोट में भी इसी वृद्धि दर को स्वीकार किया गया है। जबकि हिन्दू बाहुल्य क्षेत्रों में यह वृद्धि 8 से 10 प्रतिशत तक रहती है लेकिन अल्पसंख्यक (विशेष कर मुस्लिम) क्षेत्रों में यह वृद्धि 20 से लेकर 123 प्रतिशत तक की है।

## चंदा के नाम पर रंगदारी मांगने का मामला कांके थाना में पहुंचा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मुहर्रम का चंदा के नाम पर रंगदारी मांगने का एक और मामला कांके थाना क्षेत्र के सुनैना नामक एक बैंक्वेट हॉल का आया है। बताया जा रहा है कि धमकी देने वाले व्यक्ति का चेहरा बैंक्वेट हॉल के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। उसने चंदा नहीं देने पर जान मारने की धमकी के अलावा कई बातें कही है। घटना सोमवार देर शाम की है। इस मामले में मैनेजर हेमंत ने कांके थाना में शिकायत दर्ज कराते हुए सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराया है। कांके थाना की पुलिस मामले में प्राथमिकी तो दर्ज कर ली है, लेकिन आरोपी फिलहाल पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। मेन रोड में भी चंदा मांगा था नशेड़ियों ने



मेन रोड में दास म्यूजिकल दुकान में मुहर्रम के नाम पर चंदा मांगने आये दो युवकों ने दुकानदार के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की थी। इस घटना में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गिरफ्तार कर लिया था।

# मोहब्बत बुलंदी है और नफरत खाई : तहजीबुल हसन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** नौ वी मुहर्रम को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अधिवक्ता स्वर्गीय अनवर हुसैन के आवास अनवर आर्केड से निकला मातमी जुलूस। जुलूस विश्वकर्मा मंदिर लेन, मैन रोड, अंजुमन प्लाजा, डॉ फत्ताहउल्लाह रोड होते हुए मस्जिद जाफरिया पहुंचा।

मातमी जुलूस से पूर्व स्वर्गीय अधिवक्ता अनवर हुसैन के आवास पर ही मजलिस शोहदा ए कर्बला का आयोजन किया गया। मजलिस की शुरुआत सैयद अशरफ हुसैन रिजवी के मर्सिया खानि से हुआ। इस मजलिस को ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड के अध्यक्ष सह मस्जिद जाफरिया रांची के इमाम व खतीब हजरत मौलाना हाजी सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने संबोधित करते हुए कहा के मोहब्बत बुलंदी है और नफरत खाई।

आज के जमाने में लोगों से सच्ची मोहब्बत करने वाले बहुत कम मिलते हैं। और जो लोग किसी से लालच के कारण मोहब्बत करते हैं वह एक न एक दिन उनकी मोहब्बत नफरत में बदल जाती हैं। कर्बला वाले वह है जिन्होंने इमामे हुसैन से किसी लालच में मोहब्बत नहीं की, बल्कि सिर्फ इसलिए मोहब्बत कि के अल्लाह के सच्चे बंदे का नाम इमामे हुसैन है। इमाम हुसैन से मोहब्बत करने वालों का मकाम इतना ऊंचा है की कयामत तक उनका नाम लिया जाता रहेगा। जिन्होंने हजरत इमामे हुसैन से नफरत की आज दुनिया में जलील हो गया। इमामे हुसैन और हुसैनीयत से मोहब्बत करो ताकि जमाना तुझे मोहब्बत से देखें। मजलिस के बाद कासिम अली, आमिर गोपालपुरी, हसनैन राजा ने नौहा खानी की। आए हुए तमाम आजादारो का युवा समाजसेवी सैयद फराज अब्बास ने स्वागत किया। जुलूस में अकील उर रहमान, मोहम्मद इस्लाम, शाहिद अयूबी, सोहेल सईद, आफताब आलम, नसर इमाम, सरफराज सुड्डु ने जगह जगह जुलूस का स्वागत किया।

## ट्रैफिक पुलिसकर्मी धर्मेन्द्र की तत्परता के कारण बच्चा सकुशल परिजन से मिला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** चार वर्ष का एक छात्र भटक कर लोअर बाजार थाना क्षेत्र के कांटा टोली चौक पहुंच गया। खुद को अकेला देख रोने लगा। तभी कांटा टोली चौक पर तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मी धर्मेंद्र कुमार ने उस बच्चे के पास पहुंचे और उसे नाश्ता कराया और फिर उससे पूछताछ की । बच्चे ने बताया उसका नाम अभिनव कुमार है। (केंद्रिय विद्यालय दीपाटोली) का छात्र है। और घर चुटिया थाना क्षेत्र के गोसाई टोली का रहने वाला है। बच्चे के पास उस के पिता का फोन



नंबर था जिसे लेकर ट्रैफिक पुलिस ने उसके पिता को फोन करके इसकी जानकारी दी। पिता सोनू कुमार वर्मा भागे भागे कांटाटोली चौक पहुंचे और ट्रैफिक पुलिस धर्मेंद्र से मिला बच्चे को गोद में उठाया और प्यार करने लगा। इस दौरान उन्होंने ट्रैफिक पुलिस धर्मेंद्र का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक पुलिस में तैनात धर्मेंद्र की तत्परता के कारण उसका बेटा उसे मिला है जिसका एहसान कभी नहीं भूल सकता। वहीं ट्रैफिक पुलिस धर्मेंद्र ने बताया कि बच्चा बहुत छोटा है और कांटाटोली बहुत भीड़ भाड़ वाला क्षेत्र है गाडियां बहुत चलती इस बीच बच्चा पर मेरी नजर गई तो मैंने उसे अपने पास रखा और फिर उसके परिजनों को सूचना दे दिए।

## रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त के नाम पर फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट के जरिए ठगी का प्रयास




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडेय के नाम पर वकीलों से ठगी करने के प्रयास का मामला मंगलवार को प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के मुताबिक किसी व्यक्ति ने प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडेय की फोटो का इस्तेमाल कर व्हाट्सएप पर अकाउंट बनाया है। इस फर्जी अकाउंट के जरिये रांची सिविल कोर्ट के वकीलों और अन्य लोगों से ठगी करने का प्रयास किया जा रहा है। इस बात की सूचना मिलने के बाद रांची जिला बार एसोसिएशन के महासचिव संजय विद्रोही ने सभी अधिवक्ताओं को आगाह किया है। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी माध्यम से रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त के नाम पर ठगी की कोशिश की जाती है तो इसकी सूचना निकटतम थाना में दें। उन्होंने कहा कि इसकी जानकारी उन्होंने न्यायायुक्त को भी दे दी है।

### रोड गार्डियन नामक ट्रैफिक जागरूकता सत्र का आयोजन किया

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज रांची के रोटरैक्ट क्लब ने गुरुनानक हाई स्कूल में ÷रोड गार्डियन÷ नामक ट्रैफिक जागरूकता सत्र का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में अतिथि आदित्य पांडे (सहायक कलेक्टर, यूटी, रांची), वरिष्ठ निरीक्षक अजय कुमार, रोड सेफ्टी इंजीनियर गौरव कुमार, रोटरी सचिव डॉ. ख्याति मुनजल, रोटरी अध्यक्ष गौरव बगरॉय और गुरुनानक स्कूल की प्रिंसिपल कैप्टन सुमित कौर शामिल थे। इस में छात्रों को ट्रैफिक सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया, एक प्रस्तुति दिखाई गई और क्विज़ प्रतियोगिता हुई जिसमे विजेताओं को उपहार दिए गए।

# राज्यपाल से कुलपति, पूर्व विधायक सहित कई लोगों ने की मुलाकात, सौंपा ज्ञापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मंगलवार को रांची के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. तपन कुमार शांडिल्य सहित अन्य कई लोगों ने राजभवन में मुलाकात की। कुलपति ने राज्यपाल को विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और प्रशासनिक गतिविधियों से अवगत कराया। वहीं दूसरी ओर राज्यपाल से युवा आजसू का एक प्रतिनिधिमंडल राज भवन में भेंट कर विभिन्न विषयों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से राज्य में रिक्त पदों पर नियुक्ति



करने के लिए पहल करने का आग्रह किया गया। साथ ही प्रतिनिधिमंडल ने स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक, प्रतियोगिता परीक्षा में अनियमितता और विभिन्न महाविद्यालयों में इंटर की पढ़ाई ना होने से विद्यार्थियों की परेशानियों के संदर्भ में राज्यपाल का ध्यान आकृष्ट कराया।

इसके अलावा नए छात्रावास और पुस्तकालय के निर्माण के लिए आग्रह किया गया। इसी प्रकार राज्यपाल से पूर्व झारखंड विधानसभा सदस्य गंगोत्री कुजूर के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट कर रांची विश्वविद्यालय, रांची के अंगीभूत महाविद्यालयों में इंटरमीडिएट में विद्यार्थियों का नामांकन प्रारंभ करने के लिए निदेशित करने का आग्रह किया। इसके अलावा राज्यपाल से भारतीय जनता युवा मोर्चा (झारखंड प्रदेश) का एक शिष्टमंडल प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज के नेतृत्व में भेंट कर राज्य में आयोजित जेएसएससी-पीजीटी परीक्षा में अनियमितता की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए इसकी जांच कराने की मांग की।

# मंत्री इरफान से मिला जिप समिति का प्रतिनिधिमंडल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री इरफान अंसारी से धुर्वा स्थित उनके आवासीय कार्यालय में मंगलवार को रांची जिला परिषद समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में लिखा है कि राज्य निर्माण के 24 वर्षों में भी झारखंड राज्य के ग्रामीणों क्षेत्रों के विकास की अहम कड़ी पंचायती राज संस्थाओं को आज तक अधिकार प्रदत्त नहीं की गई है। राज्य गठन के बाद 2001 में पंचायतों को अधिकार देने के लिए नियमावली बनायी गई थी, जिसके तहत 11वीं अनुसूची में सूचीबद्ध 29 विषयों का



अधिकार पंचायतों को देने की बात कही गई थी। वर्ष 2011 में राज्य में प्रथम पंचायत चुनाव के बाद 2012 से 2014 तक शिक्षा विभाग, वन, स्वास्थ्य, खनन, कृषि, समाज कल्याण, जल संसाधन सहित अन्य विभागों में अधिकार देने के लिए संकल्प भी जारी कर दिया था। इसमें कई विभागों के जरिये वित्तीय अधिकार भी जारी कर दिया गया था। लेकिन आज तक संकल्प मात्र ही रह गया इसे लागू नहीं किया गया । राज्य में तीन पंचायत चुनाव के बाद भी चुने हुए जन प्रतिनिधियों को सुविधा एवं अधिकार से वंचित रहना पढ़ रहा है।

इस गंभीर विषय पर सरकार के उदासीनता के कारण चुने हुए जनप्रतिनिधी जनता के आशाओं एवं उम्मीदों पर खरा उतरने में सक्षम नहीं हो पा रहे हैं । प्रतिनिधिमंडल में जिला परिषद समिति के अध्यक्ष बेरोनिका उरांव, सरस्वती देवी, हिनदिया टोप्पो, सुषमा देवी सहित कई जिला परिषद सदस्य शामिल थे।

# परमहंस संत शिरोमणी स्वामी सदानंद जी महाराज का आगमन 18 को रांची में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज का आगमन बृहस्पतिवार 18 जुलाई को राँची हो रहा है। गुरू जी स्वामी सदानंद जी महाराज गुरु पूर्णिमा के सुअवसर पर 18 जुलाई 2024 बृहस्पतिवार को राँची पधार रहे है। स्वामी सदानंद जी महाराज रायगढ से सड़क मार्ग के द्वारा 04 बजे पुंदाग पहुचेगे। संध्या 4:30 बजे से मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम दिव्यांग आश्रम में स्थापित सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम स्थित(सत्य-प्रेम सभागार) मे गुरु पूर्णिमा महोत्सव का भव्य कार्यक्रम प्रभु जी के साथ गुरु महाराज के सानिध्य मे होगा। 4:30 बजे से 6:30 बजे तक गुरूजी महाराज अपने शिष्यों को गुरू पूर्णिमा की बधाई देगे। कार्यक्रम की शुरुआत मे उनके शिष्यो के द्वारा गुरू महाराज का चंदन वंदन माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की जायेगी कार्यक्रम के समापन पर गुरू महाराज के द्वारा सभी श्रद्धालुओ के बीच प्रसाद का वितरण किया जाएगा। उसके पश्चात संत शिरोमणी श्री श्री 108 स्वामी सदानंद जी महाराज 7 बजे रेल मार्ग से पटना के लिए प्रस्थान करेगे।

# कोयलांचल के राय और न्युमंगरदाहा मे निकाला गया मुहर्रम का जुलूश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में सादगी के साथ मुहर्रम का त्यौहार मनाया जा रहा है। परंपरा के अनुसार मुहर्रम के मौके पर सोमवार अष्टमी और मंगलवार नवमी की रात पिपरवार क्षेत्र के न्युमंगरदाहा गांव मे मुहर्रम का अखाड़ा एंव निशान जुलुश निकाला गया।मुहर्रम समिति के अध्यक्ष इस्लाम अंसारी के नेतृत्व में निकाले गए इस जुलूस में काफी संख्या में लोग शामिल हुए।जुलूस पूरे गांव का भ्रमण किया और इमामबाड़ा पहुंचा,जहां निशान खड़ा होने के बाद फातिहा का आयोजन किया गया।जिसके बाद हैरतअंगेज अस्त्र-शस्त्र खेल का प्रदर्शन किया गया।वहीं लाठी खेल कर परंपरा को आगे बढ़ाया गया।इस मौके पर इस्लाम अंसारी,असगर अंसारी, जियाउल अंसारी,उस्मान अंसारी,सरफुद्दीन अंसारी, एजाजुल



अंसारी,मोहम्मद ताज,आशिक अली, समसुद्दीन अंसारी,असगर अंसारी,मौली अंसारी,हदीस अली,लुकमान अंसारी, इस्माइल अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे। इधर राय पंचायत में मुहर्रम का निशान एंव अखाड़ा जुलूस निकाला गया।यह जुलूस जामिया गोसिया रिजविया राय के प्रांगण से प्रारंभ हुआ जो राय का भ्रमण करते हुए राय बाजार स्थित इमामबाड़ा के पास पहुंचा,जहां पूरे रीति रिवाज के साथ निशान को खड़ा किया गया।इस दौरान युवाओं के द्वारा अस्त्र-शस्त्र खेल का प्रदर्शन किया गया। खेल प्रदर्शन के दौरान हजरत इमाम हसन हुसैन के नारे लगाए गए।इस दौरान इमामबाड़ा और कर्बला में फातिहा का आयोजन किया गया,जिसमें काफी संख्या में लोग शामिल होकर फातिहा कराया।इस संबंध में राय मुहर्रम समिति के लोगों ने बताया कि मुहर्रम के नवमी तारीख पर जुलूस निकाला गया।वहीं बुधवार को दशमी के दिन ताजिया और अखाड़ा जुलूस निकाला जाएगा, जिसको लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।इस मौके पर जुल्फिकार अली,राजू खान,मुमताज अहमद, इरफान आलम,शाहनवाज आलम,पप्पू खान,मोहम्मद शोएब,मोहम्मद नन्हे,सादिक अंसारी,साबिर अंसारी,नासिर अंसारी,मोहम्मद गुड्डू,राजा अख्तर,मोहम्मद सद्दाम सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# रुडसेट संस्थान में विश्व युवा कौशल दिवस मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में विश्व युवा कौशल दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती नीतू कुमारी डीडीएम नाबार्ड रांची, श्रीमती अमिता टूटी बीपीएम सिल्ली उपस्थित रही। विश्व युवा कौशल दिवस पर पूर्व प्रशिक्षणार्थी बिमल कुमार महतो, संतोष उरांव, बालिका कुमारी,



आइलीन तिर्की सभी ने अपना अपना कार्य का अनुभव साझा किया । मुख्य अतिथि ने यह संदेश दिया की विश्व युवा कौशल दिवस प्रत्येक साल 15 जुलाई को बेरोजगारी और अल्परोजगार से निपटने के लिए और युवाओ को सही मार्ग दर्शन देने के लिए मनाते है। श्रीमती अमिता टूटी ने विश्व युवा दिवस का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय और घरेलु विश्व युवा दिवस तीन कारणों से महत्वपूर्ण है युवाओ पर विश्वास जताना और उनका सम्मान करना है। रूडसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार ने यह संदेश दिया कि आज के आधुनिक युग में प्रत्येक शिक्षित और अशिक्षित सभी के पास कुछ न कुछ कौशल होनी चाहिए ताकि किसी परिस्थिति में अपना स्वयं का रोजगार कर सके।

# आजसू नेता पारसनाथ उराँव का चूल्हा प्रमुखों के साथ बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**नामकुम :** 16 जुलाई नामकुम प्रखंड के बड़ाम पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव ने किया और जगह जगह पर बैठकर 100 से ज्यादा चूल्हा प्रमुख बड़ाम,जराटोली,बड़कुम्ब,लोवाटोली, भगत टोली,समयबेड़ा आदि गाँव पर बैठकर लोगों को आजसू पार्टी के नीति और सिद्धांतों का बताया गया इस मौके पर प्रखंड उपाध्यक्ष किसुन महतो,महेश कच्छप, समीर कच्छप, संदीप कच्छप,अनिल उराँव, सुखराम उराँव, राजू कच्छप, रोहित कच्छप,संजय कच्छप,मोनू कच्छप, सुनील मुंडा आदि लोग उपस्थित रहे।

# पिपरवार के किचटो में हुई ट्रक ऑनर एसोसिएशन की बैठक

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के किचटो चार नम्बर कांटा के समीप इमली पेड़ के पास मंगलवार को ट्रक ऑनर एसोसिएशन,कोयला लिफ्टर,डीओ होल्डर और लोकल ट्रक ऑनर की आवश्यक बैठक संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता बिजय कुमार महतो और संचालन अमर कुमार महतो ने किया।बैठक मे लोकल सेल में कोयला आवांटन बढाने और तय भाडा व नगद भाडा भुगतान करने को लेकर विचार विमर्श किया गया।बैठक में ट्रक ऑनर एसोसिएशन ने एक स्वर में कहा कि तय भाडा से कम रेट में काम लाने वाले लिफ्टरो का कार्य रोका जाएगा।साथ ही एसोसिएशन के नियमो का उलंघन करने वाले लिफ्टरो एवं ऑनरो को एसोसिएशन द्वारा दण्डित किया जाएगा।कोयला बिडिंग में बढोतरी के लिए और लिंकेज कोयला को लोकल सेल के माध्यम से उठाव के लिए सीसीएल प्रबंधन से एसोसिएशन बात करेगी। जिसके लिए एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल जल्द ही सीसीएल प्रबंधन से मुलाकात करेगा।बैठक में सभी लोगों को एकजुट होने का आह्वान किया गया।बैठक मे महेन्द्र कुमार भोक्ता,श्रवण महतो, आशिक अली,इदरीस अंसारी,रामबालक गंझू, रचित गंझू,लियाकत अंसारी, सुनील गंझू,विकास कुमार दुबे,सलकू गंझू,नागेश्वर महतो,उमेश सिंह,शेखर महतो,संतोष महतो,महेन्द्र उरांव,प्रेम ठाकुर,रोहित केशरी,बदरुद्दीन अंसारी, नईम अंसारी,विशनाथ महतो, दिलीप गंझू,मो.असलम, मुरारी सिंह,अमित केशरी, मन्नु केशरी,फुलेश्वर महतो सहित कई लिफ्टर,डीओ होल्डर एवं ट्रक ऑनर मौजूद थे।

# विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने मांडर प्रखंड के विभिन्न गाँवो का किया भ्रमण



**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को प्रखंड अंतर्गत हेसमी, कैम्बो एवं सरगांव गाँवो का माननीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने भ्रमण किया। भ्रमन के दौरान विधायक गांव के ग्रामीण से मुलाक़ात कर उनका हाल चाल लिया। उनके साथ बैठक किया, बैठक मे विधायक ने कहा झारखंड सरकार की अत्यंत लाभकारी और महत्वकांक्षी योजना की जानकारी दिया। साथ ही कहा योजनाओं मे किसी तरह का भ्रष्टाचार, घोटाला और घपलेबाजी स्वीकार नही है, अगर किसी भी स्तर पर अनियमितता और भ्रष्टाचार की पुष्टि होती है तो सख्त कार्रवाई की जायेगी। विधायक गांव के ग्रामीणों की समस्याओ को भी सुना और समाधान का आश्वासन दिया।

# सोनमेर गांव में एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**कर्रा :** प्रखंड के कुदलूम पंचायत अन्तर्गत सोनमेर गांव में धान की खेती में सिस्टम ऑफ राइस इंटेंसिफिकेशन एस आर आई व श्री विधि पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सीटीजन फाउंडेशन संस्था तथा आत्मा द्वारा किया गया. बीएओ कर्रा द्वारा विभाग की योजनाओं की जानकारी दी गयी तथा बीटीएम स्नेह लता तिग्गा द्वारा विस्तार पूर्वक एस आर आई विधि एवं उसके लाभ पर प्रशिक्षण दिया गया श्री विधि द्वारा किसान कम बीज दर पर ज्यादा उत्पादन ले सकते हैं, इसके लिए किसानों को धान के रोपाई के सही समय एवं तरीके का ध्यान रखना होता है, इसके साथ ही किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया प्रशिक्षण के अंत में पंचायत मुखिया श्री संदीप हेरेंज की अध्यक्षता में एनएफएसएम योजना द्वारा पी एन पी एच - 24 धान का ब्लॉकचैन टेक्नोलॉजी से किसानों के बीच में वितरण किया गया ताकि किसान अपने खेतों में श्री विधि लगा सके बिचड़ा तैयार होने के बाद किसानों को खेत में प्रत्यक्षण करके भी बताया जाएगा.


## शपथ पत्र

समक्ष,
नोटरी पब्लिक
नगर उंटारी

मैं मुमताज अहमद पिता इसहाक मियां उम्र करीब 53 वर्ष, सा.+ पो. अरसली, थाना भवनाथपुर, जिला गढ़वा, राज्य झारखंड, राष्ट्रीयता भारतीय, शपथ पूर्वक निम्नांकित बयान करता हूं :

1.यह कि सा.+ पो. - अरसली, थाना - भवनाथपुर, जिला - गढ़वा का स्थाई निवासी हूं।

2. यह कि शमीमा खातून मेरी पुत्री है। जिसे भारतीय डाक विभाग भवनाथपुर में एक खाता है, जिसका खाता संख्या 1900200027 है, जिसमें मेरी पुत्री का नाम शमीमा रजनी कादिर जहां है तथा मेरी पुत्री का आधार कार्ड संख्या 8015 8881 8497 में नाम शमीमा खातून है। उक्त दोनों नाम मेरी पुत्री का है।

3. यह कि उक्त खाता में अपनी पुत्री का नाम सुधार कराकर शमीमा खातून दर्ज करना चाहता हूं।

4. यह कि मैं उपरोक्त आशय का शपथ पत्र निष्पादन कर रहा हूं कि सक्षम पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर सकूं।

**शपथकर्ता**


# नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** बेड़ो प्रखंड के पूरियो पंचायत सचिवालय में मंगलवार को राज्य बीमा प्लान 2024 के तहत यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के डिविजनल ऑफिस रांची, पल्स हॉस्पिटल रांची और जेएसएलपीएस के द्वारा बीमा संबंधी जागरूकता की जानकारी दी गई। शिविर में शुगर, बीपी ब्लड टेस्ट व ईसीजी सहित कई तरह का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच किया गया। शिविर में 95 महिलाओं व पुरुषों का स्वास्थ्य जांच किया गया।



सर्वप्रथम प्रमुख विनीता कच्छप ने खुद का जांच करवाकर कार्यक्रम की शुरुआत की।

जांच पल्स हॉस्पिटल के जनरल फिजिशियन डॉक्टर मेजर विजय कुमार, प्रताप कुमार सिंह व प्रियंका बनर्जी ने जांच व स्वास्थ्य सलाह दिया।

चिकित्सकों ने बरसात के मौसम में होने वाले बीमारियों से अवगत कराया और उसके बचाव का उपाय बतलाये।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया पिपरवार के नये जीएम संजीव कुमार का स्वागत



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में मंगलवार को कांग्रेस पार्टी पिपरवार क्षेत्रीय कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने पिपरवार क्षेत्र के नये महाप्रबंधक संजीव कुमार से औपचारिक मुलाकात किया।विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जीएम संजीव कुमार से मुलाकात कर फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया और उन्हें बधाई दी।इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पिपरवार क्षेत्र की कई ज्वलंत समस्याओं को प्रमुखता के साथ उठाया।साथ ही इसके समाधान करने की अपील की।पिपरवार के ग्रामीण इलाकों में बेहतर सड़क, स्वास्थ्य,शिक्षा,पेयजल, रोजगार सहित अन्य मूलभूत सुविधा से अवगत कराया। इस दौरान जीएम संजीव कुमार ने समस्याओं का समाधान करने के लिए सकारात्मक पहल करने का भरोसा दिया।उन्होंने प्रतिनिधिमंडल से कंपनी के उत्पादन लक्ष्य एवं विकास कार्यों में सहयोग करने की अपील की।इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता,बैजू सिंह,उमेश यादव, बसंत कुमार,बल्लू सिंह, विकास कुमार सहित कई कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## इमाम हसन हुसैन की याद में आज निकाला जाएगा मुहर्रम का ताजिया जुलूस

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में मुहर्रम को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।आज कोयलांचल क्षेत्र के कई इलाकों में हजरत इमाम हसन हुसैन की याद में ताजिया जुलूस निकाला जाएगा।ताजिया और अखाड़ा जुलूस को लेकर संबंधित मुहर्रम समिति के द्वारा भी तैयारी पूरी कर ली गई है।जानकारी के अनुसार कोयलांचल क्षेत्र के राय में आज दोपहर एक बजे ताजिया के साथ विशाल अखाड़ा जुलूस निकाला जाएगा।मुहर्रम समिति राय के द्वारा ताजिया बनाने का कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है।जुलूस को लेकर राय में आकर्षक ताजिया बनाया गया है।राय मदरसा से जुलूस की शुरुआत की जाएगी जो पूरे इलाके का भ्रमण करते हुए पुरानी राय पहुंचेगी,जहां राय और पुरानीराय अखाड़ा जुलुश का मिलान होगा, जिसके बाद यह जुलूस वापस राय बाजार पहुंचेगी जहां अस्त्र-शस्त्र खेल प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। राय मुहर्रम समिति के लोगों ने सभी लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से जुलुश में शामिल होने की अपील की है।


## कार्यालय नगर पंचायत, डोमचाँच (कोडरमा)

तृतीय अति अल्पकालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–03/2023–24 दिनांक–16.07.2024

| क्र0 सं0 | वार्ड सं0 | कार्य का नाम | निविदा की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01& 03 | Const. of drain with cover from vikki saw house sarkari pain infront of naga baba mandir via primery school. | 3479391.00 | 69600.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 2 | 02 | Const. of 300 ft. sidhi and shed near tako aahar. | 3608766.00 | 72500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 3 | 13 | Const. of pcc road and drain with cover from maheshpur bajrangbali to pond near doman sundi house via kedar sundi house. | 3664264.00 | 73500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 4 | 02 | Const. of guard wall, drain, pcc from middle school durodih to shivsagar road via block boundry. | 13574037.00 | 271500.00 | 10000.00 | 6 Months |
| A | Date of Publication of Tender on website. | | | | 23-07-2024 | |
| B | Last Date/Time for receipt bid on online | | | | 30-07-2024 | |
| C | Date of Opening Tender | | | | 02-08-2024 | |
| D | Name & Address of office inviting tender | | | | Executive Officer Nagar Panchayat Domchanch | |
| E | Helpline No. | | | | 9430497772 | |

PR 329751 Urban Development(24-25)D

प्रशासक नगर पंचायत, डोमचाँच।



## असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार।

email: drhslatehar3@gmail.com

पत्रांक:................(NHMशाखा) दिनांक:...............

**निजी अस्पताल/निजी नर्सिंग होम/डेन्टल क्लिनिक/एलोपैथिक क्लिनिक/आयुष क्लिनिक/पैथोलॉजी जांच घर/एक्स रे संस्थान/अल्ट्रासाउण्ड क्लिनिक/फिजियोंथेरेपी संस्थानआदि के निबंधन हेतु आवश्यक सूचना।**

Clinical Establishment Act. 2010के तहत लातेहार जिलान्तर्गत संचालित सभी निजी अस्पताल/निजी नर्सिंग होम/डेन्टल क्लिनिक/एलोपैथिक क्लिनिक/आयुष क्लिनिक/पैथोलॉजी जांच घर/एक्स रे संस्थान/अल्ट्रासाउण्ड क्लिनिक/फिजियोंथेरेपी संस्थान आदि का पंजीकृत होना अनिवार्य है।

अतएव लातेहार जिला अन्तर्गत उक्त सभी निजी संस्थान के संचालकों को सविज्ञाप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि वे Clinical Establishment Act. 2010के तहत अपने संस्थान के पंजीकरण/नवीनिकरणहेतु दिनांक 31.07.2024 तक अनिवार्य रूप से अपना अभ्यावेदन ऑनलाईन (Clinical Establishments.gov.in)पर आवेदित करने के साथ ही उसकी एक प्रति संबंधित कागजातों के साथ सिविल सर्जन कार्यालय (एन.एच.एम. शाखा) लातेहार में अनिवार्य रूप से समर्पित करना सुनिश्चित करेंगें। दिनांक 31.07.2024 के पश्चात बिना निबंधन के संचालित संस्थानों के विरूद्व Clinical Establishment Act. 2010के सुसंगत धाराओं के तहत आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जायेगी। जिसकी सारी जवाबदेही संबंधित संस्थान की संचालकों की होगी।

**दण्ड प्रावधान**

अपंजीकृत संस्थान द्वारा चिकित्सीय सेवा उपलब्ध कराये जाने पर धारा 41(1) के तहत आर्थिक दण्ड का निम्नवत प्रावधान है–

- **प्रथम बार–** 50000/–रू0 तक
- **द्वितीय बार–** 2,00,000/– रू0 तक
- **उत्तरवर्ती बार–** 5,00,000/– रू0 तक

जिस संस्थान का Renewal होना है, वे संस्थान अवधि समाप्ति से एक माह पूर्व सभी अनिवार्य कागजात के साथ Renewal कराना सुनिश्चित करेंगें।

- वैसे संस्थान के संचालक, जिनके द्वारा संस्थान को बंद या स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। उन्हे अपने संस्थान का नवीनिकरण की प्रकिया बहाल रखनी होगी, अन्यथा संस्थान को ऑलाईन अभ्यपर्ण (Surrender) करते हुए स्वहस्तारित हार्डकॉपी कार्यालय को समर्पित करनी होगी।
- सभी अस्पताल/नर्सिंग होम क्लिनिक/आयुष/पैथोलॉजी जांच घर/इमेंजिग सेन्टर/फिजियोंथेरेपी संस्थान आदि में पुछताछ केन्द्र के समीप चिकित्सक का नाम, उनकी योग्यता, मेडिकल कॉउंसिल रजिस्ट्रेशन एवं प्रदत सेवाओं के शुल्क का विवरण हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में प्रदर्शित करना अनिवार्य है।

(डा0 अवधेश सिंह)
असैनिक शल्य चिकित्सक
सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार।

PR 329775 (Health Med Edu and Family Welfare) 24-25 (D)



## कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, रामगढ़

**आवेदन आमंत्रण हेतु – आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0 05 रा0 (वि0), दिनांक 13.06.2024 के द्वारा मत्स्य प्रसार, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत निम्नलिखित योजना के क्रियान्वयन हेतु लाभुकों से आवेदन पत्र आमंत्रित की जाती है, जिसकी विवरणी निम्न है –

| क्र0 | योजना ईकाई का नाम | भौतिक लक्ष्य | | ईकाई | अनुदान की राशि | लाभुक का अंशदान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 101 | 789 | | | |
| 1 | Three buckle 5mm EPF foam filled the whole jacket, Weight capacity : 70- 120 kg, buoyancy 150N, material – polyester water resistance, size – standard 68 cm X 37 cm X 10 cm, equipped with useful whistle का एक लाईफ जैकेट, केज मत्स्य पालकों हेतु लाईफ जैकेट | 30 | 0 | 2420/– प्रति पीस | 1815/– | 650/– |
| 2 | उत्कृष्ट मत्स्य कृषकों, मत्स्य बीज उत्पादकों तथा हैचरी संचालकों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कार/सम्मान (12 paddle wheel Aerator अथवा मत्स्य बीज पैकिंग हेतु ऑक्सीजन सिलिन्डर एक्सेसरीज सहित क्रय पर ) | 02 | 01 | – | 30000/– | अनुदान के अतिरिक्त शेष राशि लाभुक का अंशदान होगा। |
| 3 | निजी क्षेत्र में महाझींगा पालन | 03 | 0 | 1,60,000/– प्रति एकड़ | महिला/अ0ज0/अ0ज0जा के लिए 128000/– तथा सामान्य/अन्य के लिए 112000/– | महिला/अ0ज0/अ0ज0जा के लिए 32000/– तथा सामान्य/अन्य के लिए 48000/– |

उपरोक्त सभी योजनाओं के लिए इच्छुक लाभुक से कार्यालय में आवेदन पत्र दिनांक 26.07.2024 तक कार्यालय अवधि में आमंत्रित किये जाते है। विशेश जानकारी के लिए कार्यालय में आकर सूचना प्राप्त कर सकतें है।

नोट :– आवेदन पत्र कार्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी,रामगढ़।

PR 329757 Fish(24-25)D



## कार्यालय नगर पंचायत, डोमचाँच (कोडरमा)

तृतीय अति अल्पकालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–01/2023–24

दिनांक–16.07.2024

| क्र0 सं0 | वार्ड सं0 | कार्य का नाम | निविदा की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01 | Const. of rcc drain with cover from shiv mandir to ramchandrapaswan house. | 2181600.00 | 44000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 2 | 09 | Const. of rcc drain with cover slab from manjulasharma school to Tarkeshwaryadav shop. | 1364710.00 | 27500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 3 | 10 | Const. of RCC drain with cover slabfrom lakhanlohar house to bindupaandukan. | 1719620.00 | 34500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 4 | 07 | Const. of RCC drain with cover slab bhagawat Mehta house to rinkusinghboundry | 1649985.00 | 33000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 5 | 08 | Const. of PCC and Paver Block road from guharitalab (giridih road) to dhab road. | 1860876.00 | 37500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 6 | 05 | Const. of PCC road from mahendrakumar Mehta house to kaalimandap. | 1425360.00 | 29000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 7 | 12 | Const. of 220 ft. sidhi at jaluwadahatalab. | 1309620.00 | 26500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 8 | 01& 03 | Const. of PCC road and paver block from rajaakmiyan house to primery school mahthadih. | 1941200.00 | 39000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| A | Date of Publication of Tender on website. | | | | 23-07-2024 | |
| B | Last Date/Time for receipt bid on online | | | | 30-07-2024 | |
| C | Date of Opening Tender | | | | 02-08-2024 | |
| D | Name & Address of office inviting tender | | | | Executive Officer Nagar PanchayatDomchanch | |
| E | Helpline No. | | | | 9430497772 | |

PR 329749 Urban Development(24-25)#D

प्रशासक
नगर पंचायत, डोमचाँच



## झारखण्ड बिजली वितरण निगम लि०,

(CIN: U40108JH2013SGC001702)

विद्युत आपूर्ति अंचल, रामगढ

रामगढ कैन्टोमेन्ट,रामगढ,पिनकोड– 829122

ई-मेल:-मेम.ramgarh@gmail.com, Phone no:- 06553-231987

**सूचना**

विद्युत आपूर्ति अंचल, रामगढ़ के अन्तर्गत सम्मानित उपभोक्तागण की सुविधा हेतु विभिन्न क्षेत्रों में राजस्व वसूली कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें उपभोक्तागण कैम्प में जाकर अपना बिजली बिल आसानी से जमा कर सकते है। कैम्प की तिथि निम्नवत है:–

| क्र0 सं0 | स्थान | प्रखण्ड | कैम्प आयोजन की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | गिददी (डांडी ब्लॉक) | डाडी | 20.07.2024 |
| 2 | पालू | पतरातु | 22.07.2024 |
| 3 | नियर दुर्गा मंडप, छत्तर माण्डु | रामगढ़ | 22.07.2024 |
| 4 | घाटो | माण्डु | 23.07.2024 |
| 5 | हफुआ | पतरातु | 23.07.2024 |
| 6 | महेश होटल लारी | दुलमी | 24.07.2024 |
| 7 | टेरपा | पतरातु | 24.07.2024 |
| 8 | नियर महावीर मंदिर कोठार | रामगढ़ | 24.07.2024 |
| 9 | कोडी बाजार टांड | पतरातु | 25.07.2024 |
| 10 | मगनपुर गोला | गोला | 25.07.2024 |
| 11 | कुल्ही चौक | गोला | 26.07.2024 |
| 12 | नियर हाई स्कूल कैथा | रामगढ | 26.07.2024 |
| 13 | बरगाँव | माण्डु | 26.07.2024 |
| 14 | एतियातु | पतरातु | 26.07.2024 |
| 15 | चरही | माण्डु | 27.07.2024 |
| 16 | दुलमी बाजार | दुलमी | 29.07.2024 |
| 17 | करमा | गोला | 29.07.2024 |
| 18 | नियर मिडिल स्कूल, बारलोंग | रामगढ़ | 29.07.2024 |
| 19 | चिकोर गाँधी चौक | पतरातु | 29.07.2024 |
| 20 | संग्रामपुर | गोला | 30.07.2024 |
| 21 | हाई स्कूल, गंडके | रामगढ़ | 30.07.2024 |
| 22 | मांडू | मांडू | 30.07.2024 |
| 23 | बरलंगा | गोला | 31.07.2024 |

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

ह0/– विद्युत अधीक्षण अभियन्ता,
विद्युत आपूर्ति अंचल, रामगढ

PR.NO.329783 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(24-25):D



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## विधायक सविता महतो ने किया करोड़ों की योजना का शिलान्यास

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के देवलटाड़ में विधायक सविता महतो ने प्लस टू उच्च विद्यालय देवलटांड़ में झारखंड परियोजना परिषद रांची से स्वीकृत 11 कमरों के भवन निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। मौके पर विधायक ने कहा कि करीब एक करोड़ पैंतीस लाख की लागत से स्वीकृत योजना से निर्माण कार्य किया जाना है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सबसे शिक्षित गांव के रुप में देवलटांड़ गांव को जाना जाता है। उन्होंने कहा कि इस तरह प्लस टू उच्च विद्यालय भवन के निर्माण होने से अगल बगल के गांव के बच्चों को खासकर के बेटीयों को उच्च शिक्षा मिलेगी और बाहर पढ़ाई करने नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इससे ईचागढ़ प्रखंड के साथ साथ रांची जिला के तमाड़ थाना के बच्चों को भी उच्च शिक्षा का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्लस टू के लिए शिक्षक भी जल्द उपलब्ध कराया जाएगा। मौके पर झामुमो के केन्द्रीय सदस्य काबलू महतो, स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भगीरथ प्रामाणिक, झरे महतो, भूवनेश्वर महतो, प्रभाकर प्रधान, मनोज कुमार प्रकाश, राजेश्वर महतो, दिपांकर चक्रवर्ती आदि शिक्षक व ग्रामीण उपस्थित थे।



## किरण बेदी ने किया सेफ्टी अलार्म से युक्त एवरैडी साइरेन टॉर्च का अनावरण

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत का नंबर वन बैटरी ब्राण्ड एवरैडी इंडस्ट्रीज़ इंडिया लिमिटेड, जो पावर, परफोर्मेन्स और भरोसे का दूसरा नाम बन चुका है, ने देश की पहली महिला आईपीएस अधिकारी डॉ किरण बेदी के साथ अपनी तरह की पहली सेफ्टी अलार्म से युक्त फ्लैशलाईट- एवरैडी साइरेन टॉर्च का अनावरण किया। इसे इस्तेमाल करने वाला व्यक्ति अगर किसी भी मुश्किल में हो तो इससे जुड़े की-चेन को खींच सकता है, ऐसा करते ही साइरेन फ्लैशलाईट 100 डेसिबल की तेज़ आवाज़ पर सेफ्टी अलार्म बजाने लगती है। खासतौर पर महिलाओं एवं आम लोगों को सशक्त बनाने के लिए डिज़ाइन की गई इस साइरेन फ्लैशलाईट का उद्देश्य रोज़मर्रा में सुरक्षा को बढ़ाना है। ब्राण्ड अपने नए कैंपेन रुआवाज़ उठाने की पावर के तहत यह प्रोडक्ट लेकर आया है, जिसका नेतृत्व बधिर एवं मौखिक रूप से विकलांग व्यक्तियों द्वारा किया जा रहा है। यह कैंपेन सभी की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए इस प्रोडक्ट की आवश्यकता पर ज़ोर देता है। कैंपेन रुआवाज़ उठाने की पावर के लिए एवरैडी ने इंडिया साइनिंग हैण्ड्स के साथ साझेदारी की है, यह संगठन भारत के बधिर समुदायों की 'सुलभता' संबंधी समस्याओं को हल करने की दिशा में कार्यरत है। महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दे पर चुप्पी तोड़ने के प्रयास में यह कैंपेन ओगिल्वी इंडिया द्वारा बनाई गई पावरफुल फिल्म के माध्यम से बधिर लोगों के गैर-मौखिक संचार की क्षमता पर रोशना डालता है।



## कुचाई में विधायक ने किया 120 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण

**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड सरकार के कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजना उन्नति का पहिया कार्यक्रम के तहत मंगलवार को आदर्श मध्य विद्यालय कुचाई में सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले आठवीं कक्षा के 120 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। इस दौरान खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि महागठबंधन सरकार में लगातार क्षेत्रवासियों को सीधे तौर पर लाभ देने का काम किया जा रहा है। साइकिल मिलने से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को अब आने-जाने में कोई परेशानी नहीं उठानी होगी। बच्चे मन लगाकर पढ़ें यही झारखंड सरकार की सोच है। इससे बच्चे उत्साहित होंगे तथा शिक्षण कार्य में सुधार होगा व ड्रॉप आउट बच्चों की संख्या में कमी आएगी एवं नियमित रूप से विद्यालय आने को प्रेरित होंगे। मौके पर बीडीओ प्रधान माझी, प्रखंड प्रमुख गुड्डी देवी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी संजय कुमार जोशी, कल्याण पदाधिकारी दीपनाथ मार्डी, बीपीओ नाथो माहतो, विधायक प्रतिनिधि अनूप सिंह देव,भरत सिंह मुंडा, कृष्णा महतो मुन्ना सोय धर्मेंद्र सांडिल दैयतारी लेंका आदि उपस्थित थे।



## साकची अग्रसेन भवन में राजस्थानी सावन उत्सव तीन अग्रस्त को

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजस्थानी संस्कृति को बचाये रखने और उसे बढ़ावा देने को लेकर मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा आगामी 03 अगस्त शनिवार को साकची स्थित श्री अग्रसेन भवन में रंगीला सावन आयो रे (सावन उत्सव) का भव्य आयोजन किया जा रहा हैं। इसकी सभी तैयारियां पिछले कई दिनों से जोर-शोर से चल रही हैं। इस संबंध में मंगलवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में शाखा अध्यक्ष कविता अग्रवाल, सचिव पूजा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पायल अग्रवाल एवं संयोजिका मुस्कान अग्रवाल व रश्मि अग्रवाल ने संयुक्त रूप से बताया कि राजस्थानी थीम पर कई प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। इस सावन उत्सव में पहले आओ-पहले पाओं की तर्ज पर प्रवेश पत्र का वितरण किया जा रहा हैं। प्रवेश पत्र के माध्यम से ही प्रवेश होगा। 03 अगस्त शनिवार की शाम को चार बजे से एक कदम मारवाड़ की ओर सावन उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित भी किया जायेगा।

## लावजोड़ा में किसान खेत पाठशाला के तहत 35 किसानों को मिला प्रशिक्षण

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत सरकार के अंतर्गत केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र राँची के द्वारा पूर्वी सिंहभूम जिला के बोड़ाम प्रखंड के अंतर्गत भूला पंचायत के लावजोड़ा शिव मंदिर के सामने स्थित भवन में मंगलवार को किसान खेत पाठशाला के तहत 35 किसानों को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें 35 किसानों को प्रति सप्ताह एक दिन करके 14 सप्ताह तक दिया जाएगा। कार्यक्रम में किसानों को बीजोपचार के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन के विभिन्न सिद्धांतो जिसमें व्यवहारिक, यांत्रिक, जैविक, रसायनिक विधियों एवं कीटनाशकों के दुष्प्रभाव तथा संतुलित इस्तेमाल के विषय में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण को सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी प्यारी संगा के द्वारा संचालित किया जा रहा है।प्रशिक्षण के प्रति किसानों ने काफी उत्साह दिखाया। प्रशिक्षण में किसान मित्र प्रफुल्ल महतो, किसानों में महादेव महतो, माधव गोराई व भरत गोराई आदि उपस्थित थे।



# लावजोड़ा के पोस्टमास्टर ने किया लाखों का गबन, आरोपी को ग्रामीणों ने बनाया बंधक

- आरोपी ने 4 लाख रुपए की अवैध निकासी की बात कबूली
- जांच में पहुंचे एसडीआई समेत कई लोगों से ग्रामीण मांग रहे पैसे



आरोपी



बंधक बने एसडीआई दिवाकर कुमार दीपक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बोड़ाम थाना क्षेत्र अंतर्गत लावजोड़ा पोस्ट ऑफिस के पोस्टमास्टर छत्तीसगढ़ निवासी तुषार कुमार के खिलाफ वहां के खाताधारकों ने फर्जी तरीके से बचत खाते से उसकी राशि की निकासी कर गबन करने के मामले में मंगलवार की शाम करीब 5 बजे पोस्ट ऑफिस पहुंचे आरोपी व अधिकारियों को अक्रोशित ग्रामीणों ने घेर लिया। रात करीब 8 बजे तक सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने घेरकर हंगामा करते हुए पोस्टमास्टर से पैसे वापस करने की मांग कर रहे हैं। सूचना पाकर बोड़ाम थाने के पुलिस अधिकारी, जिला पार्षद प्रतिनिधि माणिक महतो, पूर्व उप मुखिया निताई चंद्र गोराई, उप मुखिया प्रतिनिधि संजय गोराई आदि ने मामले की जानकारी ली। इस संबंध में निताई चंद्र गोराई ने बताया कि गांव के काफी लोग पोस्ट ऑफिस में विश्वास और भरोसा करते हुए मेहनत मजदूरी करते हुए अपनी गाढ़ी कमाई का कुछ हिस्सा काटकर नियमित बचत खाते में जमा करते थे। लेकिन छत्तीसगढ़ निवासी पोस्टमास्टर तुषार कुमार द्वारा गांव के अनपढ़ और कम पढ़े लिखे लोगों के खाते से फर्जी तरीके से हस्ताक्षर एवं अंगूठा लगाकर लाखों रुपए की निकासी कर लिया है। इसकी जानकारी मिलने पर पिछले करीब एक सप्ताह पूर्व पोस्ट ऑफिस में ताला लगाकर वह घर भाग गया था। इसकी शिकायत पोस्टल विभाग को मिलने पर मंगलवार को एसडीआई दिवाकर कुमार दीपक के नेतृत्व में विभागीय अधिकारी व कर्मचारियों की एक टीम पोस्ट ऑफिस पहुंचकर छानबीन करते हुए लोगों से पूछताछ कर रही थी। इस दौरान एसडीआई द्वारा तत्काल पोस्ट ऑफिस को सील करने एवं जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई करने की बात कहने पर लोग भड़क गए और कहने लगे कि पहले उनकी जमा की गई राशि को लौटाई जाय उसके बाद ही उन लोगों को जाने दिया जायेगा। धीरे धीरे ग्रामीणों की भीड़ बढ़ती गई और लोग हंगामा करते हुए विभागीय टीम को बंधक बनाए रखा। बताते हैं कि इस दौरान आरोपी की मां भी साथ में आई हुई है जिन्हें लोग बैठाकर रखे हैं। पुलिस के पहुंचने के बाद ग्रामीणों की बैठक चल रही है। आरोपी ने स्वीकार किया है कि उसने विभिन्न खातों से करीब 4 लाख रुपए की अवैध निकासी की है।भूला पंचायत के मुखिया मंगल सिंह, ग्रामीणों में लालटू महतो, भास्कर सिंह, कर्मू महतो, रविंद्र गोराई व दयाल सिंह भी मौजूद थे।

## प्रगति सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बिरसानगर में संस्कृति ज्ञान महा अभियान शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मंगलवार को प्रगति सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बिरसानगर विद्यालय के वंदना सभा में संस्कृति ज्ञान महा अभियान का उद्घाटन मुख्य अतिथि रामचन्द्र (जमशेदपुर महानगर के संघचालक), विशिष्ट अतिथि रघुवंशमणि सिंह (संपादक धमाका न्यूज़ ग्रुप), विद्यालय के उपाध्यक्ष वी जयशंकर, प्रबंध कार्यकारिणी समिति सदस्य अजय प्रजापति एवं प्रधानाचार्य अभिलाष गिरी ने संयुक्त रूप से वंदना स्थल पर द्वीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात सभी भैया/बहनों के संग वंदना की गई। मौके पर प्रधानाचार्य ने अतिथियों का परिचय कराया और कार्यक्रम के प्रस्तावना को भैया/बहनों के समक्ष रखा और बताया कि किस प्रकार मुगलों और अंग्रेजों के शासन काल में संस्कृति एवं इतिहास के साथ छेड़छाड़ की गई थी। जिस कारण हम अपनी संस्कृति एवं इतिहास से दूर होते गए और हम पर विदेशी संस्कृति हावी होती गई। समाज को अपनी संस्कृति से जोड़ने एवं इतिहास को जानने हेतु आज से संस्कृति ज्ञान महा अभियान की शुरुआत की गई है। कुरुक्षेत्र द्वारा संस्कृति बोध परियोजना अंतर्गत पूरे देश में इस अभियान को एक परीक्षा के माध्यम से जोड़ने की कोशिश करता है। इसमें अधिक से अधिक लोग परीक्षा के माध्यम से जुड़े और अपनी संस्कृति एवं इतिहास को पहचाने।

## कदमा बीएच एरिया इमामबाड़े में हुई मुहर्रम की नौवीं की फातिया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर के मुस्लिम बहुल इलाकों में मुहर्रम की नौवीं को सभी इमामबाड़ा में फातिया हुई। देर रात तक लोग इमामबाड़ा पहुंचते रहें और फतियाख्वानी कराते देखे गए। वहीं कई इलाकों में अखाड़ा कमिटी के द्वारा रात को जुलूस भी निकाला गया जो अपने इलाके में घूमकर वापस इमामबाड़ा में खत्म हुआ। कदमा बीएच एरिया रोड नंबर 5 स्थित इमामबाड़ा में भी अकीदतमंद लोगों ने नौवीं का फातिया कराया। बीएच एरिया अखाड़ा के अध्यक्ष मो शमीम ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी अकीदत के साथ इमामबाड़ा में खुद का बनाया हुआ ताजिया रखा गया है। कहा मुहल्ले के अलावा आस पास के अकीदतमंद इसमें शामिल होते है। इस दौरान लंगर बांटा गया। कल दसवीं का जुलूस निकाला जायेगा।

## गम्हरिया में रक्तदान शिविर आयोजित, 25 यूनिट संग्रहित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड की ओर से स्वर्णिम जयंती के अवसर पर गम्हरिया स्थित एलपीजी बॉटलिंग प्लांट में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन संयंत्र प्रबंधक प्रियांशु दीक्षित ने किया। जमशेदपुर ब्लड बैंक एवं वॉलंटरी ब्लड डोनर संगठन के सहयोग से आयोजित इस शिविर में कुल 25 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। शिविर के दौरान एचपीसीएल के कर्मचारियों में विशेष उत्साह देखा गया। इसके सफल आयोजन में कंपनी के प्लांट प्रबंधक, ऑपरेशन प्रबंधक समेत अभी अधिकारियों व कर्मचारियों का सराहनीय सहयोग रहा।

## पटमदा में उन्नति का पहिया योजना के तहत 338 बच्चों के बीच साइकिल वितरित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** झारखंड सरकार के कल्याण विभाग की ओर से उन्नति का पहिया योजना के तहत मंगलवार को पटमदा प्रखंड मुख्यालय परिसर में प्रखंड के चौरा व माचा सीआरसी अंतर्गत 11 स्कूलों के आठवीं पास 338 विद्यार्थियों के बीच साइकिल वितरण किया गया। पटमदा उत्तरी जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो, बोड़ाम के जिला पार्षद गीतांजलि महतो, विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, प्रमुख बालिका सोरेन ने संयुक्त रूप से किया। विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू ने कहा कि झारखंड सरकार ने छात्रों को स्कूल आने में किसी तरह परेशानी न हो इसके लिए उन्नत का पहिया योजना बनाकर पूरे राज्य में आठवीं पास विद्यार्थियों को साइकिल दिया जा रहा है। मौके पर पटमदा बीडीओ पियूषा शालीना डोना मिंज, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, बीस सूत्री अध्यक्ष कालीपद महतो, अश्विनी महतो, मानिक महतो, समीर महतो, बिंदु वाला महतो समेत विभिन्न स्कूलों के शिक्षकगण मौजूद थे।

## डिस्कवर जॉयः अमेजन इंडिया ने की प्राइम डे 2024 डील्स की घोषणा

*20 और 21 जुलाई को प्राइम मेंबर्स के लिए शानदार डील्स की घोषणा*

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**जमशेदपुर :** अमेजन इंडिया ने प्राइम डे के लिए शानदार डील्स, नए लॉन्च और ब्लॉकबस्टर मनोरंजन लाइनअप की घोषणा की, जो 20 और 21 जुलाई को होगा। अमेजन इंडिया अपने इस साल के सबसे प्रतीक्षित 2-दिवसीय उत्सव की मेजबानी करने के लिए तैयार है, जिसमें प्राइम मेंबर्स को प्राइम डे 2024 के दौरान खुशियाँ खोजने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। यह रोमांचक शॉपिंग इवेंट 20 जुलाई को रात 12 बजे शुरू होगा और 21 जुलाई को रात 11.59 बजे तक चलेगा। प्राइम मेंबर्स स्मार्टफोन्स, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, टीवी, एप्लायंसेस, अमेजन डिवाइस, फैशन और ब्यूटी, होम और किचन, फर्नीचर, रोजमर्रा की आवश्यकताएँ और बहुत कुछ पर छूट का आनंद ले सकते हैं।इससें संबंधित कार्यक्रम में अक्षय साही, हेड ऑफ अमेजन प्राइम, डिलीवरी और रिटर्न अनुभव, इंडिया और उभरते बाजार; अभिनव अग्रवाल, निदेशक और हेड ऑफ प्राइम, अमेजन इंडिया; मनीष मेंघानी, निदेशक कंटेंट लाइसेंसिंग, प्राइम वीडियो, इंडिया और रंजीत बाबू, निदेशक, वायरलेस और टीवी, अमेजन इंडिया सहित अमेजन प्राइम और प्राइम वीडियो के लीडर्स शामिल हुए। इस अवसर पर अमेजन लीडर्स के साथ, उद्योग जगत के दिग्गज जैसे अमन गुप्ता, सह-संस्थापक और सीएमओ, बोट; विशाल शिंदे, हेड ऑफ ई-कॉमर्स, अगारो; जय कृष्णन, सीईओ, सैमसोनाइट साउथ एशिया प्राइवेट लिमिटेड; सैमसंग इंडिया उपस्थित थे।

# रेडियो धूम और श्रीलेदर्स की ओर से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** रेडियो धूम 104.8 एफएम और श्रीलेदर्स की ओर से पर्यावरण संरक्षण के लिए चलाए गए एक पेड़ एक जीवन कार्यक्रम के तहत गम्हरिया स्थित एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर दो दर्जन से अधिक पौधे लगाए गए। इस मौके पर बताया गया कि पेड़-पौधों की छांव में इंसान से लेकर पक्षी तक अपना जीवन गुजारते हैं। ये पेड़ हमें फल, हवा, छांव, हरियाली सभी प्रदान करता है। लेकिन इसकी घटती संख्या के कारण धरती पर तापमान का बढ़ना, असमय बारिश, बाढ़, सूखाड़ आदि चिंता का विषय बन गया है। अतः हमें पर्यावरण की रक्षा व संरक्षण के लिए वृक्षारोपण अति आवश्यक है। इसी सोच के तहत



रेडियो धूम की ओर से यह कार्य कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया है। इसके अंतर्गत सरकारी विद्यालयों के प्रांगण में पौधारोपण किया जाएगा और जुलाई माह में प्रति विद्यालय में30 से 40 पौधे लगाए जाएंगे। यह कार्यक्रम आगामी अगस्त माह तक चलाया जाएगा। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक मिठाई लाल यादव समेत रेडियो धूम और श्री लेदर्स के कई अधिकारी व बच्चे उपस्थित थे।

# एनजीटी के आदेश के खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्व सांसद सह कांग्रेस पार्टी के वरीय नेता डॉ. अजय कुमार के निर्देश पर कांग्रेस पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर नदी किनारे बसे घरों को तोड़ने संबंधी कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की। वहीं उपायुक्त ने उन्हे आश्वस्त किया की न्यायोचित कार्रवाई की जाएगी। मौके पर नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर ने कहा कि एनजीटी( नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ) द्वारा की गई एकतरफा कार्रवाई उचित नहीं है। हम इसका पुरजोर विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि नदी तट पर बन रहे आलीशान अपार्टमेंट एनजीटी को नहीं दिखता है जबकि दिहाड़ी मजदूरी कर किसी तरह गरीब लोगों द्वारा बनाए गए झोपड़ीनुमा घर एनजीटी को दिख जाता है। सोनकर ने कहा कि एनजीटी के आदेश के खिलाफ हम



उचित फोरम पर मामले को उठाएंगे। किसी गरीब का घर टूटने नही देंगे। उल्लेखनीय है कि सीतारामडेरा थाना अंतर्गत भुइयांडीह व उससे सटे कल्याण नगर, इंदिरा नगर एवं छाया नगर सहित नदी किनारे बने 150 घरों को एनजीटी के आदेश पर तोड़ने के लिए जिला प्रशासन द्वारा नोटिस जारी किया गया है जिससे लोगों में भय व्याप्त है। इस अवसर पर अशोक चौधरी, रविंद्र झा उर्फ नट्टू झा, राकेश साहू सहित सैकड़ों की संख्या में बस्तीवासी उपस्थित थे।

# ईचागढ़ में डोडा के साथ एक गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़/ तिरूलडीह :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बामनडीह पुल के पास सोमवार की देर रात गुप्त सूचना के आधार पर ईचागढ़ व तिरूलडीह थाने की पुलिस द्वारा संयुक्त वाहन जांच कर एक बाइक पर ले जा रहे 50 किलो डोडा को जब्त करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार व्यक्ति पश्चिम बंगाल के पुरूलिया जिला के बाघमुंडी थाना अन्तर्गत बीरदीरी गांव निवासी श्रीराम कुमार बताया जा रहा है। गुप्त सूचना के आधार पर ईचागढ़ थाना प्रभारी विक्रम आदित्य पांडे व तिरूलडीह थाना प्रभारी आलम चांद महतो ने तिरूलडीह और बामनडीह के बीच सुवर्ण रेखा नदी पुल के पास वाहन जांच अभियान चलाया। मिली जानकारी के अनुसार तमाड़, बोड़ा, कुटाम आदि क्षेत्रों से बंगाल के डोडा कारोबारी बाइक पर रात के अंधेरे में चोरी छिपे ईचागढ़ व तिरूलडीह के रास्ते डोडा ले जाते हैं। डोडा ले



जाने की सूचना मिलते ही दोनों थाना के थाना प्रभारी हरकत में आए और डोडा माफिया को गिरफ्तार करने में कामयाब रहे। मालूम हो कि जिला के नये एसपी मुकेश लुनायत के योगदान के बाद से ही अवैध धंधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश सभी थाना प्रभारियों को दिया गया है। इसके बाद पुलिस काफी सक्रिय नजर आ रही है। ईचागढ़ व तिरूलडीह में लगातार अवैध बालू, डोडा आदि पर लगातार कारवाई की जा रही है।

# मेन ऑफ स्टील की डिफेंस में एक और युवा शामिल, निश्चल चंदन के साथ हुआ करार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर एफसी ने युवा डिफेंडर निश्चल चंदन के साथ करार पूरा कर लिया है, जिसमें प्रदर्शन के आधार पर कॉन्ट्रेक्ट को आगे बढ़ने का विकल्प भी शामिल है। चंडीगढ़ के रहने वाले 25 वर्षीय डिफेंडर निश्चल चंदन मेन ऑफ स्टील की बैकलाइन को मजबूत करते नजर आएंगे। 6 फीट 3 इंच की आकर्षक लंबाई वाले निश्चल चंदन को सेंट्रल डिफेंस में प्रतीक चौधरी के अलावा शामिल किया गया है।निश्चल चंदन ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, जमशेदपुर एफसी में शामिल होना एक सपने के सच होने जैसा है! मैं ऐसे समृद्ध इतिहास वाले क्लब का हिस्सा बनकर और आईएसएल में खेलने का अवसर पाकर बहुत खुश हूं। मुझ पर विश्वास करने के लिए मैं हेड कोच खालिद जमील और मैनेजमेंट का आभारी हूं। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने और उच्चतम स्तर पर प्रदर्शन




करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। मेरा लक्ष्य एक सफल डेब्यू सीजन बनाना है, जिससे टीम को लीग में सर्वश्रेष्ठ डिफेंस हासिल करने में मदद मिले और जमशेदपुर के प्रशंसकों को गर्व हो। निश्चल चंदन की फुटबॉल यात्रा 2015 में मिनर्वा अकादमी से शुरू हुई, जहां उन्होंने अपने स्किल को निखारा और बाद में मिनर्वा एफसी के साथ अंडर-18 आई-लीग नॉर्थ ज़ोन चैंपियनशिप में चैंपियन बने। उन्होंने 2020-21 में पंजाब एफसी के साथ आई-लीग सेकेंड डिवीजन में डेब्यू किया, इसके बाद 2021-23 तक सुदेवा एफसी के साथ काम किया, जहां उन्होंने न केवल कप्तान के रूप में अपना आई-लीग डेब्यू किया, बल्कि एक गोल भी किया। उनके प्रभावशाली प्रदर्शन के कारण 2023-24 में चर्चिल ब्रदर्स में चले गए और जमशेदपुर एफसी में शामिल होने से पहले सभी 19 गेम खेले।हेड कोच खालिद जमील ने साइन के बारे में अपना उत्साह जाहिर करते हुए कहा, निश्चल के पास आगे एक शानदार अवसर है, लेकिन उसे धैर्य रखना चाहिए और अपने मौके का इंतजार करना चाहिए। उन्हें अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करना होगा और टीम में अपनी जगह पक्की करने के लिए लगातार मजबूत प्रदर्शन करना होगा। नंबर 2 की जर्सी पहनकर निश्चल चंदन खालिद जमील के नेतृत्व में मेन ऑफ स्टील के प्री-सीजन ट्रेनिंग में शामिल हो गए हैं।

# आरएसएस - बीजेपी ने अब यूपीएससी परीक्षाओं में भी धांधली शुरू कर दी : डॉ. अजय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और जमशेदपुर के पूर्व सांसद डॉ. अजय कुमार ने मंगलवार को नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में देश के हर एक प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली करने को लेकर भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला।उन्होंने कहा कि अगर मीडिया सूचना का अधिकार कानून का इस्तेमाल कर उन उम्मीदवारों के यूपीएससी परीक्षा के सटीक अंक पता लगा ले जो भाजपा नेता के रिश्तेदार हैं, तो वे चौंक जाएंगे। सारा दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।डॉ. अजय ने नीट परीक्षा के



पेपर लीक का भी जिक्र किया और कहा कि अगर केंद्र सरकार ऐसे घोटालों में शामिल होगी तो मध्यम वर्गीय परिवारों के बच्चे कहां जाएंगे, क्योंकि वे ऐसी परीक्षाओं पर बहुत अधिक निर्भर रहते हैं। उन्होंने कहा कि पुणे के आईएएस अधिकारी को 800वीं रैंक और आईएएस कैडर मिलना यूपीएससी और केंद्र सरकार पर बड़ा सवाल है।यह स्पष्ट करता है कि केंद्र में एनडीए सरकार के तहत कितना भ्रष्टाचार व्याप्त है।

## बोड़ाम पुलिस ने कुईयानी जंगल से अज्ञात शव किया बरामद

**पटमदा :** बोड़ाम थाना क्षेत्र अंतर्गत कुईयानी के जंगल से मंगलवार को थाना प्रभारी उपेंद्र नारायण सिंह ने फांसी से झूलते हुए करीब 35 वर्षीय एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया है। जिसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। इस संबंध में थाना प्रभारी उपेंद्र नारायण सिंह ने बताया कि ग्रामीणों से जानकारी मिलने के बाद बोड़ाम पुलिस मौके पर पहुंचकर गमछी के सहारे पेड़ में झूल रहे शव को उतारकर आसपास के गांवों के लोगों से पहचान कराई गई लेकिन किसी ने भी उसकी पहचान नहीं कर पाई है। उन्होंने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम हेतु एमजीएम मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है।

संपादकीय

## सार्वजनिक एस्टेट प्राधिकरण

राज्य की संपत्तियों में इजाफा करने की जरूरत का एक तर्क दिल्ली में हिमाचल भवन और सदन के बाद द्वारका में डेढ़ सौ कमरों की क्षमता में पूरा होने जा रहा है। कुछ इसी तरह की वकालत में गुजरात व हरिद्वार में हिमाचल भवन जबकि चंडीगढ़ में भी एक शाही ठिकाना बनेगा। जरूरतें मंजिलें और मकसद चुनती हैं, कई बार मंजिल पे आ के जरूरत मिल जाती है। हिमाचल के ओहदों, प्रभावशाली लोगों और राज्य के कसीदों में ऐसे भवनों का नाम होता है, वरना प्रदेश में दो हजार के करीब डाक बंगले क्यों तैयार होते। हिमाचल भवन अपने आप में एक वीआईपी तस्वीर है, जो नेता, मीडिया, अधिकारी से प्रशासनिक अधिकारी के लिए एक चुनिंदा सुविधा है, वरना आम जनता के लिए जिला मुख्यालयों की दौड़ या राजधानी शिमला का सफर चुनौती बन जाता है। बेशक इस संदर्भ में नए भवन, नए आश्रय स्थल और नए मुकाम स्थापित होने चाहिएं। आम जनता के लिए हर जिला मुख्यालय में उसके आकार के अनुरूप संयुक्त विश्राम गृह की व्यवस्था होनी चाहिए। हर विभाग के अलग-अलग डाक बंगले बनाने से कहीं बेहतर है कि जिला स्तर पर पचास से सौ कमरों तक का संयुक्त विश्राम गृह बनाकर इनका संचालन पर्यटन निगम या पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत किया जाए। दरअसल हिमाचल में विभागीय इमारतों के निर्माण, देखरेख या उनके सही इस्तेमाल के लिए एक आचार संहिता तथा एक राज्य स्तरीय एजेंसी चाहिए। प्रायः देखा जाता है कि फंड की अत्यधिक उपलब्धता का गैर जरूरी कार्य पहले से मौजूद सरकारी इमारतों से चस्पां होता है या प्रभावशाली नेता इसकी आमद से अपने घर, गांव या बस्ती में डाक बंगला खड़ा कर देते हैं। इसमें दो राय नहीं कि कई ऐसी लोकेशन पर डाक बंगले बने हैं, जो पर्यटन की अमानत में एक सुखद एहसास हो सकते हैं, लेकिन इनकी बुकिंग प्रक्रिया इतनी भी सरल नहीं कि आम नागरिक या पर्यटक सीधे बुकिंग करा सकें। ऐसे में हिमाचल को सार्वजनिक एस्टेट प्राधिकरण का गठन करके तमाम डाक बंगले, विभागीय इमारतें, मंदिर ट्रस्टों की संपत्तियां व भविष्य की योजनाओं में ऐसे निर्माण के अधिकार की जिम्मेदारी इसके अधीन आनी चाहिए। इससे विभागीय इमारतों व उनके तहत सार्वजनिक जमीन का सही इस्तेमाल होगा तथा व्यर्थ छोड़े गए भवनों की सूरत बदलेगी। सार्वजनिक एस्टेट प्राधिकरण के तहत अंतरराज्यीय संपत्तियों की देखभाल, इस्तेमाल व बुकिंग इत्यादि का एक पारदर्शी और आम हिमाचली के लिए भी सुविधा का प्रावधान होगा। मसलन चंडीगढ़ व दिल्ली में सरकारी बसों की पार्किंग व राज्य के अपने बस स्टैंड की जरूरतें पूरी की जा सकती हैं, तो हिमाचल के अंतरराज्यीय बस रूटों के दृष्टिगत खान-पान, ठहराव व वाहन सुविधाओं से सुसज्जित परिसर निर्मित हो सकते हैं। सार्वजनिक एस्टेट प्राधिकरण की भूमिका में हिमाचल का लैंड बैंक तैयार करना तथा पर्यावरण मंत्रालय की मंजूरियों के लिए एक स्थायी विंग की स्थापना से कार्य निष्पादन में निरंतरता आएगी। अतीत में हिमाचल की बाहरी राज्यों में अनेक संपत्तियां थीं, उनके विशेष उद्देश्य रहे, लेकिन घाटे पूरे करने के लिए सबसे पहले नाहन फाउंडरी, फिर एचपीएमसी, विश्वविद्यालय और कुछ अन्य विभागों ने बोली लगा दी। ऐसे में अगर सार्वजनिक एस्टेट प्राधिकरण जैसी एजेंसी होती तो प्रदेश इनका उपयोग कई उद्देश्यों और कई विभागों के लिए कर सकता था। हिमाचल में अलग-अलग विभाग और निगम-बोर्ड संपत्तियों की फेहरिस्त में घी निकालते रहते हैं, लेकिन राज्य को इनमें अपनी दौलत नजर नहीं आती। चिकित्सा व पुलिस महकमे को छोडक़र राज्य की सारी संपत्तियों के संचालन की जिम्मेदारी प्राधिकरण को मिलनी चाहिए। यह प्राधिकरण अगर चाहे तो सरकारी कर्मचारियों की आवासीय व्यवस्था के लिए राज्य में कुछ कर्मचारी नगर विकसित कर सकता है। मसलन सोलन-शिमला के बीच, ऊना-हमीरपुर के बीच, पालमपुर-धर्मशाला के बीच या मंडी-बिलासपुर के बीच अगर कर्मचारी नगर बसें, तो यह शहरीकरण, यातायात व्यवस्था, रोजगार तथा प्रदेश के भविष्य को संबोधित करेंगे, जबकि जमीन का भी बेहतर इस्तेमाल होगा। प्राधिकरण हर शहर में भूमि बैंक बनाने की दिशा में सार्वजनिक, वन तथा निजी भूमि के मसलों का हल निकाल कर एक स्थायी रास्ता निकाल सकता है।

> आम जनता के लिए हर जिला मुख्यालय में उसके आकार के अनुरूप संयुक्त विश्राम गृह की व्यवस्था होनी चाहिए। हर विभाग के अलग-अलग डाक बंगले बनाने से कहीं बेहतर है कि जिला स्तर पर पचास से सौ कमरों तक का संयुक्त विश्राम गृह बनाकर इनका संचालन पर्यटन निगम या पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत किया जाए। दरअसल हिमाचल में विभागीय इमारतों के निर्माण, देखरेख या उनके सही इस्तेमाल के लिए एक आचार संहिता तथा एक राज्य स्तरीय एजेंसी चाहिए। प्राय: देखा जाता है कि फंड की अत्यधिक उपलब्धता का गैर जरूरी कार्य पहले से मौजूद सरकारी इमारतों से चस्पां होता है या प्रभावशाली नेता इसकी आमद से अपने घर, गांव या बस्ती में डाक बंगला खड़ा कर देते हैं।

### पर्यटन से विदेशी मुद्रा में आय सालाना आधार पर 27.18 प्रतिशत बढक़र 90600 करोड़ रुपए हो गई

## अपार संभावनाओं का पर्यटन सेक्टर

डा. जयंतीलाल भंडारी

> नए बजट के माध्यम से सरकार पर्यटन से आय बढ़ाकर अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की संभावनाओं को रणनीतिक रूप से आगे बढ़ाते हुए दिखाई दे सकती है। इन दिनों प्रकाशित हो रही भारत में पर्यटन संबंधी रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत में घरेलू और विदेशी पर्यटन तेजी से बढ़ रहा है और भारत में पर्यटन सेक्टर बढ़ने की असीम संभावनाएं हैं। ऐसे में भारत अपने बेजोड़ पर्यटन स्थलों पर सुविधाएं और सुंदरता निर्मित करके पर्यटन सेक्टर की ऊंची संभावनाओं को साकार करके पर्यटन से आय को कई गुना बढ़ा सकता है।

इन दिनों वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा तैयार किए जा रहे वर्ष 2024-25 के बजट के तहत देश के घरेलू और विदेशी पर्यटन को मजबूत करने के लिए प्रभावी बजट आबंटन की संभावना उभरकर दिखाई दे रही है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि नए बजट के माध्यम से सरकार पर्यटन से आय बढ़ाकर अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की संभावनाओं को रणनीतिक रूप से आगे बढ़ाते हुए दिखाई दे सकती है। इन दिनों प्रकाशित हो रही भारत में पर्यटन संबंधी रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत में घरेलू और विदेशी पर्यटन तेजी से बढ़ रहा है और भारत में पर्यटन सेक्टर बढ़ने की असीम संभावनाएं हैं। ऐसे में भारत अपने बेजोड़ पर्यटन स्थलों पर सुविधाएं और सुंदरता निर्मित करके पर्यटन सेक्टर की ऊंची संभावनाओं को साकार करके पर्यटन से आय को कई गुना बढ़ा सकता है। हिमाचल प्रदेश में भी घरेलू और विदेशी पर्यटन की असीम संभावनाओं को मुठ्ठी में लेकर हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती दी जा सकती है। हाल ही में पर्यटन मंत्रालय के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक जनवरी से अप्रैल 2024 के दौरान भारत आने वाले विदेशी पर्यटकों की कुल संख्या 3471833 रही जो एक साल पहले की समान अवधि में 3133751 थी। इन चार महीनों में न केवल भारत आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ी है, वरन इन चार महीनों में पर्यटन से विदेशी मुद्रा में आय सालाना आधार पर 27.18 प्रतिशत बढक़र 90600 करोड़ रुपए हो गई है। ऐसे में अब पर्यटन सेक्टर को मजबूत आधार देकर पर्यटन से विदेशी मुद्रा की कमाई बढ़ाई जा सकती है। विदेशी पर्यटकों से होने वाले आर्थिक लाभ का अनुमान इस बात से लगा सकते हैं कि एक विदेशी पर्यटक से औसतन 2 लाख रुपए की कमाई होती है। साथ ही पर्यटकों का खर्च स्थानीय अर्थव्यवस्था में पुनः निवेश का काम करता है। पर्यटकों की संख्या बढ़ने से रोजगार और पर्यटन से जुड़े विभिन्न उद्योग-कारोबार भी बढ़ते हैं। यह भी महत्वपूर्ण है कि भारत पर्यटन सेक्टर को बढ़ाने वाले विभिन्न मापदंडों के मद्देनजर लगातार प्रगति करते हुए दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि हाल ही में वल्ड इकॉनोमिक फोरम ने यात्रा और पर्यटन विकास सूचकांक (टीटीडीआई) 2024 जारी किया है। 119 देशों के इस सूचकांक में भारत 39वें स्थान पर है। इसके पहले टीटीडीआई सूचकांक 2019 में भारत काफी नीचे 54वें स्थान पर था। नए टीटीडीआई सूचकांक में भारत पर्यटन से



जुड़े कई महत्वपूर्ण संसाधन मापदंडों पर प्रमुख पर्यटन प्रधान देशों की सूची में शामिल है। प्राकृतिक मापदंड पर भारत छठे, सांस्कृतिक, कारोबार, चिकित्सा और शिक्षा के लिए यात्रा मापदंडों पर भारत 9वें क्रम पर है। कुछ और ऐसे प्रमुख पर्यटन मापदंड हैं, जिनमें भारत उभर कर दिखाई दे रहा है। इनमें कीमत प्रतिस्पर्धात्मकता के मामले में भारत 18वें, हवाई यातायात की प्रतिस्पर्धात्मकता के मामले में 26वें और जमीनी एवं बंदरगाह बुनियादी ढांचे के मामले में 25वें स्थान पर है। इस पर्यटन सूचकांक के विश्लेषण से यह भी मालूम होता है कि स्वच्छता, स्वास्थ्य, पर्यावरण सततता, इंटरनेट कनेक्टिविटी और पर्यटन के सामाजिक-आर्थिक प्रभाव जैसे मापदंडों पर भी भारत ने प्रगति की है। उल्लेखनीय है कि दुनिया में सबसे अधिक विदेशी पर्यटक प्रमुखतया फ्रांस, स्पेन, अमेरिका, चीन और इटली में जाते हैं। इन प्रमुख वैश्विक पर्यटन देशों के अलावा सिंगापुर, वियतनाम, थाईलैंड, इंडोनेशिया, हांगकांग, मलेशिया और संयुक्त अरब अमीरात (दुबई) जैसे देश भी अपनी कुछ विशिष्टताओं से विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के मामले में भारत से बहुत आगे हैं। लेकिन अभी भी दुनिया के विदेशी पर्यटकों की कुल संख्या का कोई दो फीसदी से भी कम हिस्सा ही भारत के खाते में आ रहा है। यद्यपि पर्यटन उद्योग भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में करीब 6 फीसदी का योगदान करता है, लेकिन इसमें सिर्फ 8 करोड़ लोगों को ही प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तरीके से रोजगार मिला हुआ है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि भारत अपने बेजोड़ पर्यटन स्थलों की शक्ति के दम पर दुनिया के सबसे अधिक पर्यटकों को आकर्षित करने की संभावनाएं रखता है। लेकिन भारत इस डगर पर बहुत पीछे है। भारत के कई ऐसे अनोखे पर्यटन स्थल हैं, जो देश में टूरिज्म के विभिन्न आयामों को चमकीली पहचान देते हुए दिखाई दे रहे हैं। भारत की संस्कृति, संगीत, हस्तकला, खानपान से लेकर नैसर्गिक सुंदरता हमेशा से देशी-विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करती रही हैं। भारत एक ऐसा देश है जिसके पास हिमालय का सबसे अधिक हिस्सा, विशाल समुद्री तट रेखा और रेत का रेगिस्तान, कच्छ में सफेद नमक रेगिस्तान, लद्दाख में ठंडे रेगिस्तान, देश के कोने-कोने में टाइगर रिजर्व और यूनेस्को के द्वारा चिन्हित धरोहर स्थलों समेत अभयारण्य और राष्ट्रीय उद्यान जैसी प्राकृतिक विविधताएं हैं। देश के विभिन्न भागों में तटीय पर्यटन, समुद्र तट पर्यटन और आध्यात्मिक पर्यटन स्थल अपनी चिर-परिचित पहचान बनाए हुए हैं और सभी प्रकार के पर्यटकों को आकर्षित करने की अपार संभावनाएं रखते हैं। इनके अलावा रामायण सर्किट, बुद्ध सर्किट, कृष्णा सर्किट, अयोध्या में राम मंदिर, उज्जैन में महाकाल लोक और वाराणसी में काशी विश्वनाथ धाम जैसे आस्था केंद्रस्थल देश व दुनिया के धार्मिक पर्यटकों के कदमों को असाधारण रूप से आकर्षित कर सकते हैं। निःसंदेह इस समय जहां एक ओर विदेशी पर्यटकों के कदम भारत की ओर धीमी गति से बढ़ रहे हैं, वहीं भारतीय पर्यटकों के कदम विदेशों में पर्यटन के लिए छलांगे लगाकर बढ़ रहे हैं। 4 दिसंबर 2023 को सरकार ने लोकसभा में बताया कि वर्ष 2022 में भारत यात्रा पर आए विदेशी पर्यटकों की संख्या 85.9 लाख थी। जबकि पिछले वर्ष 2022 में करीब दो करोड़ भारतीय पर्यटकों ने देश से बाहर भ्रमण किया। 23 मई 2024 को प्रकाशित रिजर्व बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय पर्यटकों ने वर्ष 2023-24 में विदेश घूमने पर 17 अरब डॉलर यानी करीब 1.41 लाख करोड़ रुपए खर्च किए हैं, जोकि इसके पूर्व वर्ष 2022-23 में विदेश घूमने पर किए गए व्यय की तुलना में अधिक हैं। इस समय दुनिया में भारतीय पर्यटक विदेशी पर्यटन के लिए क्रम 10वां है, जबकि वर्ष 2027 तक भारत के पर्यटकों का विदेशों में भ्रमण के लिए दुनिया में पांचवें क्रम पर होंगे। निश्चित रूप से जहां एक ओर भारतीयों का विदेश यात्रा करने की तरफ तेजी से बढ़ता रुझान घरेलू पर्यटन के मद्देनजर नुकसान की तरह है, वहीं देश के विदेशी मुद्रा कोष को घटाने वाला भी है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि भारतीयों के द्वारा विदेश भ्रमण में किए जा रहे भारी भरकम व्यय की तुलना में भारत आने वाले विदेशी पर्यटकों से भारत की आमदनी बहुत कम है।

दृष्टि कोण

## चमत्कारी बाबा की 'चरण रज' का सत्य

पता नहीं आम तथा सामान्य व्यक्ति ढोंगी बाबाओं, अज्ञान, अंधकार तथा अंधविश्वासों के चंगुल से कब मुक्त होगा? धर्मों, पंथों, मतों तथा आस्था के नाम पर लोगों को उनकी जान की कीमत पर भीड़ इक_ा करने का सिलसिला वर्षों से चल रहा है। यह नहीं कहा जा सकता कि सभी बाबा ढोंगी तथा फरेबी होते हैं, लेकिन यह भी सत्य है कि बहुत से लोग धर्म, मत तथा आस्था के नाम पर अपना धंधा चला रहे हैं। बहुत से लोग, गैर सरकारी संगठन मानव कल्याण के लिए बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहे हैं, परंतु सत्य यह भी है कि बहुत से मामलों में यह भी एक काला धंधा बन चुका है। अनेकों ढोंगी साधु तथा बाबा यौन शोषण, हत्याओं तथा संगीन अपराधों के मामलों में जेलों की हवा खा रहे हैं। संगठन के माध्यम से किसी विचार, मत से तथा किसी लालच से अनुयायी बनाना अब आम बात हो गई है। बहुत से मामलों में लोग इन बाबाओं से गुमराह ही होते हैं। अशिक्षा, अज्ञान तथा अन्धविश्वास ही इसका मुख्य कारण है। हजारों तथा लाखों की भीड़ इक_ा कर अपना प्रभुत्व दिखाना, धन उगाही करना, अपने संगठन का शक्ति प्रदर्शन इसका मुख्य उद्देश्य रहता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में कोई भी अपना संगठन खड़ा कर सकता है, अपना विचार फैला सकता है तथा अपने अनुयायियों की फौज खड़ी कर कहीं भी सत्संग, समारोह तथा समागम आयोजित कर सकता है। उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में सिकंद्राराऊ क्षेत्र में हाल में एक सत्संग कार्यक्रम में बाबा की चरण रज प्राप्त करने के चक्कर में 121 लोग भगदड़ में मारे गए। इस सत्संग कार्यक्रम में प्रशासन से 80 हजार लोगों के शामिल होने की अनुमति ली गई, जबकि करीब अढ़ाई लाख श्रद्धालु कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। कार्यक्रम के पश्चात भोले बाबा के नाम से मशहूर बाबा के चरणों की धूल प्राप्त करने तथा बाबा के निजी सुरक्षा कर्मियों द्वारा धक्के देने के फलस्वरूप भगदड़ मचने से 121 बेकसूर तथा नासमझ लोगों की जान चले जाना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। आश्चर्य तथा खेदजनक है कि इन मृतकों में 114 महिलाएं शामिल हैं। कुछ मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। बहुत से गंभीर रूप से घायल लोगों का आगरा, अलीगढ़ तथा हाथरस के अस्पतालों में ईलाज चल रहा है। मौत की ऐसी भयावह त्रासदी कोई पहली घटना नहीं है। धर्मस्थलों में भीड़ इक_ी होने, भगदड़ मचने, धक्का-मुक्की होने, पुल टूट जाने, गाडियों की दुर्घटना होने, आयोजन स्थल पर आगजनी होने से टैंट तथा शामियाने जलने, शार्ट सर्किट होने जैसे कारणों से अनेकों दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। दुःखद यह है कि हर बार कुछ दिनों के अफसोस, पुलिस केस, जांच समिति गठित होने तथा न्यायालय के मुकद्दमों के अतिरिक्त हम कोई सीख नहीं ले पाए हैं। हमें अपने ऊपर विश्वास ही नहीं रहा, बाबाओं के चमत्कारों तथा आडंबरों के चक्कर में न जाने कितने बेकसूर लोग असमय मौत का शिकार हो चुके हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस में कभी आरक्षक रहे सूरज पाल यादव को अचानक आध्यात्मिक ज्ञान हो गया। वर्ष 1997 में सूरज पाल ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने के बाद अपने घर को ही आश्रम का रूप देकर प्रवचन देने से अपना धंधा शुरू कर दिया। कुछ ही वर्षों में सूरज पाल भोले बाबा तथा चमत्कारी बाबा के नाम से प्रसिद्ध हो गए। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा तथा पंजाब आदि राज्यों में अनेकों भक्तों के बाबा बन गए। भोले बाबा के लिए सत्संग में लोग अपनी परेशानियां लेकर आने लगे, हाथ से छूकर भी बीमारियां दूर होने का चमत्कार होने लगा। बाबा की मार्किट बनती रही। चमत्कार को नमस्कार होने लगा। हैरानी की बात है कि न केवल आम आदमी बल्कि प्रसिद्ध व्यवसायी, उद्योगपति, राजनीतिज्ञ, फिल्मी सितारे तथा वीवीआईपी लोग भी लाभ लेने के लिए इन बाबाओं के चक्कर में रहते हैं। इनके प्रभाव तथा भेड़चाल में आम व्यक्ति इस प्रकार के हादसों का शिकार हो जाते हैं। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। यक्षप्रश्न यह है कि हम कब तक अशिक्षा, अज्ञान तथा अंधविश्वास के प्रभाव में रहेंगे? कब तक ये बाबा लोग सामान्य जन की भावनाओं से खिलवाड़ कर अपना धंधा चलाते रहेंगे? कब तक प्रशासन, व्यवस्थाएं तथा सरकारें बेफिक्र होकर सोई रहेंगी? कब तक समाज वास्तव में शिक्षित तथा जागरूक होगा? ऐसी घटना घटित होने के बाद कुछ दिनों तक आंखें खुली रहने के पश्चात हम फिर से ऐसी घटनाओं के लिए तैयार हो जाते हैं। बहरहाल, अब सूरज पाल सिंह उर्फ नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा, सत्संग कार्यक्रम के आयोजक देव प्रकाश माथुर तथा अज्ञात लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 105, 110, 126, 223 तथा 238 के तहत मामला दर्ज हो चुका है।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

### सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में संस्कृति ज्ञान महाअभियान पखवाड़ा आरंभ

## भारतीय संस्कृति आध्यात्मिकता व भौतिकता का अद्भुत समन्वय : चंद्रशेखर चौधरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में मंगलवार को संस्कृति ज्ञान महा अभियान पखवाड़ा की शुरुआत की गई। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी,प्राचार्य उमेश प्रसाद एवं राँची विभाग के संस्कृति बोध के संयोजक मिथिलेश कुमार खन्ना ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की।मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय संस्कृति का अलख जगाना तथा विश्व में भारतीय संस्कृति की विशेषताओं को बताना है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक धरोहर के रूप में वेद, पुराण, महाभारत, रामायण, रामचरितमानस के साथ हमारे पुराने रीति रिवाज भी हैं जो हमें हमारी विशिष्ट संस्कृति से अवगत कराते हैं।वही प्राचार्य उमेश प्रसाद ने कहा कि कार्यक्रम 31 जुलाई तक चलेगा। पूर्वजों के जमाने से जो रीति -रिवाज समाज में प्रचलित थे, उसे जानना होगा तभी हम भारतवर्ष को पुनः सिरमौर बना सकते हैं। पुराण आदि





धर्म ग्रंथ इस बात के प्रमाण हैं कि यदि संसार में सभ्यता संस्कृति विकसित हुई तो भारतवर्ष से ही हुई हैं। धन्यवाद ज्ञापन मिथिलेश कुमार खन्ना एवं संचालन डॉ गायत्री पाठक ने किया। मौके पर विद्यालय के आचार्य अक्षय कुमार सिंह,बचूलाल तिवारी, अमरदीप नाथ सहदेव, इंद्रजीत सिंह, दिलीप सिंह, अनिल त्रिपाठी, सेखर कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## आउटसोर्सिंग में किये जा रहे कैंप निर्माण कार्य को विस्थापितो ने बंद कराया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** उरीमारी में खुली नई आउटसोर्सिंग कंपनी में किये जा रहे कैंप निर्माण कार्य को रैयत विस्थापितों मोर्चा ने मंगलवार को बंद करा दिया। इसका नेतृत्व रैविमो के उरीमारी शाखा अध्यक्ष जुरा सोरेन व सचिव बिनोद हेम्ब्रोम व उपाध्यक्ष संजय करमाली ने किया। मौके पर अध्यक्ष जूरा सोरेन ने कहा कि जब तक सीसीएल प्रबंधन रैयत विस्थापित मोर्चा शाखा उरीमारी से बात नही करती तब तक कोई भी कार्य नही होने दिया जाएगा। वही शाखा सचिव बिनोद हेम्ब्रोम ने कहा कि आउटसोर्सिंग कंपनी का हमलोग स्वागत करते हैं लेकिन कंपनी में रोजगार यही के विस्थापितों को मिलना चाहिए। वहीं उपाध्यक्ष संजय करमाली ने कहा



कि ग्राम पोटंगा में 12 टोला है। उरीमारी परियोजना भी पोटंगा में चल रहा है। ऐसे में आउटसोर्सिंग कंपनी में सभी 12 टोला के विस्थापित को रोजगार से जोड़ा जाय अन्यथा आउटसोर्सिंग कंपनी का विरोध किया जायेगा। निर्माण कार्य बंद कराने वालो में साहेबराम बेसरा, पप्पू मांझी,विजय सोरेन, अजय करमाली, रवि सोरेन, नरेश हंसदा, सुरेश मांझी, सुनील करमाली, आनद बेसरा, बहालाल बेसरा,नरेश बेसरा,सुनील सोरेन, अनिल बेसरा, जयपाल सोरेन, विजय टुडू, राजू करमाली, कातीलाल हेम्ब्रोम, महावीर हेंब्रम, हरिलाल हेंब्रम, सुरेश सोरेन,रघु टुडू आदि उपस्थित थे।

## डीएवी बरकाकाना में अंतरर्सदनीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** डीएवी बरकाकाना में आज अंतरर्सदनीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा नवम् से ग्यारहवीं तक के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विधिवत रूप से किया गया। बच्चों को चार अलग-अलग विषय दिए गए, जिन्हें लॉटरी सिस्टम के माध्यम से चुना गया। प्रत्येक बच्चे को पक्ष और विपक्ष में बोलने के लिए दो-दो मिनट का समय प्रदान किया गया। हिन्दी प्रतियोगिता में 31 अंक के साथ द्रोण सदन को प्रथम, 27 अंक के साथ अगस्त्य सदन को द्वितीय एवं 21 अंक के साथ वशिष्ठ सदन को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य मो मुस्तफा मजीद ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं को आयोजित करने से बच्चों के सोंच में और बोलने की क्षमता दोनो का विकास होता है। और ऐसे बच्चे भविष्य में अच्चे वक्ता बनकर देश को सही दिशा और दशा प्रदान करने में सहायक होते हैं।इस आयोजन ने बच्चों के आत्मविश्वास और वाद-विवाद कौशल को प्रोत्साहित किया, जिससे उनकी सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान हुआ है।

## मानवाधिकार सहयोग संघ ने जिला महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष पद से निष्कासित किया

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मानवाधिकार सहयोग संघ कि बैठक में मानवाधिकार सहयोग संघ के रामगढ़ जिला महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष श्रीमती सुनीता देवी के ऊपर नौकरी के नाम से मानवाधिकार सहयोग संघ के लेटर हैड का गलत इस्तेमाल करने का आरोप लगाए गए जिसमें बताया गया कि महिला जिला अध्यक्ष के द्वारा लोगों को वरगलाने एवं ठगने का काम किया गया है ठगी के मामले में महिला अध्यक्ष के ऊपर थाना में मामला में दर्ज किया गया है और राष्टीय समिति के पास इसकी शिकायत की गई है इनके ऊपर मानवाधिकार सहयोग संघ का लेटर पैड के माध्यम से कई लोगों से नौकरी दिलाने के नाम पर ठगने का गंभीर आरोप है और लेटर पैड का दुरुपयोग करने का केंद्रीय समिति ने गंभीर आरोप लगाया है जिसे देखते हुए त्वरित कार्रवाई किया गया और मानवाधिकार सहयोग संघ जिला अध्यक्ष सुनीता देवी को प्रभाव से तत्काल अध्यक्ष पद से निष्कासित कर दिया गया है,इसकी जांच पड़ताल भी चल रही है इस मौके पर आरोप के आधार को गंभीरता से लेते हुए संघ के राष्टीय अधिकारी राष्टीय अध्यक्ष शिल्पी शर्मा, उपाध्यक्ष गोरव शर्मा, प्रवक्ता सुनील राज चक्रवर्ती ,रांची जिला प्रभारी डेजी सुरिन, सबिता देवी, रामगढ़ जिला अध्यक्ष रंजीत करमाली, उपाध्यक्ष आनंद कुमार के द्वारा बैठक कर निर्णय लिया कि उनके उपर लगाए गए आरोपों पर जांचों उपरांत तत्काल अध्यक्ष पद से सीधे निष्कासित किया गया है।



## घूरती रथयात्रा पर भगवान जगन्नाथ घर वापसी मौसीबाड़ी पहुंचे

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कैथा रथयात्रा का घूरती रथयात्रा भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ। घूरती रथयात्रा को लेकर प्रातः आठ बजे से ही श्रद्धालु कैथा स्थित जगन्नाथ मंदिर में जुटने लगे थे। संध्या पहर में विधि पूर्वक भगवान जगन्नाथ के रथ में भगवान जगन्नाथ बहन सुभद्रा व भाई बलभद्र तीनों विग्रहों को रथारुढ कर भक्तों द्वारा रथ को खींचकर वापस मौसीबाड़ी से मुख्य मंदिर लाया गया। आयोजन समिति सचिव राजेश महतो ने कहा कि घूरती रथयात्रा के साथ ही भगवान जगन्नाथ का नाव दिनों का पूजन विधान संपन्न हुआ।कैथा रथयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने रथयात्रा और मेला में शामिल हो भगवान के दर्शन और पूजन किया। वार्ड पार्षद देवधारी महतो ने कहा कि रथयात्रा के दौरान भक्त उत्साह और श्रद्धा और भक्ति के साथ श्रद्धा भाव से ओतप्रोत थें। भगवान जगन्नाथ का पूजन फलदायी होता है। वहीं जगन्नाथ मंदिर के मुख्य पूजारी भागवत नारायण चटर्जी ने कहा कि रथयात्रा और घूरती रथयात्रा के दौरान भक्तों ने पूरी श्रद्धा और समर्पण भाव से भगवान का पूजन किया।विधि पूर्वक तीनों विग्रहों को रथारुढ कर जयकारे के साथ रथ को मुख्य मंदिर तक लाया गया जहां संध्या पहर में भगवान जगन्नाथ को मुख्य मंदिर के गद्दी पर विराजमान किया गया । घूरतीरथ यात्रा में श्रद्धालुओं के आयोजित खिचड़ी महाभोग में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने महाभोग प्राप्ति का प्राप्ति का पुण्य प्राप्त किया। रथयात्रा को संपन्न करने में आशुतोष चटर्जी,गणेश महतो,रतनलाल महतो,देवलाल महतो,सरोज करमाली,राजकुमार महतो,संदीप महतो,केशर लाल महतो,संजय करमाली,पंकज कुमार,अजय आस्था,विनय कुमार,परितोष चटर्जी, चन्दन मनीष,विक्की,पहलाद आदि ग्रामीणों ने समर्पित भाव से सहभागिता सुनिश्चित किया।

## मारवाड़ी युवा मंच रामगढ कैंट शाखा ने किया पौधारोपण

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी युवा मंच रामगढ कैंट शाखा द्वारा पूरे झारखंड स्तर पर चल रहे 9 दिवसीय कार्यक्रम के तहत मंगलवार को दूसरे दिन प्रवीण गोयल के सम्मान में, विश्व संरक्षण के रूप में पौधारोपण का आयोजन रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के कोठार स्थित जमीन में करीब 125 विभिन्न प्रकार के वृक्षो का पौधारोपण किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के प्रधानाध्यापक श्री वरुण चौधरी, एवं स्कूल के छात्र एवं वर्कर सहित मंच के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, सचिव धीरज बंसल, कोषाध्यक्ष श्रींजय मेवाड़, मीडिया प्रभारी राहुल अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक हनी अग्रवाल सहित पूर्व अध्यक्ष नीलींद अग्रवाल, संतोष गोकुलका एवं मंच के अन्य सदस्यो ने काफी उत्साहपूर्वक पौधा लगाया।



# जिला के पर्यटन स्थलों को विकसित करने पर विचारङ्क्षविमर्श किया गया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पर्यटन संवर्धन समिति (डीटीपीसी) की बैठक आयोजित की गई।उक्त बैठक में लातेहार जिले के अंतर्गत प्रमुख पर्यटक स्थलों को विकसित करने के संबंध में तथा चिन्हित किए गये पर्यटक स्थलों में अब तक किये गए कार्यों को लेकर विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया।इस दौरान लातेहार प्रखंड मुख्यालय स्थित ततहापानी गर्म जलकुंड को श्रेणी डी में अधिसूचित करने, लातेहार जिला अन्तर्गत पर्यटक स्थलों के देख-रेख एवं पर्यटकों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के निमित ग्रामीण क्षेत्र में पर्यटन प्रबंधन क्लब का गठन किये जाने, नेतरहाट में Astro पार्क एवं Digital Planetratium / Space & Astronom4 Education Center की स्थापन हेतु अनुशंसा पत्र उपलब्ध करने , 3 दिवसीय पर्यटन महोत्सव नेतरहाट का आयोजन करने, जिला अन्तर्गत पर्यटक स्थलों के विकास कार्य एवं नये पर्यटक स्थलों को श्रेणीवार अधिसूचित करने के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए नोडल पदाधिकारी पर्यटन कोषांग को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान उपायुक्त ने समिति के सदस्यों से फील्ड भ्रमण करने की बात कही, पर्यटन एवं खेल के लिए किस तरह की विकास किए जाएं एवं संवेदक द्वारा गुणवत्तापूर्ण कार्य हो रहा है या नहीं इसकी समीक्षा करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त द्वारा पर्यटन मद से कार्यान्वित योजनाओं के बारे में जानकारियां प्राप्त कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया।बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह,परियोजना निदेशक आईटीडीए प्रवीण कुमार गगराई, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, सांसद प्रतिनिधि, चतरा विनीत मधुकर, मनिका विधायक प्रतिनिधि हरि शंकर प्रसाद, जिला खेल पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी पर्यटन कोषांग संजीत कुमार, नोडल पदाधिकारी डीएमएफटी संतोष भगत, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य प्रमंडल, एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## छात्रावास में हो रही समस्याओं को लेकर अभाविप ने आईटीडीए पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा परियोजना निदेशक सह( आईटीडीए ) को ज्ञापन के माध्यम से लातेहार जिले में कल्याण विभाग से संचालित छात्रावास की विभिन्न समस्याओं को लेकर ध्यान आकृष्ट कराया।लातेहार के अनुसूचित जनजाति बालिका छात्रावास में बड़ा स्ट्रीट लाइट, पीने का शुद्ध पानी , किचन सेड, लाइब्रेरी , गैस सिलेंडर, नाइट गार्ड वहीं अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास में भवन में बरसात के दिन में हो रहे पानी सीपेज को लेकर और बरवाडीह प्रखंड के अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास में शौचालय निर्माण को लेकर और शुद्ध पानी पीने की व्यवस्था को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर उपस्थित अभावीप के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रमेश उरांव,जिला सोशल मीडिया प्रभारी सह जिला एस एफ डी प्रमुख अतुल कुमार सिंह उपस्थित रहे।

## उपायुक्त रमेश घोलप ने जनता दरबार के माध्यम से मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी

**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी।जनता दरबार में मुख्य रूप से अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन, भूमि विवाद, दिव्यांग, शिक्षा, सड़क, विद्युत, वनपट्टा समेत अन्य मामला शामिल है। उपायुक्त ने एक एक कर मिलने आए सभी आमजनों के समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया। साथ ही उक्त मौके पर संबंधित पदाधिकारी को शीघ्र मामले का निष्पादन करने का निर्देश दिया।आज के जनता दरबार में चतरा जिले के टण्डवा प्रखण्ड के एक दिव्यांग व्यक्ति ने उपायुक्त से मिलकर बताया कि कुछ भू माफियाओं के द्वारा फर्जी कागज बनाकर मेरी जमीन को हड़पना चाहते हैं मुझे इस भूमि पर न्यायालय से भी डिग्री हासिल हैं। उसके बावजुद भी मुझ गरीब दिव्यांग समझ कर माफिया लोग जमीन को लुट लेना चाहते हैं और मुझे जान से मारने की धमकी भी देते है। इस पर उपायुक्त ने अंचल अधिकारी टण्डवा को मामले की जांच करते हुए उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसी प्रकार हंटरगंज प्रखण्ड के रामकृत भुइयां ने अबुआ आवास योजना का लाभ लेने हेतु आवेदन के माध्यम से बताया कि मै अत्यंग गरीब हूं और मेरे पास टुटा फुटा कच्चा मकान है। अबुआ आवास में की सूचि में मेरी पत्नी का नाम वरीयता क्रम संख्या-25 में है। महाशय मुझ गरीब जैसे लोगो को अबुआ आवास का लाभ देने की कृपा की जाय। इस संदर्भ में उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी हंटरगंज को नियम संगत जांचो उपरांत लाभान्वित करने का निर्देश दिया।




# बालूमाथ पुलिस ने मोहर्रम पर्व को देखते हुए किया मॉक ड्रिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम के नेतृत्व में मंगलवार को मोहर्रम पर शांतिपूर्वक मनाने को लेकर लातेहार पुलिस द्वारा मॉक ड्रिल किया गया। मुरपा मोड में मॉक ड्रिल के माध्यम से यह दिखाया गया कि कुछ लोग जबरन सड़क जामकर बालूमाथ को अशांति फैलाने का कार्य कर रहे हैं। लातेहार पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर पहले समझने का प्रयास करती है नहीं मानने पर पानी का फुहारा छोड़ा जाता है और लोगों से अपील किया जाता है कि वह बेवजह सड़क जाम ना करें।फिर भी लोग नही मान रहे हैं। तब पुलिस आंसू गैस के गोले छोड़ता हैं ।उसके बाद पुलिस लाठी चार्ज करती है उसके बावजूद स्थिति और हिंसक हो जाता है तब पुलिस गोली चलाती है ।जिसमें दो लोगों को गोली लगती है ।मॉक ड्रिल समाप्त के बाद एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम ने कहा कि मोहर्रम पर्व प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी आप लोग शांति से मनाए।लातेहार पुलिस सोशल मीडिया, समेत हर पहलू पर नजर रख रही है यह मॉक ड्रिल के माध्यम से आप लोगों को यह संदेश पहुंचाना चाहती है कि किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए लातेहार पुलिस तैयार है । इस मौके पर बालूमाथ पुलिस इंस्पेक्टर दीपक विरूवा ,बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय , सब इंस्पेक्टर गौतम कुमार ,संजय कुमार,लातेहार से आए मॉक ड्रिल के प्रभारी मोहम्मद मुजफ्फर समेत जिला पुलिस बल के कई जवान शामिल थे।

# एसडीपीओ कार्यालय में इंस्पेक्टर व थाना प्रभारी का विदाई समारोह का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू :** हुसैनाबाद अनुमंडल पुलिस कार्यालय परिसर में विदाई समारोह का अयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हुसैनाबाद एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने किया। हुसैनाबाद थाना से स्थांतरित पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी आर.एस. पटेल, अंचल पुलिस निरीक्षक आशुतोष प्रताप नारायण को भावुक पल में विदाई दी गई। हुसैनाबाद थाना से एक साथ दो पुलिस अधिकारीयों का तबादला होने से कुछ पल के लिए माहौल भावुक बना रहा, इन सब के बीच एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो और अन्य पुलिस पदाधिकारियों ने स्थानांतरित पुलिस पदाधिकारियों को बुके और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने कहा की पुलिस का कार्य चुनौती पूर्ण कार्य है। नौकरी में तबादला सरकारी प्रक्रिया है लेकिन स्थानांतरित पुलिस पदाधिकरी के कार्यो को भुलाया नहीं जा सकता, दोनों अधिकारियों ने काफी कम समय में बेहतर कार्यो को अंजाम देने का काम किया, जिससे पुलिस की छवि लोगों के बीच बढ़ी है, इन सब के बीच पुलिस प्रशासन के बीच कई तरह के आरोप लगते है, लेकिन अपने व्यवहार और कर्तव्यों को बनाएं रखने की जरूरत है। एसडीपीओ ने दोनों अधिकारियो को कार्य के बचे दिनों में और बेहतर कार्य करने की बात कही। मौके पर हुसैनाबाद एलआरडीसी गोरांग महतो, हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव, हैदरनगर थाना प्रभारी अफजल अंसारी, देवरी ओपी प्रभारी बब्लू कुमार, दंगवार ओपी प्रभारी सोनू कुमार गुप्ता, एसडीपीओ रीडर चंद्रशेखर कुमार, रंजन टूटी समेत पुलिस के अधिकारी मौजूद थे।

# कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय मे 75 छात्रा का हुआ नामांकन के लिए चयन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय मे नए सत्र के नमांकन को लेकर प्रबंधन समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख शुशीला देवी ने की। वही बैठक मे वार्डेन रूबी कुमारी ने बताया कि सत्र 2024-25 मे वर्ग छह मे नामांकन को लेकर कुल 397 आवेदन आए थे। जिसमे 6 आवेदन मे आवश्यक दस्तावेज नही रहने के करण उसे रद्द कर दिया गया। बचे 391 मे कुल 75 छात्राओं का चयन किया गया। उन्होंने नामांकन प्रकिया से समिति को अवगत कराया। वाड़ेन ने कहा कि प्राथमिकता ऐसे छात्रा को देना है जो अनाथ है, उसके बाद एकल अभिभावक की बच्ची हो, इसके बाद ड्राप आउट एव बीपीएल छात्रा का नामांकन करना है। जिसमे एससी के 12 , एटी मे 50, ओबीसी 10, और अल्प संख्यक के तीन छात्रा को चयन किया गया है। बैठक मे प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नागेंद्र प्रसाद सिंह, विद्यालय के एकाउंटेंट मुकेश भारती पूर्वी जिप सदस्य कन्हाई सिंह, बीस सूत्री सदस्य नसीम अंसारी, पूर्व सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद,विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह उर्फ पिंटू, बीस सूत्री सदस्य शशिभूषण तिवारी समेत

# बाबा भोलेनाथ के आशीर्वाद से उनके भक्तों की सेवा करने का मिलता है अवसरः रामनाथ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के अम्बाटीकर स्थित श्री राम वाटिका में मंगलवार को आलोक मोहन स्मृति सेवा आश्रम लातेहार के द्वारा प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पत्रकारों को जानकारी देते हुए आश्रम के संस्थापक रामनाथ अग्रवाल ने कहा कि प्रत्येक वर्ष कि तरह इस वर्ष भी आलोक मोहन स्मृति सेवा आश्रम द्वारा बाबा नगरी बैधनाथ धाम खिजुरिया में निःशुल्क सेवा शिविर का आयोजन करने जा रही है। यह सेवा शिविर पिछले 11 वर्षो से अनवरत जारी है। श्री अग्रवाल ने बताया कि श्रावणी मेला में कांवरियों की सेवा के लिए लगाए जाने वाले शिविर में निरंतर लंगर, दवा, मालिश आदि की व्यवस्था के अलावा शिविर में भक्ति जागरण कांवरियों की सोने आदि की व्यवस्था कराई जाती है। उन्होंने इसे प्रभु की देन बताया है। जिलेवासियों से भी अपील किया की उक्त शिविर में पहुंचकर कांवरियों की सेवा कर पुण्य के भागी बने। उन्होंने बताया की शिविर लगाने को लेकर आलोक मोहन स्मृति सेवा आश्रम के कार्यकर्ताओं 18 जुलाई को देवघर स्थित खिजुरिया के लिए रवाना होंगे। मौके पर मौजूद जिप अध्यक्ष पूनम देवी और पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामणी तिर्की ने भी पत्रकारों से बात की। कहा की सेवा आश्रम द्वारा किए जा रहे काफी सराहनीय और अतुलनीय है।

## बरियातू पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** थाना क्षेत्र मे मुहर्रम पर्व को लेकर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी राजा दिलावार के नेतृत्व मे बारियातू के विभिन्न स्थानों मे फ्लैग मार्च निकाला गया । 17 जुलाई को मुहर्रम पर्व है जिसे शांतिपूर्ण वातावरण के साथ मनाने के लिए लोगों को अपील किया. साथ ही लोगों से मुहर्रम पर्व के जुलुस मे किसी तरह का शांति भंग न हो जिसको लेकर पुलिस सशक्त है. पुरे क्षेत्र मे शांति माहौल बनाए रखने के लिए पुलिस प्रखंड मुख्यालय, बारियातु बस्ती, इटके, फूलसु, बरछीया बठेठ सहित अन्य स्थानों मे पेट्रोलिंग के साथ फ्लैग मार्च भी निकाला. बताते चले की 17 जुलाई को मुहर्रम पर्व है .. बारियातू प्रखण्ड मे हर धर्म का त्यौहार शांति पूर्ण तरीके से मनाया जाता जाता हैं व पुरे क्षेत्र मे भाईचारगी का मिशाल पेश किया जाता है यहाँ किसी तरह कभी भी वाद बिवाद नहीं हुआ है. मिशाल को बनाए रखने के लिए पुलिस हर संभव प्रयास कर रही है. सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस पैनी नजर रखे हुई है. फ्लैग मार्च मे थाना परिवार के रितेश तिग्गा, राजकिशोर प्रसाद, द्वारिका नाथ पांडे, निर्मल मंडल, जीतेन्द्र कुमार, बालेश्वर गंझु, मिथलेश सिंह, , संतोष पाठक, सहित थाना के कई सशस्त्र जवान मौजूद थे.



## अधिवक्ता संघ ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अनुमण्डलीय अधिवक्ता संघ, हुसैनाबाद ने मुख्यमंत्री को एक पत्र लिखकर हुसैनाबाद अनुमण्डल में व्यवहार न्यायालय की स्थापना के लिए निवेदन किया है। इस पत्र में कहा गया है कि हुसैनाबाद अनुमण्डल की स्थापना वर्ष 1991 में की गई थी,किन्तु 33 वर्ष बीत जाने के बाद भी यहाँ व्यवहार न्यायालय की स्थापना नहीं होने के कारण स्थानीय जनता सस्ता एवं सुलभ न्याय पाने से वंचित हो रही है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि हुसैनाबाद अनुमण्डल में व्यवहार न्यायालय की स्थापना नहीं होने के कारण जनता को छोटे-छोटे मामलों के लिए 80 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। इस कारण समय और धन दोनों की हानि होती है। मेदिनीनगर में वादों की अधिक संख्या के कारण मामलों के निष्पादन में भी काफी समय लगता है। हुसैनाबाद अनुमण्डल की स्थापना का मुख्य उद्देश्य इस क्षेत्र की जनता को सरल, सुलभ और सस्ता न्याय उपलब्ध कराना था, जो अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। अधिवक्ता संघ ने यह भी कहा है कि एकीकृत बिहार के समय वर्ष 1991 में हुसैनाबाद अनुमण्डल की स्थापना के बाद रोहतास, औरंगाबाद और गया जिलों में अनुमण्डल स्थापित किए गए और उनमें व्यवहार न्यायालय कार्यरत हैं। नगरउटांरी अनुमण्डल, जिसकी स्थापना हुसैनाबाद के बाद हुई, में भी सिविल कोर्ट का सफलतापूर्वक संचालन हो रहा है।

# सिंघानी के ओबरा टांड़ में करीब 10 एकड़ सार्वजनिक भूमि पर कई दबंगों के द्वारा अवैध कब्जा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिंघानी क्षेत्र के ओबरा टांड़ में करीब 10 एकड़ सार्वजनिक भूमि पर ग्राम पत्थलगड़ा एवं ग्राम सिंघानी के कुछ दबंगों के द्वारा उक्त सार्वजनिक जमीन पर अवैध रूप से बायजबरन कब्जा किए जाने पर सिंघानी के ग्रामीणों ने अंचल कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव को आवेदन देकर उक्त जमीन को दबंगो से अतिक्रमण मुक्त कराने की गुहार लगाई है। मौके पर ग्राम सिंघानी के सेवानिवृत कर्मचारी हरिलाल दांगी ने बताया कि ओबरा टांड़ ग्राम सिंघानी का क्षेत्र पड़ता है। जिसका खाता संख्या 171 एवं प्लॉट नंबर 1687 रकबा 10 एकड़ है। उक्त भूमि सार्वजनिक इजमाल का है। ग्रामीणों के द्वारा कई बार दबंगकारियो को मना करने पर मारपीट पर उतावला हो जाते हैं। अगर समय रहते इस भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया जाता है तो वर्तमान समय में पेड़ पौधे एवं सरकारी योजना जैसे तालाब डोभा आदि वगैरह निर्माण किया जा सकता है। उक्त भूमि पर सिंघानी के ग्रामीणों के द्वारा जानवरों को चराया करतें थें जिससे काफी सहयोग मिलता था लेकिन दबंगों के द्वारा अवैध कब्जा हो जाने से किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उस जमीन पर घर एवं फसल लगाकर दबंगो के द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर रहे हैं और किया जा चुका है। अगर उक्त भूमि को अतिक्रमण मुक्त नहीं किया जाता है तो आने वाले समय में लड़ाई- झगड़ा, मार - काट होने की पूरी संभावना बनी रहेगी। ग्रामीणों के द्वारा आवेदन की प्रतिलिपि चतरा उपायुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया एवं भूमि सुधार उपसमाहर्ता चतरा को आवेदन जल्दी ही दी जाने की बात कही गई है।

# टुंडी के विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने की अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** झारखंड विधानसभा की अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति के सदस्य सह टुंडी विधानसभा क्षेत्र के माननीय विधायक मथुरा प्रसाद महतो की अध्यक्षता में झारखंड विधानसभा की अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति की बैठक परिसदन चतरा के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चतरा, लघु सिंचाई, कृषि, स्कूली शिक्षा, नगर विकास, कल्याण, सहकारिता, ग्रामीण कार्य विभाग स्वास्थ्य, विद्युत, भू अर्जन, जिला पर्यटन एवं खेल कूद विभाग समेत अन्य विभागों से प्राप्त अनागत प्रश्नों की विभागों से संबंधित पदाधिकारी के साथ समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिया गया एवं प्रगति और निष्पादन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।साथ ही समिति द्वारा संबंधित पदाधिकारियों के साथ अनागत प्रश्नों एवं अन्य विकासात्मक कार्यो के संबंध में विचार विमर्श कर कार्यो को पूर्ण करने से संबंधित आवश्यक निर्देश दिया गया। पदाधिकारियों को अनागत प्रश्नों के अद्यतन स्थिति से समिति को ससमय अवगत कराने का भी निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कुछ बिंदुओं के कार्य स्थल का भी निरीक्षण करूंगा।बैठक में उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल,अपर समाहर्ता अरविंद 6कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, भू अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह समेत जिला स्तर के सभी संबंधित विभागीय पदाधिकारी, संबंधित कार्यपालक अभियंता आदि उपस्थित थे।

# पिंडारकोण विद्यालय में किया गया व्यायाम उपकरण का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत पिंडारकोण गांव में संचालित उत्क्रमित उच्च विद्यालय में मंगलवार को ओपन जिम (व्यायाम उपकरण )का उद्घाटन किया गया। यह कार्यक्रम मंझगावां पंचायत मुखिया सरिता देवी एवं समाजसेवी बसंत नारायण सिंह के अलावे कई गणमान्य व्यक्ति एवं अभिभावकों उपस्थित हुए।यह ओपन जिम( व्यायाम उपकरण) झारखंड सरकार झारखंड खेल प्राधिकरण ,पर्यटनकला, संस्कृति,खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के सौजन्य से लगाया गया है।उद्घाटन कार्यक्रम का शुरुआत बालिकाओं द्वारा सुंदर स्वागत गीत से किया गया।तत्पश्चात वशिष्ट अतिथियों द्वारा ओपन जिम का उद्घाटन फीता काटकर किया गया।विद्यालय में उपस्थित लोगों को प्रधानाध्यापक संजय कुमार सिन्हा ने स्वागत अपने सुंदर भाषण से किया।एवं खुशी जाहिर किया।और प्रखंड के ऐसे पिछड़े गांव के सुदुरवर्ती विद्यालय में जिम होना एक गौरवपूर्ण की बात है।जिसके लिए प्रशासन एवं खेल विभाग को तहे दिल से धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाध्यापक ने किया।समाजसेवी बसंत नारायण सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा की काफी खुशी की बात है। इन्होंने कहा कि इस तरह का विकास होना क्षेत्र के लिए बहुत बड़ा गर्व की बात है व काफी सराहनीय है। आगे संबोधित करते हुए मुखिया प्रतिनिधि कहे हैं। कि विद्यालय की कमी को पूरा करने का अपने स्तर से अधिक प्रयास करूंगा ताकि जो भी विद्यालय में कमी हो उससे भी पूरा किया जा सके। जैसे विद्यालय में अधूरा चारदीवारी विद्यालय बच्चों को खेलने के लिए मैदान बेंच डेस्क की कमी को मुख्य प्रतिनिधि ने उच्च पदाधिकारी तक बात रखने एवं कमी को पूरा करने का आश्वासन दिए है। आगे मुखिया एवं समाजसेवी बसंत नारायण सिंह द्वारा अपने वक्तव्य में कहें है कि इस विद्यालय से मेरा बहुत पुराना लगाव है।इस विद्यालय के बच्चे पढ़ाई में ही नहीं बल्कि खेल कूद में भी अपना नाम हमेशा रोशन कर रहे हैं।यही कारण है कि मैं कई बार इस विद्यालय में हो रहे कार्यक्रम में आया हूं।विद्यालय में चारदिवारी का ना होना एक सोचनीय विषय है।भविष्य में इस कीमती सामग्री को असामाजिक व्यक्तियों द्वारा चोरी किया जा सकता है । यह भी एक चिंतनीय एवं गंभीर समस्या है। इसे अपने स्तर से उच्च पदाधिकारी तक निश्चित रूप में बतलाऊंगा एवं पूरा करने का कोशिश करूंगा।इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं कई गांव के अभिभावक गण मौजूद थे।इस कार्यक्रम का मंच संचालन शारीरिक शिक्षक दीपक कुमार ने किया।तथा धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार सिन्हा ने किया। एवं विद्यालय के शिक्षक मोहम्मद फहद विनय कुमार भरत राम रणधीर कुमार महेंद्र कुमार चंद्रदेव कुमार गुप्ता कालेश्वर कुमार महबूब आलम जितेंद्र कुमार गुप्ता थे।

# बीडीओ ने कर्मियों के साथ किया बैठक, दिए निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने प्रखंड कर्मियों पंचायत सचिव,रोजगार सेवक व आवास कोर्डिनेटर के साथ मंगलवार को समीक्षा बैठक किया।बैठक में उपस्थित कर्मियों को अबुआ आवास निर्माण कार्य की जानकारी लिया।साथ ही अबुआ आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।जबकि मनरेगा कर्मियों को मनरेगा से संचालित योजनाओं की जानकारी लेते हुए योजनाओं का स्थल का भौतिक स्थिति जानकारी मांगी है।बैठक में पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय, रोजगार सेवक सतेंद्र कुमार वर्मा, प्रदीप कुमार, आवास कोर्डिनेटर फरहत नाजनी उपस्थित थे।

# महुदी मे रामनवमी जुलूस मार्ग से जुलूस पार करने की मांग को लेकर धरना, दो हिरासत मे

## महुदी विवादित मार्ग को लेकर 21 जुलाई को होगी शांति समिति की बैठक : एसडीओ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** महूदी रामनवमी जुलूस मार्ग में रामनवमी जुलूस पार करने की मांग करने को लेकर धरना देने वालों में से दो लोगों को पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने के बाद सोनपुरा में ग्रामीणों के बीच आक्रोश बढ़ गया। तनावपूर्ण स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बड़कागांव पुलिस अपने दल बल के साथ सोनपुरा एवं महुदी में पुलीस तैनात है। इस संबंध में हजारीबाग के एसपी अरविंद कुमार सिंह ने पत्रकारों को बताया कि मोहर्रम का जुलूस निकल रहा था इसी दरमियान सोनपुरा के ग्रामीणों द्वारा पत्थर चलना शुरू हो गई। इसी दौरान भोला महतो को चोट कैसे लगी यह नहीं मालूम है। उन्होंने बड़कागांव के लोगों को अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र में शांति का वातावरण बनाएं। समस्या का समाधान के लिए गांव मोहल्ले के लोग ही वार्ता करें। बाहरी लोग का सहयोग ना ले। क्योंकि बाहरी लोग आकर भड़काऊ



भाषण देते हैं? जिसके वजह से पूरे क्षेत्र प्रभावित हो जाता है। बाहरी लोग ही सोशल मीडिया में उन्माद फैलाने के लिए तरह-तरह का मैसेज करते हैं, जिससे इस एरिया के बच्चे भी बहकावे में आ जाते हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी समस्या का हल बातचीत से होती है ,ना कि ईट पत्थर फेंकने से होती है। 40 साल का मामला चार दिन में हल नहीं हो सकता है, इसके लिए समय चाहिए। थाना स्तर से लेकर जिला एवं राज्य स्तर तक प्रक्रिया अपनानी पड़ेगी। मिली जानकारी के अनुसार धरना स्थल से हिरासत में लिए गए अमन कुमार और अजय कुमार को पुलिस ने जेल भेज दीया है। वही इस संबंध में एसडीओ शैलेश कुमार ने कहा कि आगामी 21 जुलाई को 11:00 बजे थाना परिसर में दोनों समुदाय के बीच वार्ता करने के लिए बैठक रखा गया है। इस बैठक में दोनों समुदाय के लोग उपस्थित होकर इस विवादित मार्ग को सुलझाने का काम करेंगे।

# उपायुक्त के जनता दरबार में दो दर्जन से अधिक फरियादियों ने लगाई गुहार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



हजारीबाग : उपायुक्त नैंसी सहाय ने सप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन मंगलवार को कार्यालय वेश्म में किया। मौके पर उपायुक्त ने लगभग दो दर्जन मामलों पर सुनवाई की तथा ऑन द स्पॉट निष्पादन के लिए संबंधित विभाग व पदाधिकारी को आवेदन अग्रसारित किया। इस मौके पर, दिव्यांग, भूमि अतिक्रमण, रोजगार,मुआवजा,विधुत,दाखिल खारिज आदि मामलों की शिकायतें सुनी गई। मौके पर उपायुक्त ने कहा की जिलेवासीओ का हित सर्वोपरी है। इस दिशा में जिला प्रशासन हर संभव कार्रवाई हेतु तत्पर है। खपरियावां निवासी राखी देवी ने अपनी पति की मृत्यु हाथी के कुचलने के कारण अपने परिवार के भरण पोषण हेतु रोजगार की गुहार लगाई। ग्राम चरनखिया थाना दारू के मोहम्मद आलम ने जबरन गृह निर्माण करने एवं जमीन पर कब्जा करने को लेकर उपायुक्त के समक्ष अपील की जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। ग्राम रोमी थाना पद्मा हजारीबाग के दिनेश्वर राम ने ऑनलाइन आवेदन शुल्क को जमा कर देने के बावजूद भी नापी हेतु कोई कार्रवाई नहीं किए जाने के संबंध में आवेदन दिया जिस पर उपायुक्त ने को पदमा सीओ को मामले की जांचोपरांत करवाई करने निर्देश दिया। इसके आलावे डोमान भुइयाँ कर्मा ने ठेकेदार द्वारा मजदूरी नहीं मिलने, अशोक नारायण ग्राम परासी ने गलत तरीके से रसीद निर्गत को करते हुए LPC पर रोक लगाने के सम्बंध में, सुरेश मलहार ग्राम सायल केरेडारी ने बन्दोबस्ती के सम्बंध में, ममता देवी चौपारण ने जान माल की सुरक्षा को लेकर , बबिता कुमारी न्यू कॉलोनी जबरा ने रास्ते मे चारदीवारी धरने के सम्बंध में, तथा डॉली देवी दारू ने दाखिल खारिज करने को लेकर उपायुक्त को आवेदन दिया।

## बरही में मोहर्रम को लेकर निकाला फ्लैग मार्च



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रशासन मंगलवार शाम को मोहर्रम पर्व शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च में एसडीओ जोहान टुडू, डीएसपी सुरजीत कुमार, सीओ रामनारायण खलखो, थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार समेत थाना के सशक्त बल मौजूद थे। फ्लैग मार्च थाना परिसर से पैदल निकला, जो बरही चौक होते हुए चारों रोड का भ्रमण किया। मौके पर डीएसपी सुरजीत कुमार ने कहा कि मोहर्रम पर्व शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में बने इसके लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है।

## मॉडल आँगनबाड़ी नर्सरी स्कूल केंद्र रमुआ में स्कूल ड्रेस,जुता तथा बैग का हुआ वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड के बेड़ाहरियारा पंचायत अन्तर्गत मॉडल आँगनबाड़ी नर्सरी स्कूल केंद्र रमुआ में छोटे-मोटे नन्हे मुन्नों के बीच स्कूल ड्रेस,बैग तथा जूता का वितरण पूर्व पंचायत समिति सदस्य दीपक कुमार रजक,वार्ड सदस्य केदार प्रसाद तथा आँगनबाड़ी सेविका ने मिलकर पच्चीस छात्रों के बीच किया। दीपक कुमार रजक ने बताया कि जब नई ड्रेस,नए जूते,नई बैग बच्चो को मिला तो उनके चेहरे की खुशी देखते ही बनती है,खुशी को लफ्जो में बयान नही किया जा सकता। बच्चो की प्यारी सी मुस्कान ने मन मोह लिया और मेरे जेहन में अलग सी ऊर्जा का संचार हुआ।जब कभी किसी को लगे कि मैं अवसाद ग्रस्त हूँ,कोई काम मे मन नही लगे,तब इन छोटे बच्चों संग थोड़ा समय जरूर गुजार लें,सच कहूँ आप शतप्रतिशत अवसाद मुक्त हो जायेंगे। इन बच्चों की निश्छल हँसी,इनकीं तोतली जुबान आपको बरबस अपनी ओर खींच लेगी।

## भव्य भंडारे के साथ संपन्न हुआ नवग्रह प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग के दक्षिणी शिवपुरी में श्री दक्षिणेश्वरी महाकाली दस महाविद्या शक्तिपीठ दक्षिणी शिवपुरी काली मंदिर में हो रहे 11दिवसीय नवग्रह प्राण प्रतिष्ठा पूर्णाहुति के उपरांत भव्य भंडारे के साथ संपन्न हुआ बताते चलें कि अहले सुबह से ही यज्ञाचार्य जगदीश दास एवं वाराणसी , मथुरा से आए विद्वतजनों के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से मुख्य यजमान प्रशांत कुमार प्रधान एवं यजमान सह दक्षिणी शिवपुरी काली पूजा समिति अध्यक्ष प्रभात कुमार प्रधान ने पूजा अर्चना के उपरांत हवन किया द्य जहां यज्ञ की पूर्णाहुति हुई इस दौरान लगातार शिवपुरी सहित आस पास के महिला पुरुष श्रद्धालुओं का आवागमन रहा जो भक्ति भाव से पूजा अर्चना किया इस दौरान श्री दक्षिणेश्वरी महाकाली दस महाविद्या शक्तिपीठ (दक्षिणी



शिवपुरी काली मंदिर ) धार्मिक आस्था का केंद्रबिंदु बना पूजा अर्चना के दौरान समस्त शिवपुरी जय मां काली , जय श्री राम , हर हर महादेव के नारों से गूंजायमान रहा यज्ञ के सफल समापन पर अध्यक्ष प्रभात कुमार प्रधान ने कहा कि मंदिर प्रांगण में हमेशा यह महसूस होता है कि मां काली यहां स्वयं विराजमान है जिनके आशीर्वाद से हर पूजन अनुष्ठान निर्बाध संपन्न होता है वहीं मुख्य यजमान प्रशांत कुमार प्रधान ने कहा कि हर सफल आयोजन में सहयोगियों का अहम भूमिका होता है और हमारे शिवपुरी में हम सभी शिवपुरी वासी एक परिवार के लोग हैं जिसके परिणाम स्वरूप यहां हर आयोजन ऐतिहासिक अद्वितीय रहता है आगे उन्होंने कहा कि मां काली की असीम अनुकम्पा से हम हर दूसरे आयोजन को और बेहतर करने के लिए प्रेरित करता है । बताते चलें कि श्री दक्षिणेश्वरी महाकाली दस महाविद्या शक्तिपीठ का प्राण प्रतिष्ठा दो वर्ष पूर्व हुआ था जिसका द्वितीय वर्षगांठ के साथ नवग्रह का प्राण प्रतिष्ठा व पुनर्नुष्ठान भी किया गया ।

## चेडरा मार्ग में जलजमाव से मुस्लिम धर्मावलंबियों में नाराजगी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** वर्त्तमान में विष्णुगढ़-गोमियाँ कालीकरण सड़क बनने के पूर्व यह मुख्य मार्ग चेडरा होते हुए,बंशीधर अखाड़ा चौक होकर जाती थी। आज यह सड़क बदहाल है,और बदहाली का रोना रो रही है,जगह पर जलजमाव की उत्पन्न स्थिति से आम जनजीवन त्रस्त है।जैसा कि चेडरा में बड़ी सँख्या में मुस्लिम धर्मावलंबियो की जमात निवास करती है। चेडरा में जिस जगह पर मुस्लिम धर्मावलंबी मुहर्रम पर्व के पूर्व विशेष आयोजन कर अपना त्योहार मना रही,रोजाना सैकड़ो की तादाद में पुरूषों-महिलाओं का आना-जाना लगा रहता है,उसके चंद कदमो की दूरी पर जलजमाव होने से मुस्लिम धर्मावलंबियों ने दुख जताते हुए अपनी व्यथा कही। इस पर अपनी



बात रखते हुए मो.असगर खान ने कहा कि विष्णुगढ़ में हिन्दू-मुस्लिम भाईचारगी से मुहर्रम को वर्षो से मनाते आ रहे है। आज भी हिन्दू भाईयो का इस पाक त्योहार में बड़ी भूमिका रहती है। परन्तु नौ दिनों तक चलने वाले इस त्योहार में जलजमाव से हमसबों के साथ आम राहगीरों को भी काफी परेशानी हो रही है।साथ ही जलजमाव से मच्छर भी काफी बढ़ रहे है,ऐसे में हमारा जीना मुहाल हो गया है। प्रखण्ड मुख्यालय से लगभग 500 मीटर से कम दूरी,मुखिया सरंपच की अनदेखी झेल रही सड़क और त्योहार में जलजमाव से मन व्यथित हो जाता है।

## मुहर्रम त्यौहार को लेकर सदर अनुमंडल क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय हजारीबाग एवं पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग अरविंद कुमार सिंह के संयुक्त आदेशानुसार दिनांक 17/07/2024 को मुहर्रम 2024 का त्योहार शौहार्दपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने हेतु हजारीबाग सदर अनुमण्डल क्षेत्रान्तर्गत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू करने के आदेश दिए है ताकि किसी प्रकार की विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न न हो।इस बाबत अनुमण्डल दण्डाधिकारी, सदर द्वारा सदर अनुमण्डल के क्षेत्रान्तर्गत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा आदेश घोषित की गई है।

## मनरेगा कर्मियों की सांकेतिक हड़ताल, स्थाईकरण और लंबित मांगों की पूर्ति की मांग



**टाटीझरिया ।** प्रखंड के मनरेगा कर्मियों ने अपनी स्थाई करण के साथ विभिन्न चिर लंबित मांगों की पूर्ति को लेकर 18 से 20 जुलाई 2024 तक सांकेतिक हड़ताल और यदि मांग को झारखंड सरकार तथा सबंधित विभाग अधिकारी गण पूर्ति नहीं करते है तो उन्होंने कहा की हम सभी झारखंड राज्य के मनरेगा कर्मियों में बीपीओ ,एई, जेई, कंप्यूटर ऑपरेटर, लेखा सहायक संग ग्राम रोजगार सेवक संयुक्त रूप से 22 जुलाई 2024 से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने को लेकर सूचना प्रखंड के बी.डी.ओ रश्मि खुशबू मिंज को लिखित आवेदन देकर किया है। आवेदन को संयुक्त रूप से दिए जाने के दौरान बि.पी.ओ अफरोज अख्तर, ए.ई. मनीष रंजन, जे. ई. शशांक भूषण,लेखा सहायक कुलदीप राम,कंप्यूटर ऑपरेटर दिनेश कुमार ,रोजगार सेवकों में संतोष राम,निरंजन प्रसाद,अरुण कुमार,दीपक राम, नेमचंद दास,अरविंद कुमार मौजूद थे।

## बरही अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में किया गया पौधारोपण

**बरही :** बरही अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में चिकित्सकों ने अस्पतालकर्मियों के साथ मिलकर पौधारोपण किया। मौके पर कई औषधीय एवं फलदार पौधों का रोपण कर उसकी सुरक्षा का संकल्प लिया गया। अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस सह प्रभारी डॉ.प्रकाश ज्ञानी ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन के महत्वपूर्ण अंग हैं। जल एवं जीवन को संरक्षित रखने के लिए पौधारोपण जरूरी है।

## मोहर्रम का आज होगा समापन, छड़वा मैदान मे लगेगा मेला

**हजारीबाग :** इस्लामी कैलेंडर के पहले महीने की सातवीं तारीख को इमाम हुसैन अलैहिस सलाम की याद में मनाया जाने वाला मोहर्रम त्योहार, इस बार भी शहर, गांव, और मोहल्लों में बड़े ही अक़िदत के साथ मनाया गया। इमाम बाड़े में निशान खड़े कर, लोगों ने फातेहा पढ़ी और देश में अमन, प्रेम, सद्भाव, भाईचारा, सौहार्द, और एकता की दुआ की। पर्वरदिगार से यह प्रार्थना की गई कि गंगा-जमुनी तहज़ीब हमेशा हिंदुस्तान में बनी रहे। मोहर्रम का चांद नजर आते ही करबला की यादें ताज़ा हो जाती हैं। करबला में शहीद हुए 72 इस्लाम के दीवाने हक़ की ख़ातिर अपनी जान निछावर कर गए थे। उन्होंने बातिल का हमेशा के लिए निशान मिटा दिया। यह त्योहार उन शहीदों की याद में मनाया जाता है जिन्होंने सत्य और न्याय के लिए अपनी जान दी। अरबी कैलेंडर का पहला महीना शुरू होते ही इमाम हुसैन अलैहिस सलाम के चाहने वाले दस दिनों तक रोज़ा रखते हैं। रोज़ा रखना इस्लाम में एक महत्वपूर्ण इबादत है, जो आत्मसंयम और ईश्वर के प्रति समर्पण को दर्शाती है। इन दस दिनों में इमाम हुसैन की शहादत और उनके बलिदान की याद में विशेष दुआएं और मजलिसें आयोजित की जाती हैं। हजारीबाग के छड़वा मैदान मे प्रत्येक वर्ष इस अवसर पर मेला का आयोजन किया जाता है . इस वर्ष भी यहाँ मेला की तैयारी मोहर्रम कमेटी और जिला प्रशासन की ओर से पूरी कर ली गई है.

## ओकनी बड़ा शिव मंदिर में सात दिवसीय श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ का हुआ समापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग ।** ओकनी बड़ा शिव मंदिर में मंगलवार को श्री श्री 1008 श्री शतचंडी महायज्ञ का समापन हो गया। अंतिम दिन पूर्णाहुति और भंडारा में श्रद्धालुओं की खासी भीड़ उमड़ी। सभी लोगों ने भंडारा में महाभोग ग्रहण किया। शिवनगरी वाराणसी से पधारे यज्ञाचार्य अभिषेक शास्त्री के नेतृत्व में उपाचार्य पं. रंधीर और कथावाचक पंडित दिलीप पांडेय के सहयोग से वैदिक रीति-रिवाज से मंदिर में स्थापित श्रीगणेश, गौरी व 'शिव-शक्ति' के साथ नंदी की भक्तिभाव, श्रद्धा और आस्था से पूजा-अर्चना की गई। फिर महाआरती और क्षमा प्रार्थना में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं की खासी भीड़ उमड़ी रही। जय मां दुर्गे, हर हर महादेव, जयश्रीराम, जय वीर हनुमान के जयकारों से माहौल गुंजायमान हुआ। श्रद्धालुओं ने स्थापित देवी-देवताओं से आशीर्वाद ग्रहण किया। सोमवार की रात प्रवचनकर्ता ज्योति शास्त्री ने शिव और शक्ति की आराधना के महत्व पर प्रवचन देकर भक्तों को भाविविहोर कर दिया। देर संध्या जय मां अंबे भजन मंडली के कलाकारों ने भक्ति जागरण का रंग बिखेर सभी को अध्यात्म के सागर में गोते लगाने को मजबूर कर दिया।

## जिला परिषद पार्क में जिला योग संघ की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग जिला योग संघ की एक आवश्यक बैठक जिला परिषद पार्क में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता राकेश गुप्ता ने की। बैठक में निर्णय लिया गया है कि 4 अगस्त को जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता करवाया जाएगा। जिसमें जिले के सभी स्कूलों एवं कॉलेज के छात्र- छात्राएं भाग ले सकते हैं इस प्रतियोगिता में किसी भी उम्र के योगी अपने-अपने आयु वर्ग की प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। सभी प्रतियोगियों को पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट दिया जाएगा। बैठक में संघ के संरक्षक भैया मुरारी सिन्हा, अध्यक्ष राकेश गुप्ता, सचिव रविंद्र कुमार, उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, संयुक्त सचिव एवं कोच ज्ञानोदय कुमार, अभिषेक कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष रेणु कुमारी, कार्यकारी सदस्य शत्रुंजय कुमार एवं विकास कुमार दास उपस्थित थे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन सचिव रविंद्र कुमार ने किया।

## मोहर्रम पर्व शांति व्यवस्था कायम को लेकर झरपो मेले स्थल को निरीक्षण करने पहुंची प्रशासन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया ।** टाटीझरिया प्रखंड और टाटीझरिया थाना क्षेत्र के झरपो तिरंगी मोड़ चौक शांति पूर्ण तरीके से मुहर्रम पर्व के मेला आखाड़ा स्थल को निरीक्षण करने के लिए बीडीओ खुशबू रश्मि मिंज, सीओ नीलम टुडू,थाना प्रभारी सुजीत कुमार अपने दल बल के साथ पहुंचे और शांति व्यवस्था आपात कालीन विद्युत प्रवाह तार से होने वाली दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने को लेकर क्षेत्र का भ्रमण करते मेले आखाड़ा भी निरीक्षण किया । बताते दे बीडीओ सीओ थाना प्रभारी ने ग्रामीण भुनेश्वर महतो प्रेम कुमार रवि कुमार बालेश्वर महतो अन्य कई लोगो से मेले से सबंधित जानकारी लिया । ग्रामीणों ने क्षेत्र में निरीक्षण करने आए प्रशासनिक अधिकारी गणों से कहा की यहां झरपो बेडमक्का आमनारी जरगा गांव से मेले स्थल में ताजिया कई वर्षो से आते है यहां दोनो हिंदू मुस्लिम समुदाय बहुत ही शांति पूर्ण तरीके से कोई भी व्रत और त्योहार सौहाद्रपूर्ण भाई चारगी के साथ मनाते है।

## बरही चौक पर चला स्वच्छता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही चौक व चारों रोड में पड़े गंदगी को लेकर सफाई अभियान चलाया गया। सफाई अभियान बरही पूर्वी मुखिया मीनू देवी, प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, समाजसेवी राजकुमार केशरी ने चलाया। मौके पर जेसीबी मशीन चलाकर बरही चौक चौराहा समेत चारों रोड में पड़े गंदगी की साफ सफाई की गई। मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर ने बताया कि बरही चौक समेत चारों रोड में कचरे का जमवाड़ा हो गया था। बरसात के समय होने के कारण लोगों को काफी परेशानियां हो रही थी, इस बात को देखते हुए मैंने जेसीबी मशीन लगाकर सफाई अभियान चलाया। वहीं उन्होंने कहा कि मोहर्रम का भी त्यौहार चल रहा है, लोग बरही चौक पर झंडा मिलान करने व खेल का प्रतिभा दिखाने पहुंचते हैं।

# विदेश में फँसे प्रवासी मजदूरों ने सोशल मीडिया पर दर्द किया बयां, मदद की आस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** केंद्र सरकार हो या झारखण्ड सरकार रोजगार के बड़े-बड़े दावे करती है। पलायन रोकने की योजनाएं भी बनती है,सरकारी कागजो पर रोका भी जा रहा है,परन्तु हकीकत इसके विपरीत है। कोई भी ऐसा महीना नही गुजरता जिसमे पलायन के दर्द की खबरें ना आती हो,कभी किसी प्रवासी मजदूर की मौत,तो कभी प्रवासी मजदूरों के शव आने में परेशानी,तो कभी विदेशों में जाकर बंधक बन कर रहने को मजबूर, विदेशों में बंधक बनकर खाने को लाले पड़ जाते इस बेइंतहा दर्द से गुजरते है,पलायन से पीड़ित प्रवासी मजदूर एवं उसका परिवार। प्रवासी मजदूरों के हितार्थ में कार्यरत समाजसेवी सिकंदर अली ने वर्त्तमान घटना पर ध्यान



आकृष्ट करते हुए बताया कि झारखण्ड के प्रवासी मजदूरों में झारखंड के बोकारो,हजारीबाग और गिरिडीह जिले के मजदूरों का विदेश में फंसने का सिलसिला अनवरत जारी है। झारखंड के प्रवासी मजदूरों के विदेश में फंसे होने का मामला एक बार फिर सामने आया है।इस बार झारखंड के 27 प्रवासी मजदूर साउथ अफ्रीका के कैमरून में फंसे हुए हैं। पिछले चार माह से मजदूरों को कंपनी द्वारा मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा है। मजदूरों के सामने खाने-पीने का संकट खड़ा हो गया है।मजदूरों ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर अपनी दुर्दशा बताई है,और सरकार से वतन वापसी की गुहार लगाई है, साथ ही उन्होंने बकाया वेतन के भुगतान की मांग भी की है।अफ्रीका के कैमरून में फंसे झारखण्ड के 27 मजदूरों में से 05 मजदूर विष्णुगढ़ प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतो से ताल्लुक रखते है,जिसमे अचलजामु के बिसुन,जोबर के टेकलाल महतो,खरना के छत्रधारी महतो,भीखन महतो तथा चानो के चिंतामन महतो शामिल है। इन घटनाओं का सबसे बड़ा जिम्मेदार झारखंड के विभिन्न कोनो में फैले दलाल ही है,जो भोले भाले मजदूरों को लोभ-लालच में फँसा कर विदेश में कार्य करने तथा ज्यादा पैसे का लालच दिखाकर इन्हें फँसा दिया जाता है,जहाँ रोजगार की तालाश में जाकर बंधक की जिंदगी जीने को मजबूर जो जाते है,ऐसे लोगो को चिन्हित कर कार्यवाही होनी चाहिए।

## युवा कांग्रेस का विधानसभा स्तरीय बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही में युवा कांग्रेस की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मनोहर यादव व संचालन मंजीत यादव ने किया। बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास, झारखंड युवा प्रदेश प्रभारी व प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर आयोजित की गई थी। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर सत्य प्रकाश दास, जिला सह प्रभारी नसरुद्दीन अंसारी, जिला अध्यक्ष प्रकाश यादव उपस्थित हुवे। मौके पर संगठन निर्माण, क्षेत्र में पार्टी और प्रतिनिधि की कार्यशैली पर चर्चा हुई। वहीं आनेवाले दिनों में युवा कांग्रेस चुनाव में अहम भूमिका में कैसे रहे उसका रणनीति तय की गई। पंचायत चलो घर चलो नाम का योजना चलेगा उसका भी योजना सरकार की महत्वपूर्ण योजनाएं को घर-घर तक कैसे पहुंचाएं इस पर चर्चा की गई। बैठक में जिला महासचिव पप्पू यादव, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मनोहर कुमार यादव, प्रखंड अध्यक्ष मंजीत यादव, विधानसभा महासचिव सुनील उरांव, बीरेंद्र यादव, अरुण कुमार, कुंदन कुमार, रोहित कुमार, डबलू कुमार, अरमेंद्र कुमार, श्यामसुंदर कुमार, अनिल टाइगर आदि मौजूद रहे।

## पाइप फटने से पीटीपीएस कॉलोनी में पेयजल की सप्लाई बंद



**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पतरातू स्थित पीटीपीएस कॉलोनी में विगत चार दिनों से एनटीपीसी प्लांट के चारहदिवारी के अंदर मिट्टी खुदाई के कारण पानी का पाइप फट जाने से पेयजल कि सप्लाई बंद है। जिससे वहां जी टाइप के तीन कॉलोनी मे पीने के पानी के अभाव में तेरा त्राहिमाम हैं। जिसको लेकर वहां के स्थानीय लोगों द्वारा बीते कल मिली शिकायत पर एनटीपीसी प्रबंधन सेउसकी रिपेयरिंग की बात कि थी । परंतु आज रिपेयरिंग कार्य नहीं लगाने की सूचना के पश्चात पतरातू प्रखंड कॉंग्रेस अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल ने स्थल का निरीक्षण किया तथा तत्काल प्रबंधन से दूरभाष पर बात किया । जिस पर प्रबंधन द्वारा कल कार्य लगाने की बात कही गई है। वहीं प्रखंड अध्यक्ष ने प्रबंधन से आग्रह किया है कि जो लगभग 50 मीटर पाइप बाउंड्री के अंदर है उसे बाहर किया जाए । क्योंकि यही समस्या हमेशा बनी रहती है। जब-जब खुदाई होती है तब पानी का पाइप फट जाता है इसे बाहर करके इसका स्थाई समाधान निकाला जाए क्योंकि पूरे कॉलोनी में सप्लाई बंद हो जाती है। मौके प्रमुख रूप से सुजीत कुमार पटेल के साथ अनिल सिंह पूर्व मुखिया दिलीप सिंह कमलेश राम अजय राम ,शंकर यादव ब्रेटली मिंटू सहित दर्जनों कॉलोनीवासी उपस्थित थे।

## भाकपा माले कार्यकर्ता फूलचंद नायक की इलाज के दौरान मौत



**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गत रात्रि को भाकपा-माले के सोढ़न उर्फ फूलचंद नायक (करीब 75 वर्ष उम्र) का रिम्स होस्पीटल में ईलाजरत उनकी मौत हो गई। उनके गृह आवास ग्राम कंजगी में पारिवारिक अंतिम विधि-विधान करने के उपरांत पार्टी झंडा व नारे के साथ सम्मान देते हुए भाकपा-माले के जिला सचिव भुनेश्वर बेदिया,सोहराय किस्कू,जयनंदन गोप, लालचंद बेदिया सहित अन्य दर्जनों नेता कार्यकर्ताओं ने शामिल होकर भावभीनी श्रद्धांजलि देकर उनके पार्टी के प्रति अहम योगदान की चर्चा की गई कि 1970 के दशक में हजारीबाग-रामगढ़ जिले में ग्रामीण गरीबों मजदूरों खासकर महिलाओं को लोककला से गोलबंद करने में महारत हासिल था जिनके माध्यम से संगठीत कर बड़ी-बड़ी सामंती दमन,पुलिसीया दमन,ठिकेदारी जुल्म अन्य जन आंदोलनों में अहम भूमिका थी। उनकी कमी रामगढ़ पार्टी के लिए अपूर्णीय क्षति हुई है।

## रामगढ़ थाना में थाना दिवस मनाया गया

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना दिवस के मौके पर रामगढ़ थाना परिसर में रामगढ़ अंचल अधिकारी सत्येंद्र पासवान की अध्यक्षता में थाना दिवस मनाया गया। इस थाना दिवस के उपलक्ष में जिन फरीदियों की घरेलू समस्याओं को लेकर एवं जमीनी संबंधित समस्याएं थी वह अपनी समस्या रामगढ़ के आंचल अधिकारी एवं रामगढ़ थाना प्रभारी के समक्ष रखे। इस मौके पर रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू ने रामगढ़ थाना क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि लोग अपने घरेलू एवं जमीन संबंधित समस्याओं का समाधान के लिए रामगढ़ थाना में आगे भी लगातार थाना दिवस के रूप में लोगों की समस्याएं सुनी जाएगी

## सांप काटने पर झाड़फुंक नही, चिकित्सक से कराएं इलाज : सुधीर मंगलेश

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड क्षेत्र के दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह समाजसेवी सुधीर मंगलेश ने क्षेत्र में अंधविश्वास को जड़ से मिटाने के लिए सभी को मिलकर जागरूकता अभियान चलाने की अपील की उन्हें प्रशासन के अलावा सभी कर्मचारी राजनीतिक दल के नेताओं एवं सभी पढ़े-लिखे युवाओं समाजसेवी से अंधविश्वास को दूर करने में मदद करते हुए ग्रामीणों को अपने स्तर से जागरूक करने की अपील की बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि सांप काटने के तुरंत बाद स्थानीय चिकित्सा से सलाह लेकर घायल व्यक्ति को चिकित्सक से इलाज कराएं ओझा गुनी के चक्कर में ना पड़े गरीबों के कारण सभी घर में खटिया पलंग नहीं हैं ऊपर सो सके। सभी ग्रामीणों से आग्रह हैं कि जमीन पर सोने से पूर्व मच्छरदानी को बांधने के बाद बेड के किनारे किनारे अच्छी तरह से दबाव ले मच्छरदानी का उपयोग करें ना सिर्फ मलेरिया डेंगू जैसी बीमारी से बचा जा सकता है बल्कि सांप जैसे जहरीले जंतु से बचा जा सकता है कहां के ऐसे ही कई लोग हैं जो दर्शकों के काटने से कारण समय से पूर्व ही मौत के गाल में समा जाते हैं अधिकृत वह लोग सांप काटे शिकार हुए हैं।

## विधायक ने लारी एवं चितरपुर में दो पीसीसी पथ का किया शिलान्यास

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधायक सुनीता चौधरी ने डीएमएफटी मद से चितरपुर प्रखंड के लारीकलां पंचायत के आंगनबाड़ी से पानी टंकी तक और चितरपुर पश्चिमी पंचायत के करमाली टोला से असदुल्लाह पान दुकान तक बनने वाले पीसीसी पथ का शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि लंबे समय से लोग यहां पीसीसी पथ बनाने की मांग कर रहे थे, जिसे मैंने आज पूरा किया। इन दोनों पीसीसी पथ का निर्माण हो जाने से लोग आसानी से आवागमन कर सकेंगे। इससे पूर्व संवेदक अफरोज खान ने पुष्पगुच्छ देकर विधायक का स्वागत किया। शिलान्यास कार्यक्रम में आजसू प्रखंड अध्यक्ष दिवाकर नायक, कार्यकारी अध्यक्ष भानुप्रकाश महतो, सरिता देवी, मलेश्वर नायक, परीक्षित महतो सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## सड़क दुघर्टना में बाइक सवार घायल, रेफर

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उरीमारी परियोजना के वर्कशॉप स्थित बड़कागांव मुख्य मार्ग पर मंगलवार को दोपहर लगभग दो बजे करीब दो बाइक कि आपस में जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें उरीमारी परियोजना वर्कशॉप में कार्यरत सीसीएलकर्मी मनाराम मुर्मू घायल हो गए। वहीं एक अन्य बाइक सवार भी घायल हो गया। बताया जाता है कि मनाराम मुर्मू ड्यूटी कर लंच करने के लिए वर्कशॉप से बाहर निकल रहे थे तभी एक अन्य बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। जिसमे वो घायल हो गए। वहीं परिजनों व राहगीरों कि मदद से घायल मनाराम को भुरकुंडा अस्पताल लाया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज हेतु गांधी नगर रांची भेजा गया। वहीं खबर लिखे जाने तक घायल सीसीएलकर्मी मनाराम मुर्मू को होश आ गया था।

## उत्क्रमित उच्च विद्यालय लपंगा के एक विद्यार्थी को दूसरे विद्यार्थी ने माथे में मारकर किया घायल

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले के भदानी नगर ओपी क्षेत्र अंतर्गत लपगा पंचायत के उत्क्रमित उच्च विद्यालय में दसवीं क्लास के छात्रों के बीच मामूली कहा सुनी में रोहित बेदिया को उसी क्लास के अब्बू हमजा के द्वारा बुलाए गए लड़के ने जनरेटर स्टार्ट करने वाले हैंडल से सर पर मारकर किया घायल। प्रधानाध्यापक ने बताया कि स्कूल में अब्बू हमजा सो रहा था रोहित ने सोने से माना किया इसके लिए 1:00 टिफिन के समय में दोनों के बीच कहां सुनी हुई उसके बाद अब्बू हमजा ने अपने कुछ साथियों को छुट्टी के समय बुलाया और रोहित और उसके एक दोस्त सागर से मारपीट और गली गलौज करते हुए रोहित के सर पर जनरेटर स्टार्ट करने वाले हैंडल से मारकर घायल कर दिया। प्रधानाध्यापक ने दोनों के गार्जियन ओर भदानी नगर ओपी पुलिस को सूचना दी और भदानी नगर पुलिस सूचना पाकर जिसने मारा था उसे अपने साथ ओपी लेकर चले गए।पुलिस पुरे मामले की कर रही है जांच।


झारखण्ड सरकार
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
(गव्य विकास निदेशालय)

झारखण्ड, राँची।

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस निदेशालय द्वारा ई– निविदा संख्या– 01/2024–25, 02/2024–25, 03/2024–25, 04/2024–25 एवं 05/2024–25 से संबंधित प्रकाशन, सूचना संख्या (Advt. P.R) 329137 Agriculture, Animal Husbandry & Co-operative Department (24-25)# D के द्वारा प्रकाशित हुआ था। जिसमें निविदाओं के Technical Bid खोलने का दिनांक 02.08.2024 एवं समय 03:00 बजे अपराह्न के स्थान पर टंकणीय भूलवश के कारण 01.08.2024 एवं समय 03:00 बजे अपराह्न अंकित हो गया था। जिसे संशोधित करते हुए निविदाओं के Technical Bid खोलने का दिनांक 02.08.2024 एवं समय 03:00 बजे अपराह्न किया जाता है।

ह०/–
निदेशक, गव्य
गव्य विकास निदेशालय,झारखण्ड, राँची।

PR 329733 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(24-25)D


*विस्थापित समिति ने जीएम कार्यालय को स्थानांतरित को लेकर सौंपा मांग पत्र*

# महाप्रबंधक कार्यालय को उरीमारी में स्थापित करें प्रबंधन अन्यथा होगा पुरजोर विरोध : दशई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**उरीमारी :** विस्थापित समिति उरीमारी के द्वारा मंगलवार को बरका सयाल महाप्रबंधक कार्यालय को स्थानांतरित करने को लेकर विस्थापित नेता दशई मांझी के नेतृत्व में महाप्रबंधक जीएम अजय सिंह को मांग पत्र सौंपा गया। मांग पत्र के जरिए विस्थापित नेता दशई मांझी ने कहा कि सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के उत्पादन लक्ष्य प्राप्ति में उरीमारी, बिरसा एवं न्यू बिरसा परियोजना का अहम योगदान रहा है। वर्तमान में उरीमारी परियोजना में आउटसोर्सिंग खुलने जा रही है तथा असवा एवं बगल के हेन्देगिर परियोजना खुलने की भी प्रक्रिया चल रही है। जानकारी के मुताबिक महाप्रबन्धक कार्यालय सयाल, उरीमारी से हटकर कहीं अन्यत्र स्थान पर स्थानांतरण की प्रक्रिया चल रहीं है। जबकि उरीमारी में महाप्रबन्धक कार्यालय का निर्माण हेतु पर्याप्त भूमि है, जिसके लिए स्थान चयन कर लिया गया है। वहीं विस्थापित नेता दशई मांझी ने मांग किया है कि बरकासयाल महाप्रबन्धक कार्यालय को उरीमारी में ही स्थानांतरित किया जाए।अन्यथा विस्थापित समिति उरीमारी पुरजोर आन्दोलन करेगी जिसकी सारी जवाबदेही सीसीएल प्रबन्धन की होगी। वहीं मांग पत्र सौंपने वालों में विन्धाचल बेदिया, दिनेश करमाली,सुखू मांझी, रैना टुडू,खेपन मांझी, कृष्णा सोरेन,तालो हांसदा, शिकारी टुडू, मनोज सिंह, जितेन्द्र यादव, बिनोद सोरेन, राजू पावरीया, अनिल मुर्मू आदि लोग मौजूद थे।

## बरलंगा थाना परिसर में थाना दिवस मनाया गया

**गोला :** रामगढ़ जिला के बरलंगा थाना परिसर में मंगलवार को थाना दिवस मनाया गया। इस दौरान थाना प्रभारी अनंत कुमार सिंह, अंचल निरीक्षक व कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस दौरान विभिन्न गांव से आये लोगो ने पहुंचकर थाना दिवस के संबंध में जानकारी ली तथा उनके समस्याओं को सुना गया।मौके पर थाना के अन्य पदाधिकारी ग्रामीण उपस्थित थे।

## बासल थाना पुलिस ने ग्राम गेगदा से एक युवक को लड़की को भगाने के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा

**भुरकुंडा :** रामगढ़ जिले के बासल थाना पुलिस ने ग्राम गेगदा से एक युवक को लड़की को भगाने के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा। बता दें कि इस कांड में प्राथमिक अभियुक्त आनंद यादव को बासल पुलिस ने ग्राम गेगदा से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा ,साथ ही कांड की पीड़िता को बरामद कर मेडिकल जांच हेतु सदर अस्पताल रामगढ़ एवं दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 164 के तहत बयान दर्ज कराने हेतु माननीय न्यायालय रामगढ़ भेजा गया है। लड़की के पिता रोहित साव ग्राम रसदा निवासी ने आनंद यादव पर अपने बेटी को भगाने का आरोप लगाते हुए बासल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसके बाद थाना प्रभारी कैलाश प्रसाद ने संज्ञान लेते हुए उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया और आज न्यायिक हिरासत में भेजा।


**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई–निविदा सूचना विद्युत (सामान्य) विभाग के लिए खुली निविदायें

मंडल रेल प्रबन्धक (विद्युत), पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :

**ई–निविदा संख्या–ईएल/13/खुली/ 2024–25 क्र.सं. (1) कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि :** धनबाद मंडल के कलर लाइट सिग्नलिंग (सीएलएस) पैनलों का दो वर्षों के लिए वार्षिक मरम्मत अनुबंध। **(कार्य समापन अवधिः** चौबीस माह**) (2) कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रू० 13,53,956.00 **(3) बिड सिक्युरिटी :** रू० 27,100.00 **(4) बिड मूल्यांकन प्रणाली :** एकल पैकेट प्रणाली **(5) ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय : ई–निविदा बंद होने की तिथि :** दिनांक 08.08.2024 को 11:00 बजे। **ई निविदा खुलने की तिथि :** दिनांक 08.08.2024 को 11:30 बजे के बाद। **(6) वेबसाईट का विवरण :** वेबसाईट **www.ireps.gov.in.**

**ई–निविदा संख्या–ईएल/14/खुली/ 2024–25 क्र.सं. (1) कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि :** (ए) धनबाद मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर भवनों के छत पर सौर संयंत्र का प्रावधान (बी) धनबाद मंडल के विभिन्न सेवा भवनों के छत पर सौर संयंत्र का प्रावधान। **(कार्य समापन अवधिः छः माह) (2) कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रू० 21,85,50,971.84 **(3) बिड सिक्युरिटी :** रू० 12,42,800.00 **(4) बिड मूल्यांकन प्रणाली :** दो पैकेट प्रणाली **(5) ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय : ई–निविदा बंद होने की तिथि :** दिनांक 08.08.2024 को 11:00 बजे। **ई निविदा खुलने की तिथि :** दिनांक 08.08.2024 को 11:30 बजे के बाद। (तकनीकी बिड) **(6) वेबसाईट का विवरण :** वेबसाईट **www.ireps.gov.in.**

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत), धनबाद

पीआर/0692/डीएचएन/ईजीईएन/टी/24-25/48



**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**Agriculture, Animal Husbandry & Co-operative Department (Co-Operative Division)**
**OFFICE OF THE REGISTRAR, CO-OPERATIVE SOCIETIES JHARKHAND, RANCHI INTEGRATED CO-OPERATIVE DEVELOPMENT PROJECT (I.C.D.P.) CELL, RANCHI)**

**Short e-tender Notice**
**Tender Reference No:- ICDP/RANCHI/03/2024-25**
**Date:- 15.07.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 01. | Name of work | (i)Construction of Prefabricated Packaging & Sheeves Fitted Storage unit at Various Places of Jharkhand. |
| 02. | No Of Unit | 150 |
| 03. | Estimated Value of work(IN Rs) | (3,50,000 X 150) = 5,25,00,000.00 |
| 04. | Earnest Money (IN Rs) | 5,25,000.00 |
| 05. | B.O.Q. Cost (IN Rs) | 10,000.00 |
| 06. | Time of Completion | 12 Months |
| 07. | Date Of Publication on Website | 22.07.2024 AT 11:00 AM |
| 08. | Last Date & Time of Submission of bids | 03.08.2024 Up to 05:00 PM |
| 09. | Name & Address of Office Inviting Tender | State Monitoring Officer, ICDP Cell, Ranchi, 4th Floor Pasupalan-Sahkarita Bhawan, Singh More Hesag, Hatia, Ranchi. 834003 |
| 10. | Contact No of Procurement Officer | 7979760612, 7250895727 |

02. Bid document with details terms and conditions will be available online on e-tendering portal, http:// Jharkhandtenders.gov.in from 22.07.2024 at 11:00 AM to 03.08.2024 up to 05:00 PM. Bids must be Submitted online only at the e- tendering portal http:// Jharkhandtender.gov.in on or before 05:00 PM on 03.08.2024. Tender Fee and EMD Will be received through online mode only. Bidders can use internet banking facility for faster processing of tender fee and EMD. Alternatively, bidders can use NEFT/RTGS challan generated for the tender from jharhandtenders.gov.in portal. Technical Bid received online will be Opened at 05:00 PM on 05.08.2024.
03. Estimate Cost May Vary.
04. Corrigendum/Amendment if any will be published only on the above mentioned website.

Sd/-
State monitoring Officer
ICDP Cell, Ranchi

PR.NO.329788 Co-opretive(24-25):D



**INVITATION FOR EXPRESSION OF INTEREST**
**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**POLICE HEADQUARTERS, RANCHI**

Jharkhand Police intends to insure the lives and limbs/body parts of its police personnel like Bomb disposal squads who are engaged in Bomb detection and disposal operation/ Anti sabotage check/IED and Bomb detection and disposal Training other than anti naxal operations in the State. The number of such personnel is approximately **58**. The Insurance Cover for them is proposed to stay from 00.01 hrs. on date- 08-08-2024 and is proposed to remain valid initially for a period of one year and is proposed to be extended for a period of one year more depending on the suitability of the chosen Insurance Company.

As per existing rules, Jharkhand Police is authorized to pay a maximum **annual premium of Rupees 2950/- (Rs Two Thousand Nine Hundred Fifty only including service tax) per personnel** covered under this insurance scheme. However, bid will be finalised in favour of the Bidder who quotes the lowest Annual Premium per personnel

"Expression of Interest" is invited from the bonafide and reputed companies engaged in insurance of lives and limbs/body parts. The 'Expression of Interest' should contain the Capital Sum Insured, detailed terms and conditions and procedure for settlement of claims.

**TECHNICAL BID-Corresponding Benefits/Coverages Amount should not be mentioned in this Bid separately.**

The Minimum coverage proposed is as below:-

**Capital Sum Insured (CSI):** **Rs- 60,00,000/-**

| Benefits/ Coverage | | % of capital sum Insured |
|---|---|---|
| A. | Death | 100% |
| B. | Permanent total disability | 100% |
| C. | Loss of two limbs, loss of sight of two eyes or loss of one limb & loss of sight of one eye. | 100% |
| D. | Loss of one limb or loss of sight of one eye. | 50% |
| E. | Permanent Partial Disablement | In accordance with IRDA (Insurance Regulatory Development Authority) Norms. |
| F. | In case of Hospitalization in private or Government Hospital due to injury, all expenses of Hospitalization in the initial and letter phases of treatment due to that injury. | Not less than Rs **20,00,000/-** Maximum prefer ably cashless system, which also includes expenses towards hiring of Medical Ambulances. |
| G. | Children's Education compensation | Not less than Rs. **5,00,000/-** lumpsum Maximum for two children on death of police personnel (towards at least next 5 years education fees compensation to be paid immediately). |
| H. | Expenses of carriage of dead body during Bomb disposal duty | Not less than Rs. **50,000/-** |
| I. | Road accident and other accident , during or in run up Bomb detection and disposal activities | Not less than Rs **20,00,000/-** for death & Rs **7,50,000/-** for Medical expenses. |
| J. | Death resulting from Snake Bite during or in run up to Bomb detection and disposal activities. | Not less than Rs **20,00,000/-** for death & Rs. **7,50,000/-** for medical expenses. |

The 'Expressions of Interest' are expected to be submitted to the D.I.G.(Budget) in the Office of the D.G. & I.G. of Police, Jharkhand on or before 06-08-2024 by 15:00 hrs, after which no proposal would be accepted. 'Expression of Interest' will be opened in presence of the representatives of respective bidding Insurance Companies in the office chamber of the D.I.G.(Budget) in the office of the D.G. & I.G. of Police, Jharkhand, Ranchi on the 07-08-2024 at 15:00 hrs. The final award may involve a process of negotiations after opening of the 'Expressions of Interest' regarding clarification on the various points raised in such 'Expressions'. The 'Expressions of Interest' is also can be seen on Jharkhand Police Website www.jhpolice.gov.in.

**FINANCIAL BID & TECHNICAL BID must be in corresponding separate Envelopes.**

**Deputy Inspector General of Police (Budget), Jharkhand, Ranchi**

PR 329845 Police(24-25)D


## सीसीएल के मजदूरों को स्मार्ट मेडिकल कार्ड मुहाइया करायें प्रबंधन : राजू यादव

**उरीमारी :** उरीमारी परियोजना के पोटंगा वकशॉप में मंगलवार को राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक के क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने पोटंगा में कार्यरत मजदूरों कि समस्याओं से रूबरू हुए। वहीं मजदूरों ने क्षेत्रीय सचिव राजू यादव के साथ बैठक कर परियोजना कि विभिन्न समस्याओ से अवगत कराया। मजदूरों ने अपनी समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि यहां के मजदूरो का अभी तक स्मार्ट मेडिकल कार्ड नहीं बना है। जिसे जल्द से जल्द बनवाया जाए। एरियर में हुए त्रुटि को सुधार कर जल्द से जल्द भुगतान किया जाए। डम्फर आपरेटर व अन्य मजदूरों का अभी तक प्रमोशन नहीं दिया गया है। जिसे जल्द से जल्द दिया जाए। वहीं क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने मजदूरों को आश्वस्त करते हुए कहा कि पोटंगा में कार्यरत सभी मजदूरो को किसी तरह कि असुविधा नहीं होगी। उनकी समस्याओ को परियोजना पदाधिकारी व महाप्रबंधक के समक्ष रखा जाएगा। जल्द ही उनकी समस्या हल कर लिया जाएगा। वहीं इस मौके पर सीताराम किस्कू, धर्मदेव करमाली, विश्वनाथ मांझी, संजय यादव,चन्दू जयसवाल, संजय सिंह, जितेन्द्र राम, राजकुमार सिंह, बाबू राम,मो मुबारक,आदि थे ।

## बरात से वापस लौट रही वाहन को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, दो की हुई मौत

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गत दिन बरात से वापस लौट रही एक मारूति कार को अज्ञात वाहन ने अपने चपेट में ले लिया परिणामस्वरूप भयंकर दुर्घटना हो गई। इस दुर्घटना में कार में सवार छः लोगों में से दो की मौत हो गई है, जबकि तीन की स्थिति नाजुक और एक की स्थिति सामान्य बताई जा रही है।घटना बोकारो/रामगढ़ रा.उ.प.संख्या- 23 पर पेटरवार मुख्य मार्ग पर बैंक ऑफ इंडिया के समीप मंगलवार की सुबह घटी। जानकारी के अनुसार, अज्ञात वाहन की टक्कर के कारण यह दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। मारुति वैन में कुल छः लोग सवार थे। मृतकों की पहचान गोला के नायक टोला के राज नायक और नई सराय के संजय घांसी के रूप में हुई है। दुर्घटनाग्रस्त कार जिसकी वाहन संख्या जेएच 24 सी 3864 है।


**हटिया स्टेशन में 01 कैटरिंग यूनिट की सुपुर्दगी के लिए निविदा अधिसूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। विवरण निम्नानुसार हैं:- **निविदा अधिसूचना सं.: सीएटीजी-स्टॉल-26-जीएमयू-डब्ल्यू-आरएनसी-3, दिनांक 16.07.2024; कैटरिंग यूनिटः** सीएटीजी. स्टॉल-26, **स्टेशनः** राँची, **स्थानः** सर्कुलेटिंग एरिया (आरपीएफ पोस्ट गेट के संलग्न)। **आरक्षित श्रेणीः** जीएमयू/महिला। **न्यूनतम वार्षिक आरक्षित मूल्य (अनंतिम):** रु. 8,51,000/-; **बयाना राशिः** रु. 2,21,300/-; **निविदा दस्तावेज की कीमतः** प्रत्येक कैटरिंग यूनिट के लिए निविदा हेतु रु. 2,500/- साथ में 18% जीएसटी। **अनुबंध की अवधिः** 5 वर्ष। (1) सम्पूर्ण बोली प्रक्रिया ऑनलाइन (ई-निविदा) होगी। इस निविदा सूचना दिनांकित 15.07.2024 के संबंध में सभी अधिसूचनाएं वेबसाइट **www.ireps. gov.in** पर ऑनलाइन प्रकाशित की गई है। (2) बोली दस्तावेज दिनांक 15.07.2024 से 08.08.2024 तक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा एवं अपलोड किया जा सकता है। (3) बोली इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में दिनांक 15.07.2024 से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जमा की जा सकती है। बोली जमा करने की अंतिम तारीख 08.08.2024 को अपराह्न 3.00 बजे तक है तथा दिनांक 08.08.2024 को अपराह्न 3.30 बजे खोली जाएगी।

(PR-390) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, राँची**

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा



**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
(CIN No. – U40108JH2013SGC001704)
**Office of the General Manager, Transmission Zone-V, Hazaribag, Office At - Sringari Complex, Canary Hill Road, Hazaribag, Pin – 825301, JH**
**eMail iD:-** gmtzone5hzb@gmail.com

**e-Tender Notice**

Short e-Tender notice in two parts i.e. Technical (Part-I) and Financial (Part-II) are invited from reputed, experienced capable and financially sound agencies / contractors for the following works:-

| Sl. No. | NIT No. | Description of Work | Estimated Cost including of GST & Labour Cess(Rs.) | Earnest Money Deposit(Rs.) | Cost of Tender (Non Refundable)(Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 93/PR/JUSNL /2024 – 25 | Work for PCC and metal laying/spreading in complete 33KV Switchyard area at 220/132/33KV GSS, Itkhori. | Rs.35,89,054.00 | Rs.71,800.00/- | Rs.5000+18% GST = Rs.5900/- |
| 2 | 94/PR/JUSNL /2024 – 25 | Work for Construction of continuous electric welding in bracing members at every angle joint points required in different tower types in 220KV D/C Itkhori – Latehar Transmission line under jurisdiction of Transmission Sub Division, Itkhori | Rs.20,01,344.00 | Rs.40,100.00/- | Rs.5000+18% GST = Rs.5900/- |
| 3 | 95/PR/JUSNL /2024 – 25 | Work of Rectification of the defect of Sub-station Automation system (SAS) including testing and commissioning of relays , SAS equipments, repair and replacement of damaged parts, cable etc at 220/132/33 KV G/S/S, Govindpur, Dhanbad. | Rs.24,31,182.00 | Rs.48,700.00/- | Rs.5000+18% GST = Rs. 5900/- |

| | |
|---|---|
| Availability of Tender Documents on website | From 20/07/2024 at 10.00 AM to 10/08/2024 upto 2:00PM |
| Last Date & Time for uploading of e-Tender | 12/08/2024 upto 2:00PM |
| BID Opening date for Technical (Part – I) | 12/08/2024 at 04.00 PM |
| BID Opening date for Financial (Part – II) | Will be communicated later on. |
| Tendering Officer, address for communication & submission of tender documents | **G.M.,TRANSMISSION ZONE-V, HAZARIBAG** Sringari Complex, 1st Floor, Canary Hill Road, Near Montfort School, Hazaribag – 825301, JH |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned **(06546-270375)** during office hours. NIC helpline no.**0651-2400178**.
2. Bidder shall deposit online Tender fee & EMD as per rules of e-tendering portal.
3. The bids will be received through electronic tendering mode only.
4. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Trans Zone-V, (Hazaribag)

PR 329766 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd) 24-25 (D)



**Government of Jharkhand**
**Rural Works Department**
**JHARKHAND STATE RURAL ROADS DEVELOPMENT AUTHORITY (JSRRDA)**
3rd Floor, F.F.P. Building, Dhurwa, Ranchi 834004

**NOTICE INVITING TENDERS**
(National Competitive Bidding Through e-Procurement)

**Re-eTender No.- 32/ 2024-25-1736 Ranchi,** **Dated: 16.07.2024**
**PR no. 326549 Dated. 15.06.2024 (2nd Call)**

The undersigned on behalf of Government of Jharkhand invites item rate bids through e-Procurement from the eligible bidders registered* in appropriate class with any State/Central Government/State /Central Government Organization for construction and maintenance for five years of the works (List of schemes shall be displayed in the website pmgsytendersjhr.gov.in) of Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna PM-JANMAN (Batch-1, 2023-24).

PM-JANMANBatch-I(2023-24)

| Sl.no. | District / Block | Package Number | Mega Package No | Road Name | Type | Length (in Kms.) | Const. Cost(in Lakhs) | Maint. Cost (in Lakhs) | Total (Const.+Maint. (in Lakh) | Total cost (in Lakh) | EMD (in Lakh) | Time period (in Month) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 1 | Jamtara/ Jamtara Sadar | JH12AEC 002 | JH-12-PMJAN-JAM-01 /2024-25 | L021-Sahar Dangal PMGSY To Chandrdipa Pharitola | Road | 2.01 | 178.8 | 15.39 | 194.19 | 648.04 | 12.96 | 12 |
| 2 | Jamtara / Kundhit | JH12AEC 004 | | L023-Talpokharia to Muridih Khijuria (Pahariyatola) via Madhaupur | Road | 4.5 | 338.09 | 27.47 | 365.56 | | | 12 |
| 3 | Jamtara / Nala | JH12AEC 001 | | L021-PMGSY Morbasa Godapal To Laldhara Pharitola | Road | 1.035 | 79.8 | 8.49 | 88.29 | | | 12 |
| | | | | Total | | 49.30 | 4416.13 | 343.48 | 4759.61 | 4759.61 | | |

The bid should be submitted online in the website **pmgsytendersjhr.gov.in**. The bidders should have valid Digital Signature Certificate for online submission of bid.

Details of bid submission is as under:

| Procurement Officer | Place of Opening | Availability of tender (on-line) for bidding: From | Availability of tender (on-line) for bidding: To | Last date & time of seeking clarification | Last date and time of bid submission | Date & time of opening (on-line) of tender: Technical bid | Date & time of opening (on-line) of tender: Financial bid |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 8 | 9 |
| Engineer in Chief, JSRRDA, Ranchi | Engineer in Chief JSRRDA, Ranchi | 19.07.2024 at 10.00 AM | 29.07.2024 upto 5.00 PM | 23.07.2024 upto 2.00 PM | 29.07.2024 upto 5.00 PM | 29.07.2024 at 05.30 PM | To be informed later |

** Non-registered bidders may also submit bid, however the successful bidders must get registered in appropriate class with appropriate authority before signing the contract.*
*** Cost may change.*

**Note :-**
1. Amount of Bid Security should be taken as mentioned in the Bid Data Sheet of the Bidding Document.
2. Cost of Bid Document (Rs. 10000) and Bid Security (as mentioned in the Bid Data Sheet) shall be deposited **online** in form as mentioned in Bid Data Sheet failing which the bid will be treated non responsive and action shall be taken as per Sec. 2 of ITB clause 12.2 (d).
3. In case, it is found, even after the award of work that the bidder has submitted/ uploaded any false/erroneous/fraudulent statement/document, he/she is liable for blacklisting and forfeiture of Bid Security.
4. Bidders must submit GST registration certificate without which bid is liable to be rejected.
5. Bidders whose names appear in the Debar/blacklist of RWD or any department of GoJ/GoI (including JSRRDA) shall not be allowed to participate in the above bids.
6. Bids submitted by bidders, who have long pending ATR(s) / made inordinate delay in execution of earlier allotted construction/ maintenance works of PMGSY, may be rejected summarily.
7. In case of any discrepancy/dispute about units in BOQ, units as mentioned in Current SOR on which BOQ has been prepared shall prevail.
8. Participating bidders are free to submit grievances, if any, against the decision of technical evaluation within five days from the date of uploading of decision of technical evaluation only through email at **jh-ce@pmgsy.nic.in** Grievance submitted after stipulated period shall not be considered.
9. Bidders must have valid registration with Employee Provident Fund organization under EPF and Miscellaneous Provisions Act 1952 failing which the bid shall be rejected.
10. Bidders must not quote rate for routine maintenance. The amount for routine maintenance as indicated in the Bill of Quantities must be acceptable to bidders.
11. For unbalanced bids, extra security will be required to be deposited by the bidder at the time of Agreement.
12. The undersigned reserves the right to cancel the tender at any stage without giving prior notice/reason.

All other details can be seen in the bidding document which is available in website **pmgsytendersjhr.gov.in** as per schedule mentioned above.

**Engineer-in- Chief**
**Rural Works Department- Cum-JSRRDA, Ranchi**

PR 329825 (Rural Work Department) 24-25 (D)

## वृक्षारोपण कर पर्यावरण को संरक्षित करने का लिया संकल्प



**सरिया/गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को सरिया के एस आर एस एस आर प्लस टू हाई स्कूल सरिया के परिसर और संत मेरी पब्लिक स्कूल सरिया परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया । इस दौरान प्लस टू हाई स्कूल सरिया के प्रधानाध्यापक खूबलाल पंडित ने बताया कि हर मनुष्य को अपने जीवन में कम से कम 10 पौधा लगाना चाहिए। क्योंकि यह धारा जब तक हरा भरा रहेगा तभी तक धरती पर मानव जीवन या जीव जंतुओं की प्राण सुरक्षित है। इसलिए हमें प्रत्येक वर्ष अपने जन्मदिन या विशेष आयोजन के मौके पर वृक्षारोपण कर उसे संरक्षित करने का संकल्प लेना चाहिए। वही संत मेरी पब्लिक स्कूल के निर्देश पीयूष सिंह भी वृक्षारोपण के दौरान कहा कि आज पूरा देश ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से जूझ रहा है। मनुष्य अपने सुख सुविधा के लिए लगातार पेड़ों, जंगलों की कटाई कर रहे हैं। इसे हमें रोकना होगा तभी इस धरा पर जीवन संभव है। कोविड काल के दौरान हम लोगों ने ऑक्सीजन की एक-एक बूंद की कीमत को समझा फिर भी बेतहाशा पेड़ों का कटाई होना यह मानव जीवन के लिए खतरे का विषय है। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष के पी कुशवाहा, सदस्य परमानंद बरनवाल, संदीप तर्वे , रंजन वर्मा, दिनेशचंद्र यादव, सुखदेव सिंह, पंकज कुमार, टूपलाल कुमार समेत दर्जनों शिक्षक व शिक्षक और कर्मचारी मौजूद रहे।

## मतदाता सूची में पुनरीक्षण कार्य का बाघमारा बीडीओ ने किया निरीक्षण



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा के तारगा पंचायत और छत्रुटाँड पंचायत में बाघमारा प्रखंड विकास पदाधिकारी डा श्र सुषमा आनन्द ने घर घर जाकर मतदाता सूची संक्षिप्त द्वितीय पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण किया। बाघमारा विधान सभा क्षेत्र 43 बाघमारा के सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ ने घर घर जाकर बीएलओ के द्वारा फार्म-6फार्म-7 और फार्म-8 के कार्य को देखा और मतदाता का मतदाता सूची में नामों को जोड़ना, स्थानांतरित एवं मृतक का नाम को हटाना और मतदाता का नाम, पता,जन्म तिथि व फोटो में अगर अशुद्धि है तो उस गलती में सुधार करने का कार्यो का तारगा पंचायत के भुरूंगिया में बूथ संख्या -138, और 139 छत्रुटाँड पंचायत के बूथ संख्या-176 और 177 के बीएलओ एवं सुपरवाईजर के द्वारा किये गये कार्यो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय बाघमारा प्रखण्ड के निर्वाचन कार्य के प्रभारी रंजीत प्रसाद, बीएलओ सुपरवाईजर भागीरथ सिंह, बिनोद महतो, बीएलओ आशा देवी, सुनीता देवी, निलम प्रभा, स्वेता दशौन्धी, अमर कुमार पासवान, माखन सिंह, बिरजु रवानी, पल्टू रवानी, कपुर रवानी, अब्दुल समद अंसारी मौजूद थे ।

## काला हीरा का चार दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ संपन्न




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सामुदायिक भवन, कोयला नगर में चल रहे चार दिवसीय आठवीं सांस्कृतिक कार्यक्रम काला हीरा का मंगलवार को समापन सामारोह हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न हुआ। समापन समारोह के अवसर पर धनबाद विधायक राज सिन्हा, 99 ग्रुप आफ कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट महेश मोदी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वैभव सिन्हा व अन्य अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत व सम्मानित किया गया। आठवीं काला हीरा कार्यक्रम में देश के कई राज्यों एवं स्थानीय कलाकारों ने सांस्कृतिक व शास्त्रीय नृत्य, नाट्य गायन में शानदार प्रस्तुतियां व झलकियां प्रस्तुत की जो धनबाद के इतिहास में एक भव्य और यादगार सांस्कृतिक कार्यक्रम बना जिसके साक्षी ऑल इंडिया थिएटर काउंसिल के कई पदाधिकारी देश के विभिन्न शास्त्रीय एवं सांस्कृतिक कलाओं के पारंगत गुरुओं, देश की कई राज्यों के नाट्य संस्थाएं के निर्देशक कलाकार व स्थानीय कलाकारों के अभिवावको थे जिन्होंने आठवीं काला हीरा में भाग लेने वाले समस्त प्रतिभावान कलाकारों का उत्साह वर्धन किया और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रतिस्पर्धाओं व गतिविधियों में निरंतर आगे बढ़ते रहने का राह दिखा कर आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम उपरांत समापन समारोह मे कलाकारों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया तथा अतिथियों को पुष्प कुछ एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया और अगले वर्ष नौवें काला हीरा कार्यक्रम में फिर से एकत्रित होकर देश की सांस्कृतिक एवं शास्त्रीय कला धरोहर को निरन्तर ज़ारी रखने के शपथ ली गई।

## मानस प्रचार समिति मानस मंदिर में वापसी रथयात्रा महोत्सव

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को संध्या 4 बजे से सीएमपीएफ आवासीय कॉलोनी स्थित कल्याणेश्वर मंदिर से श्री भगवान के विग्रह को लेकर वापसी रथयात्रा आरंभ हुई जो डॉक्टर्स कॉलोनी, न्यू कॉलोनी, स्टील गेट, सरायढेला थाना मोड़ होते हुए मानस मंदिर जगजीवन मौसी घर से पधारें। बैंड बाजा के साथ महाप्रभु जगन्नाथ, सुभद्रा मां एवं बलदाऊ की आरती कर कल्याणेश्वर मंदिर से यात्रा आरंभ हुई।सैकड़ों नगरवासी, श्रद्धालु महिलाए, बच्चे व पुरुष शामिल हुए। बैंड बाजे के साथ मार्ग पूरा भक्तिमय हो गया।

कल्याणेश्वर मंदिर स्थित मौसी घर में भगवान के फल फूल एवं भोग का इंतजाम 7 से 16 जुलाई तक किया गया था। पंडित ज्योति नारायण झा एवं पंडित सुखदेव तिवारी के अचारत्व में सभी कार्य 16 जुलाई तक किए गए।

# विदेश में फंसे 27 मजदूरों ने वतन वापसी की लगाई गुहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** झारखंड के गिरिडीह हजारीबाग और बोकारों जिले के मजदूरों का विदेश में फंसने का सिलसिला जारी है. झारखंड के प्रवासी मजदूरों के विदेश में फंसे होने का मामला एक बार फिर सामने आया है. इस बार झारखंड के 27 प्रवासी मजदूर साउथ अफ्रीका के कैमरून में फंसे हुए हैं. पिछले चार माह से मजदूरों को कंपनी द्वारा मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा है. मजदूरों के सामने खाने-पीने का संकट खड़ा हो गया है. मजदूरों ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर अपनी दुर्दशा बताई है और सरकार से वतन वापसी की गुहार लगाई है. साथ ही उन्होंने बकाया वेतन के भुगतान की मांग भी की है प्रवासी मजदूर के लिए काम करने वाले ने मदद की अपील की वहीं सामाजिक कार्यकर्ता सिकन्दर अली ने केंद्र व राज्य सरकार से मजदूरों की सकुशल वतन वापसी के लिए ठोस कूटनीतिक पहल करने की मांग करते हुए कहा कि यह कोई पहला मामला नहीं है।इसके पहले भी कई बार प्रवासी मजदूर अधिक पैसे कमाने की लालच में विदेश जाकर फंस चुके है और वतन वापसी भी चुकी।फंसे मजदूरों में गिरिडीह जिले के सरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत चिचकी के सुकर महतो डुमरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत अतकी के रमेश महतो, विजय कुमार महतो, दूधपनिया के दौलत कुमार महतो, हजारीबाग जिले के बिष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत अचलजामु के बिसुन , जोबार के टेकलाल महतो खरना के छात्रधारी महतो भीखन महतो चानो के चिंतामण महतो और बोकारो जिले के पेंक नारायणपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कडरूखुटा के मोहन महतो,डेगलाल महतो,गोविंद महतो,चुरामन महतो,जगदीश महतो,मुरारी महतो, लखीराम,पुसन महतो,गोनियाटो के कमलेश कुमार महतो, महेश कुमार महतो,दामोदर महतो, मुकुंद कुमार नायक, नारायणपुर परमेश्वर महतो, घवाइया अनु महतो,धनेश्वर महतो, रालीबेडा सितल महतो,कुलदीप हंसदा शामिल हैं।

## एक करोड़ के इनामी नक्सली को आईबी ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** एक करोड़ के इनामी नक्सल प्रयाग मांझी उर्फ विवेक की पत्नी जया को आईबी ने धनबाद के एक निजी हॉस्पिटल से गिरफ्तार किया है। जया धनबाद के हॉस्पिटल में नाम बदलकर इलाज के लिए भर्ती थी। तीन दिन पहले आईबी ने गुप्त सूचना के आधार पर उसे गिरफ्तार किया। वही उसकी गिरफ्तारी के बाद गिरिडीह के मधुबन पुलिस ने भी जया को धनबाद से अपने कस्टडी में मधुबन थाना ले आई। जहां उससे पूछताछ के बाद मंगलवार को जेल भेजा गया। जानकारी के अनुसार जया पर झारखंड में 25 लाख का इनाम घोषित था। लिहाजा, मधुबन थाना पुलिस ने जया को थाना कांड संख्या 1/19 में गिरफ्तार किया। 1/19 में 17 ष्घ्ड्ड एक्ट का केस दर्ज है। जबकि इसी जया के खिलाफ मधुबन, पीरटांड और कई और थानों में नक्सली घटनाओं के केस दर्ज किए जाने की बात कही जा रही है। मधुबन पुलिस जया को इसी 17 cla एक्ट में जेल भेज चुकी है। पुलिस सूत्रों की मानें तो पूछताछ में जया ने अपने पति प्रयाग दा उर्फ विवेक दा से जुड़ी कई जानकारी दिया है।

## सड़क किनारे लाइट की मांग को लेकर मंत्री को सौंपा ज्ञापन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह का मशहूर पर्यटन स्थल खंडोली जाने वाले रास्ते में शाम ढलते ही अंधेरा छा जाता है। अंधेरा हो जाने के कारण पर्यटकों को खंडोली पर्यटन स्थल से जल्दी वापस लौटना पड़ता है और रास्ते में भय का माहौल बना रहता है। खंडोली पर्यटन जाने वाले पर्यटकों की सुरक्षा के लिए खंडोली मोड़ से पर्यटन स्थल तक लाइट की व्यवस्था की मांग की जा रही है।

इसी आशय का एक ज्ञापन चैंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्य मुकेश जालान और व्यवसाई अवनीश अंशु ने मंत्री को ज्ञापन के माध्यम से खंडोली पर्यटन स्थल जाने वाले रास्ते में सड़क के दोनों किनारे लाइट लगाने की मांग रखी है।

ताकि पर्यटन स्थल जाने वाले लोगों को शाम ढलने के बाद सुरक्षित माहौल मिल सके। खंडोली घूमने जाने वाले पर्यटक देर शाम तक खंडोली की मनोरम वादियों का लुत्फ उठा सकें और बिना किसी भय के वापस लौट सकें।

इस संबंध में मुकेश जालान और व्यवसाई अवनीश अंशु ने बताया कि ज्ञापन मिलने के बाद केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने जल्द ही इस कार्य की अनुशंसा करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने पर्यटकों की सुरक्षा के मद्देनजर खंडोली जाने वाले रास्ते में लाइट लगवाने का भरोसा दिलाया है।

## उपायुक्त ने लगाया विशेष जनता दरबार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** समाहरणालय सभागार कक्ष में उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ विशेष जनता दरबार-सह-अंतर विभागीय समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुत्त ने सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों से पूर्व के जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों पर की गई आवश्यक कारवाई की समीक्षा की तथा सभी संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया गया कि ग्रामीण जनता/जन प्रतिनिधि के द्वारा प्राप्त आवेदनों पर सभी विभाग त्वरित कार्रवाई कर उसका निराकरण करना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में उपायुक्त, नमन प्रियेश लकड़ा ने कहा कि जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याओं और शिकायतों का निराकरण करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दूर दराज से




आमजन अपनी शिकायत लेकर समाहरणालय आते हैं, उन शिकायतों पर प्राथमिकता के साथ उचित कारवाई होनी चाहिए। उनकी शिकायतों का ससमय निराकरण करने के प्रयास होने चाहिए। ताकि आमजनों को बार बार प्रखंड/ अनुमंडल और समाहरणालय का चक्कर काटना न पड़ें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास होना चाहिए कि आमजनों के शिकायतों का निराकरण प्रखंड/ अंचल स्तर पर ही किया जाय, ताकि उन्हें भटकना नहीं पड़े। उन्होंने कहा कि आमजनों की समस्या का पूरी प्रतिबद्धता और पारदर्शिता से न्यायोचित समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और इसमें किसी की भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में की गई कारा में संसीमित बंदियों की अप्राकृतिक मृत्यु उपरांत अनुग्रह अनुदान राशि भुगतान से संबंधित बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में झारखंड राज्य अंतर्गत कारा में संसिमित बंदियों की अप्राकृतिक मृत्यु उपरांत अनुग्रह अनुदान राशि भुगतान नीति 2023 के प्रावधान के आलोक में विभाग को अनुग्रह अनुदान राशि के प्रस्ताव अनुशंसा सहित उपलब्ध कराने से संबंधित बैठक समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में की गई।

बैठक के दौरान बंदी अमन सिंह की जेल में मृत्यु के उपरांत अनुग्रह अनुदान राशि भुगतान के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान पोस्टमार्टम रिपोर्ट, मजिस्ट्रेट जांच रिपोर्ट, न्यायिक जांच रिपोर्ट एवं जेल सुपरिंटेंडेंट पर हुई कार्रवाई से संबंधित रिपोर्ट समेत विभिन्न प्रकार की जांच से संबंधित रिपोर्ट की समीक्षा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने अनुग्रह अनुदान राशि भुगतान से संबंधित कई आवश्यक दिशा निदेश दिए।

मौके पर सिटी एसपी अजित कुमार, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, अपर समाहर्ता (विधि व्यवस्था) हेमा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, डीएसपी लॉ एंड आर्डर दीपक कुमार, सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन समेत जेल के अधिकारी मौजूद रहें।

## मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के शत-प्रतिशत प्रस्ताव स्वीकृत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उप विकास आयुक्त सादात अनवर की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2024 - 25 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के क्रियान्वयन, कब्रिस्तान के संरक्षण एवं विकास के लिए स्थल चयन, कल्याण विभाग द्वारा नए छात्रावास निर्माण के लिए प्राप्त प्रस्ताव तथा प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित की गई। इस संबंध में उप विकास आयुक्त ने बताया कि बैठक में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लिए 46 प्रस्ताव प्राप्त हुए है। बैठक में शत प्रतिशत प्रस्ताव स्वीकृत किए गए। इसमें बकरी पालन के 28, सुकर पालन के 11, बत्तख चूजा पालन के 3, बैकयार्ड लेयर कुक्कुट पालन एवं बॉयलर कुक्कुट पालन के दो-दो प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। कब्रिस्तान घेराबंदी के लिए 19 अभिलेख प्राप्त हुए। जिसे स्थल चयन करने के लिए विभाग को भेजना था। लेकिन सदस्यों ने कहा कि अन्य प्रस्ताव भी अंचल कार्यालय एवं भवन प्रमंडल में लंबित है। उन सभी प्रस्ताव के प्राप्त होने के बाद अगली बैठक में इस पर निर्णय लिया जाए। नए छात्रावास निर्माण को लेकर टुंडी, बाघमारा व तोपचांची से प्रस्ताव प्राप्त हुए। जिसमें तोपचांची के मान्यता प्राप्त उम्मे सलमा उर्दू बालिका उच्च विद्यालय के प्रस्ताव को विभाग से दिशा निर्देश मांगने के लिए भेजा गया है।

## बस्ती कुल्ही गांव में हाथियों द्वारा भारी तबाही, विधायक द्वारा राहत कार्य जारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** पश्चिमी टुंडी स्थित बस्ती कुल्ही गांव में गत शनिवार रात्रि को हाथियों द्वारा भारी तबाही मचाया गया जालमाल के साथ कई मिट्टी घरों को ध्वस्त करने का समाचार प्राप्त हुआ है।

प्राप्त समाचार के अनुसार टुंडी प्रखंड के पश्चिमी क्षेत्र के मनियांडीह थाना अंतर्गत बस्ती कुल्ही गांव में शनिवार रात्रि करीब 22 हाथियों के झुंडों ने भारी तबाही मचाई तथा कई आदिवासियों के घरों को ध्वस्त कर दिया एवं घरों में रखें अनाजों को चट कर गया।इस तबाही की खबर जब टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो को हुआ तो अपने साथ टुंडी वन विभाग के अधिकारियों को साथ लेकर आये और इस भारी तबाही से हुए नुकसान का सही आकलन कर त्वरित राहत कार्य चलाने एवं मुआवजा देने का निर्देश वन विभाग को दिया। तत्काल विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने अपने निजी मद से पीड़ित परिवारों को खाद्य सामग्री उपलब्ध कराया एवं बहुत ही कम समय में लोगों को मुआवजा के तौर पर मिलने वाला राशि उपलब्ध कराने की बात कही।

इस तरह के घटना घटने पर टुंडी विधायक ने काफी अफसोस जाहिर किया और टुंडी वन विभाग को सचेत रहकर गांव वालों को सुरक्षा प्रदान करने की बात दोहराई।

बताया जाता है कि टुंडी हाथियों का शरणस्थली बन गया है आये दिन हाथियों द्वारा भोले भाले आदिवासियों को अपना शिकार बनाया जाता है जो कि बहुत ही दुखत बातें सी हो गई है। फिलहाल टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो का बस्ती कुल्ही गांव वासियों पर पैनी नजर बना हुआ है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि बसंत महतो, बीस सूत्री अध्यक्ष इंद्रलाल बास्की, प्रदीप कुमार महतो, के अलावा कई वनकर्मी उपस्थित थे।

## पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक ने किया विंडो ट्रेलिंग का निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा सोमवार को दीघाहाल्ट-सोनपुर-हाजीपुर-मुजफ्फरपुर-बेतिया रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण का किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक ने इस रेलखंड के रेलवे ट्रैक, रेल पुलों आदि का मुआयना किया। महाप्रबंधक ने रेल ट्रैक के बेहतर रख-रखाव पर संतोष व्यक्त करते हुए मानसून के दौरान संरक्षित रेल परिचालन के लिए हर संभव कदम उठाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक महोदय द्वारा मुजफ्फरपुर जंक्शन पर चल रहे स्टेशन पुनर्विकास से संबंधित कार्यो की आरएलडीए के अधिकारियों के साथ समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने 3डी मॉडल का अवलोकन किया। महाप्रबंधक ने निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा पर पूरा करने का निर्देष दिया। पुनर्विकसित स्टेशन



भवन आकर्षक डिजाइन के साथ आधुनिक यात्री सुविधाओं से लैस होगा। इस अवसर पर सोनपुर मंडल के रेल प्रबंधक विवेक भूषण सूद एवं समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री विनय श्रीवास्तव एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।इसके उपरांत महाप्रबंधक द्वारा बेतिया-नरकटियागंज रेलखंड पर प्रजापति हाल्ट के निकट समपार सं. 2बी/3ई पर निर्माणाधीन आरओबी के कार्य प्रगति की समीक्षा की गई तथा निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने का निर्देष दिया। निरीक्षण के अंतिम चरण में महाप्रबंधक महोदय बापूधाम मोतीहारी पहुंचे जहां उन्होंने बापूधाम मोतिहारी स्टेशन के पुनर्विकास हेतु चल रहे निर्माण कार्य की समीक्षा की । उन्होंने कार्य को समय पर पूरा करने का अधिकारियों को निर्देश दिया । इस अवसर पर समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री विनय श्रीवास्तव एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## पेसरार प्रखंड में हो रहे सड़क निर्माण में गड़बड़ी को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा जिले के पेशरार प्रखण्ड अंतर्गत केरार से दुग्गू मोड तक बन रहें पीसीसी पथ में भारी अनिमियतता करने के संबंध में आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल ने मंगलवार को जिला उपायुक्त कार्यालय में अपना ज्ञापन सौंपा है।जिसमे ग्रामीण विकास लोहरदगा द्वारा पेशरार प्रखण्ड के केरार गांव से दुग्गू मोड तक लगभग 19 किमी पीसीसी पथ का निर्माण पीएमजेसएसवाई योजना के तहत लगभग 13 करोड की लागत से सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। सडक निर्माण में प्राकलन अनुसार 8 इंच मोटा ढुलाई की जगह 4 से 5 इंच ही ढ़ाला जा रहा है ढालाई के पूर्व सडक पर 6 इंच जीएसबी डाल कर उसपर रोलर चला कर ही ढ़लाई करना है। परन्तु जीएसबी नहीं डाली जा रही है और सडक का निर्माण कार्य बड़े ही घटिया तरिके से कराई जा रही है। एक तरफ आनन फानन में सड़क का निर्माण कराई जा रही है और दुसरे तरफ पुर्व में किये गये सडक टूटता जा रहा है। जिसके कारण ग्राम केरार, होन्हे, चैनपुर, दुग्गु आदि गांव के ग्रामीणो में काफी नाराजगी देखा जा रहा है।नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण ग्रामीणों को झुठे केश में फसाने की धमकी देकर ग्रामीणो का मुह बंद करा दिया जाता है। सडक की चौडई 12 फीट करनी है परन्तु इस पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कार्य के संवेदक कार्य योजना का बोर्ड भी नही लगाये गया है इस सदर्भ में जब विभाग के कनीय अभियंता पंकज कुमार से मुलाकात की गई तो कनीय अभिंयता ने बताया की मैने हो रहे गलत कार्य की लीखित शिकायत अपने वरिष्ट पदाधिकारियों को किया है जिस पर हमारे सहायक अभियंता भी कई बार इस योजना में जाकर डांट डपट कर चुकें है फिर भी संवेदक द्वारा सुधार नहीं किया जा रहा है। इस योजना में लगभग 2 करोड़ का भुगतान कर दिया गया है कनीय अभिंयता के रोकने के बाद भी कार्य में सुधार नहीं लाया जा रहा है।इस दौरान सूरज अग्रवाल द्वाराग्रामीणों की समस्या सुनतें हुए अविलंब सड़क निर्माण कार्य को रोकने को उपायुक्त से मांग की है और प्राकलन के अनुसार सडक निर्माण का कार्य कराया जाए अन्यथा बाध्या होकर पेशरार के गामीणो के साथ मिलकर कार्य को बंद करते हुए आपके कार्यालय के समक्ष आजसु पार्टी के द्वारा धरना प्रर्दशन और विरोध प्रर्दशन किया जाएगा। साथ ही ऐसे भ्रस्ट संवेदक के उपर कार्यवाई करते हुए उनके उपर, प्रथमिकी दर्ज करते हुए भुगतान पर रोक लगाया जाए। साथ ही उन्होंने कहा की अवश्यकता पडने पर न्यायलय के शरण में भी जाने को तैयार हैं।

## छात्राओं को विधि व्यवस्था व न्याय तथा नियम कानून के बारे में दिया गया जानकारी

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय में मंगलवार को विद्यालय परिसर में जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देशानुसार झालसा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा विधि व्यवस्था व न्याय तथा नियम कानून के बारे में जानकारी दिया गया.बच्चियों को विधि व्यवस्था व न्याय तथा नियम कानून के बारे में जानकारी देते हुए अधिवक्ता सुरीला कुमारी व युगल किशोर द्वारा डायन कुप्रथा,बाल विवाह,भ्रूण हत्या,नशा उन्मूलन और लिंग भेद के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया.साथ ही बताया गया की ये सब अंधविश्वास है.जिसे इस तरह का अपराध करने वाले और नियम कानून का उलंघन करने वालों को न्यायालय में न्यायधीशों के द्वारा कठोर दंड दिया जाता है.शिक्षा व जागरूकता से ही ऐसी कुप्रथाएँ और सामाजिक बुराइयों को दूर भगाया जा सकता है.साथ ही एक जुलाई से लागू नये नियम के बारे में बताया गया.तथा छात्राओं और बालिकाओं को पढ़ाई तथा खेल के लिये सरकार की ओर से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दिया गया.मौके पर पीएलभी पुनु देवी,वार्डेन पूनम कुमारी के अलावे सोनी टोप्पो,सिकन्दर हयात,नीलिमा टेटे,जयमाला कुमारी,अलका रीना लकड़ा,प्रियंका एक्का सहित सभी शिक्षिकाएँ उपस्थित थे.

## अंचल अधिकारी ने बीएलओ पर्यवेक्षक के साथ बैठक कर दिया आवश्यक दिशा निर्देश

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में चुनाव आयोग के निर्देशानुसार अंचलाधिकारी सह प्रखंड निर्वाचन निबन्धन पदाधिकारी ने बीएलओ पर्यवेक्षकों के साथ बैठक कर आगामी विधान सभा चुनाव को लेकर दिया आवश्यक दिशा निर्देश। मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनिरिक्षकन बैठक में अंचलाधिकारी सह प्रखंड निबन्धन निर्वाची पदाधिकारी राकेश कुमार तिवारी ने आगामी विधान चुनाव में मतदताओं का सुविधा के लिये बीएलओ पर्यवेक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि जिन मतदान केंद्रों प्रपत्र 6,7 और 8 का इंट्री नही हुआ है या कम हुआ है। वैसे मतदान केंद्रों बीएलओ के साथ जाकर प्रपत्र नये मतदताओं का नाम जोड़ने के लिये प्रपत्र 6 भरने तथा मृत मतदताओं का नाम हटाने के लिये प्रपत्र 7 भरने और मतदताओं का मतदाता पहचान पत्र में नाम व पता सुधार करने के लिये प्रपत्र 8 भरने का निर्देश दिया गया.मौके पर सुजीत उराँव,रिझवान अख्तर,गुहा उराँव,मुदस्सर हुसैन,संदीप रजक,नागमनी उराँव सहित अन्य उपस्थित थे।

## मांडर विधान सभा स्तरीय अभिनन्दन सह संकल्प सभा का सफल आयोजन संपन्न




**बेडो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर विधानसभा स्तरीय अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा का सफल आयोजन कोल्ड स्टोर प्रसार केशा मोड़ बेडो में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पूर्व शिक्षा मंत्री झारखंड सरकार श्री मति नीरा यादव, पुर्व सांसद श्री सुदर्शन भगत, राष्ट्रीय अध्यक्ष स्ज्ञ मोर्चा श्री समीर उरांव, पुर्व विधायक श्री मति गंगोत्री कुजूर, कार्यक्रम प्रभारी सन्नी टोप्पो, जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो, जीप सदस्य हिंदिया टोप्पो,रामनारायण भगत,प्रदीप महली,सुधाकर चौबे, संजीव तिवारी, डॉ. अनिमा लकड़ा आदि उपस्थित रहे। संचालन जिला महामंत्री प्रीतम साहू तथा सतीश कुमार शाह ने किया। कार्यक्रम में भाजपा के बूथ अध्यक्षों को अंगवस्त्र और पौधा देकर अभिनंदन किया गया साथ ही वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को भी समान्नित किया गया। स्व शिवनाथ तिग्गा की बहन नीतू कुजूर की अगुवाई में 50 कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया। अपने संबोधन में वक्ताओं ने आगामी विधानसभा चुनाव में विजय हेतु संकल्प दिलाया तथा कार्यकर्ताओं में जोश भरा इस कार्यक्रम में विधानसभा के सभी 430 बूथों के अध्यक्षों को आमंत्रित किया गया था साथ ही 8 मंडल के अध्यक्ष क्रमशः चान्हो विजय कुमार, बिजुपाडा सतानंद सिंह, मांडर खद्दी उरांव, इटकी राजकुमार तिर्की, टांगरबसली अशोक साहू, नारकोपी सुखदेव कच्छप,लापुंग दुखहरण सिंह तथा बेड़ो आलोक मिश्रा के साथ पूरी मंडल की टीम उपस्थित रही।

# सांसद सुखदेव भगत ने जिला के विकास कार्यों की समीक्षा की

# समन्वित प्रयास से जिले के विकास के लिए वे तत्परता के साथ खड़े हैं : सुखदेव भगत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा सुखदेव भगत माननीय सांसद लोहरदगा लोकसभा लोकसभा क्षेत्र ने समाहरणालय सभागार में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ की। मनरेगा की समीक्षा के क्रम में उन्होंने कहा कि इस योजना में ज्यादा से ज्यादा श्रमिकों की भागीदारी बढ़ायें।साथ ही बिरसा हरित ग्राम के तहत लगाए गए पौधों को उन्होंने समुचित देखभाल करने को कहा ताकि भविष्य में उसका विकास अच्छा हो। इसके साथ ही उन्होंने वीर शहीद पोटो हो, बिरसा सिंचाई कूप, आधार आधारित भुगतान प्रणाली, प्रधानमंत्री आवास, अबुआ आवास आदि महत्वपूर्ण संचालित योजनाओं की एक-एक कर जानकारी लेते हुए समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

समेकित जनजाति विकास अभिकरण के कार्यों के समीक्षा के क्रम में उन्होंने ज्यादा से ज्यादा छात्रों को प्री मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति से ससमय अच्छादित करने का निर्देश दिया । इसके साथ ही उन्होंने कुक्कुट पालन योजना एवं एम.एस.डी.पी. के तहत संचालित विकास कार्यों की अद्यतन जानकारी ली। स्वास्थ्य विभाग के समीक्षा के क्रम में उन्होंने जिले के सदर अस्पताल के आई.सी.यू. को और भी ज्यादा दुरुस्त करने को कहा। साथ थी उन्होंने डायलिसिस सेंटर को नियमित रूप में संचालित करने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों में एंटीवेनम एवं एंटीरेबीज दवाओ की उपलब्धता सुनिश्चित हो। इसके साथ ही उन्होंने ए.एन.सी.,संस्थागत प्रसव, टीकाकरण,स्कूली बच्चों का नेत्र जाँच, कुपोषण उपचार केंद्र,मेडिकल मोबाइल यूनिट आदि की भी जानकारी ली। आपूर्ति



विभाग की समीक्षा के क्रम में उन्होंने जिला में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा आमजन को दी जाने वाली अनाजों की जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने जिले में धान अधिप्राप्ति की अद्यतन जानकारी ली। कृषि विभाग में उन्होंने सोएल हेल्थ टेस्ट,टपक सिंचाई, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन,आत्मा,बिरसा फसल विस्तार योजना आदि की जानकारी ली इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय बागवानी मिशन की जानकारी लेते हुए ड्रैगन फरूट की खेती को बढ़ावा देने को कहा। सहकारिता विभाग में संचालित लैंपस एवं फैक्स की जानकारी ली। समाज कल्याण विभाग को उन्होंने जिले में डायन विषय को प्रथा को रोकने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया इसके साथ-साथ उन्होंने विभाग द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केंद्र, कुपोषण, बाल मृत्यु दर,महिला मृत्यु दर,सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना,मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, प्रधानमंत्री वंदना योजना की भी जानकारी ली। योजना विभाग के तहत संचालित केंद्र प्रायोजित विशेष केंद्रीय सहायता के कार्यों की भी उन्होंने एक-एक कर जानकारी प्राप्त की। उद्योग विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम,पीएम विश्वकर्म योजना की जानकारी अग्रणी बैंक प्रबंधक से ली। इसके साथ ही उन्होंने सामाजिक सुरक्षा,पेयजल एवं स्वच्छता,एन आर ई पी,विद्युत,विशेष प्रमंडल,आर ई ओ,जे एस एल पी एस द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं की जानकारी ली। अंत में सभी पदाधिकारीयों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जिले के विकास के लिए वह हमेशा से तात्पर हैं,लोग अपनी बातों एवं समस्याओं को रखें इसको वे राज्य एवं केंद्र सरकार तक पहुंचाएंगे और उनके समस्याओं का निदान का भरसक प्रयास करेंगे। वे जिले के आम जन एवं प्रशासन के साथ हमेशा खड़े हैं। समन्वित प्रयास से ही जिले का समुचित विकास होगा। इच्छा शक्ति से हर समस्या का निदान किया जा सकता है। मौके पर मुख्य रूप से उपायुक्त लोहरदगा डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण,उप विकास आयुक्त श्री दिलीप प्रताप सिंह सेखावत, वन प्रमंडल पदाधिकारी श्री अभिषेक कुमार,अपर समाहर्ता श्री जितेन्द्र सिंह मुंडा,निदेशक आई टी डी ए सुशमा नीलम सोरेंग,अनुमंडल पदाधिकारी श्री अमित कुमार,जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री ज्ञानशंकर जायसवाल,डी सी एल आर श्रीमती सुजाता कुजूर,कार्यपालक दंडाधिकारी श्री प्रमोद दास,जिला सब रजिस्ट्रार सुभाष दत्ता,नजारत उप समाहर्ता श्री अभिनीत सूरज सहित जिला के सभी विभागों के विभागीय प्रधान उपस्थित थे।

## पत्नी की हत्या कर पति फरार, घटना स्थल से पुलिस ने किया शव बरामद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेन्हा-लोहरदगा पतलो ग्राम में सोमवार रात्रि आपस में मामूली विवाद होने पर पति ने पत्नी को मारपीट एवं पटक पटक कर हत्या कर दिया। हत्या करने के उपरान्त पति घर से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस पँहुच शव को कब्जे में लेकर आगे की कारवाई में जुट गई। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के पतलो ग्राम निवासी स्वर्गीय चतुर चिक बड़ाइक का 55 वर्षीय पुत्र नरेश चिक बड़ाइक ने सोमवार रात्रि में मामूली विवाद में अपनी पत्नी की हत्या कर दिया वही बताया जाता है कि नरेश चिक बड़ाइक शराब का सेवन करने के बाद प्रायः परिवार से लड़ाई झगड़ा करता रहता था। जिसके कारण अक्सर पत्नी लाली देवी ईंट



भट्ठा कमाने चली जाती थी। इस बार भी ऐसा ही हुआ था जो उत्तर प्रदेश के गोरखपुर ईंट भट्ठा से कमा कर एक माह पहले आई थी कि पति पत्नी के बीच विवाद हुआ और हत्या घटना को अंजाम दे पति फरार हो गया। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि नरेश चिक बड़ाइक शराब के नशे में अपनी पत्नी लीला देवी से लड़ाई करने लगा और गुस्से में आ कर अपनी पत्नी को घर के आंगन में पटक पटक कर लात मुक्का से मार पिट करने लगा और घसीट कर घर के अंदर ले गया। मार पीट एवं पटकने से सिर में गहरी चोट लगने के अलावे शरीर के कई हिस्से में भी अंदरूनी चोट लगने का निशान है। जिसे महिला की मौत हो गई। मृतक महिला लाली देवी का पुत्र प्रकाश चिक बड़ाइक गांव में ही दोस्त के घर सोने गया हुआ था। घर में दोनों पति पत्नी थे तभी महिला लाली देवी के पति नरेश चिक बड़ाइक ने मार पीट कर और पटककर पत्नी की हत्या कर दिया। हत्या के सूचना ग्रामीणों के माध्यम से मुखिया बंधन उरांव को दिया गया। जिसे बंधन उरांव ने सेन्हा थाना पुलिस को खबर दिया। घटना की सूचना मिलने पर सेन्हा थाना प्रभारी अजीत कुमार दल बल के साथ पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिया और अग्रतर करवाई में जुट गये। वही हत्यारा पति नरेश चिक बड़ाइक हत्या करने के बाद से फरार है। थाना प्रभारी अजीत कुमार ने कहा कि पति ने अपने पत्नी की हत्या लात मुक्का और पटक पटक कर दिया है। मृतिका के सिर में गहरी चोट लगी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया गया।

## जन भावना फाउंडेशन के द्वारा निशुल्क हेल्थ जांच शिविर लगाया गया



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के गरजा पंचायत सचिवालय में जन भावना फाउंडेशन (एनजीओ) के बैनर तले निशुल्क हेल्थ जांच शिविर लगाया गया। इस शिविर में मुख्य अतिथि झारखंड पार्टी के युवा नेत्री सुश्री आईरिन एक्का एवम विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड पार्टी के सलाहकार श्री अभय विश्वकर्मा उपस्थित हुए। सर्वप्रथम आईरिन एक्का द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। इस स्वास्थ जांच शिविर में लक्ष्मी नर्सिंग होम, खैरन टोली सिमडेगा के डॉ सुरज कुमार सिंह के साथ नर्स सुनीता कुमारी, नर्स सुमंती कुजूर, नर्स प्रियंका कुल्लू, अभिषेक कुमार सहित टीम उपस्थित होकर लोगों को जांच कर मेडिसिन दिया। इस जांच शिविर में आईरिन एक्का ने कहा कि जन भावना फाउंडेशन जिस उद्देश्य के साथ स्वास्थ को लेकर लोगों को जागरूक करने का काम कर रहा है और क्षेत्र में लोगों को सेवा देने का काम कर रहा है निश्चित रूप से हमारे लोगों को बड़ चढ़ भाग लेने की जरुरत है। अपने वक्तव्य में आगे यह भी कहा कि अगर हमारी पार्टी को लोगों का समर्थन मिलता हैं तो निश्चित रूप से सभी पंचायत में मेडिकल जांच केन्द्र 24 घंटे रहेगी,जिसे कि हमारे लोगों को अपने ही क्षेत्र में स्वाथ्य लाभ मिलेगा। इस कार्यक्रम में संस्था के जिला हेड खुशीराम कुमार, ब्लॉक हेड संगीता डुंगडुंग, ब्लॉक हेड मनोज बिलुंग, ब्लॉक हेड आनन्द सनमानी बड़ाईक, पंचायत हेड सुबासिनी देवी, पंचायत हेड क्लारा खलखो मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## घायल वृद्ध महिला को रांची रिम्स ले जाने के दौरान हुई मृत्यु

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा-लोहरदगा कंडरा चौक में हुई सड़क दुर्घटना में बुटी मोड़ निवासी स्वर्गीय पारसनाथ भगत की 75 वर्षीय पत्नी फुलमनी उराँव गम्भीर रूप से घायल हो गई थी। जिसको इलाज के लिये रिम्स राँची ले जाते समय रास्ते में मृत्यु हो गई। सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा चौक में सोमवार को अपराह्न में बोलोरो संख्या जे एच 01डी 1254 के चालक लापरवाही से वाहन चलाते हुए बुटी की ओर जा रहा था। उसी दौरान कण्डरा में बुटी मोड़ के समीप 75 वर्षीय वृद्ध महिला फुलमनी उराँव को अपने चपेट में ले लिया। जिससे महिला के पैर में गम्भीर चोट तथा माथे में अंदरूनी भी चोटें आई थी। जिसे प्राथमिक उपचार के उपरांत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा से सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर किया गया था। परंतु घायल वृद्ध महिला का स्वास्थ्य स्थिति में सुधार नही होने पर चिकित्सकों द्वारा बेहतर इलाज हेतु रिम्स राँची रेफर किया गया था। वही घायल वृद्ध महिला को इलाज के लिये रिम्स राँची ले जाने के दौरान रास्ते में मृत्यु हो गई। घटना के उपरांत सेन्हा पुलिस द्वारा बोलोरो जे एच 01 डी 1254 को जप्त कर पुलिस अग्रतर कारवाई में पुलिस जुट गई है।

## प्रखंड सह अंचल कर्मियों द्वारा काला बिल्ला लगा कर कार्य किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेन्हा-लोहरदगा प्रखंड सह अंचल कर्मियों ने सरकार द्वारा अनुमोदित उच्च स्तरीय अनुशंसा के आलोक में अपनी मुख्य मांगो को लेकर सरकार के प्रति रोष प्रकट करते हुए काला बिल्ला लगा कर कार्य किया गया। झारखण्ड राज्य आनुसचिवीय कर्मचारी संघ के आह्वाहन पर समाहरणालय सहायक,मुख्य अनुसचिवीय पदाधिकारी,सहायक प्रशासी अधिकारी, समाहरणालय वरीय सहायक,प्रशासी अधिकारी सहित नौ सूत्री के तहत विभिन्न मांगों को लेकर




सेन्हा प्रखंड सह अंचल कार्यालय में कार्यरत तृतीय व चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों ने मंगलवार को काला बिल्ला लगा कर सरकार के प्रति रोष प्रकट करते हुए कार्य किया। प्रखंड सह अंचल कार्यालय के प्रधान लिपिक बिफई उराँव ने जानकारी देते हुए बताया गया की अपनी मांगों को लेकर झारखण्ड अनुसचिवी कर्मचारी संघ द्वारा 14 जुलाई को राजभवन का घेराव किया गया था। और साथ ही कहा गया की सरकार कर्मचारी संघ की मुख्य मांगो को नही मानती है। तो आगामी 18 जुलाई को 2 बजे 5 बजे तक पेन डाउन हड़ताल पर रहेंगे।

20 जुलाई उपायुक्त को ज्ञापन देते हुए जानकारी दिया जायेगा कि 22 जुलाई से अभी कर्मचारी अनिश्चित कालीन हड़ताल रहेंगे। मौके पर दिनेश कुमार सिंह,जुनैद अहमद, जयराम उराँव, इकबाल अंसारी, पूजा कुमारी,कमला लकड़ा, गणेश महली,महावीर असुर, बिंदु कुमारी,दिवाकर पाण्डेय,विनय सिंह,खालिद बेलाल सहित अन्य सभी कार्यरत कर्मचारी उपस्थित थे।

# शहरवासियों को रोगमुक्त रखने में वरदान साबित होगा ओपेन जिम सेंटर : विधायक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विधायक, डीसी और एसपी सिमडेगा ने गांधी मैदान स्थित महात्मा गांधी स्मारक स्थल के पास ओपेन जिम का किया उद्घाटन, सिमडेगा फीट इंडिया योजना के तहत गांधी मैदान स्थित महात्मा गांधी स्मारक स्थल के पास ओपेन जिम का उद्घाटन मंगलवार को किया गया। ओपेन जिम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित विधायक भूषण बाड़ा सहित डीसी अजय कुमार सिंह, डीसी सौरभ कुमार आदि ने फीता काटकर किया। मौके पर विधायक ने शिलापट्ट का अनावरण भी किया। इसके बाद परिसर में लगे जिम में व्यायाम भी की। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि आज भाग दौड़ भरी जिंदगी में किसी के पास व्यायाम करने का समय नहीं है। उन्होंने कहा कि



भागदौड़ की जिंदगी और अनियमित दिनचर्या की वजह से हमें बीमारियों के आने से रोक पाना एक बहुत बड़ी चुनौती है।

अपने स्वास्थ्य को शारीरिक, मानसिक और सामाजिक तौर पर संतुलित रखना एक संपूर्ण स्वस्थ व्यक्तित्व का द्योतक है। आज मशीनों के बढ़ते प्रयोग, प्रदूषण, मिलावट, कीटनाशकों के प्रयोग एवं शारीरिक श्रम के कम होने से बीमारियों के बढ़ने का खतरा और भी ज्यादा बढ़ गया है। अगर हम प्रतिदिन कुछ देर व्यायाम करें तो हमारा शरीर फीट रहेगा। साथ ही कई बिमारियों से छूटकारा भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि पर्यटन कला, संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग द्वारा शहरी क्षेत्र में ओपेन जिम का निर्माण सराहनीय पहल है। शहर के बीचो बीच ओपेन जिम खुलने से लोगों को सुबह शाम व्यायाम करने में आसानी होगी। जिम जाने की भी जरुरत नहीं पड़ेगी। ओपेन जिम सेंटर शहरवासियों को रोगमुक्त रखने के लिए वरदान साबित होगा। मौके पर विधायक ने जिले में क्रिकेट मैदान निर्माण के लिए प्रशासन को जमीन चिंहित करने का निर्देश दिया। कार्यक्रम में मंच संचालन विद्या बड़ाईक ने किया। मौके पर जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी समीर रौनियार खलखो, जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, विधायक प्रतिनिधि सह पालकोट प्रखंड प्रभारी तिलका रमन,नगर अध्यक्ष अरशद हुसैन (अक्षण),नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद,चंदन कुमार सिंह,तनवीर खान,रघुबीर प्रधान,लखन सिंह सहित शहर के कई लोग उपस्थित थे।

### आधुनिक युग में निरोग रहने के लिए नियमित व्यायाम बहुत जरुरी : डीसी

मौके पर डीसी अजय कुमार सिंह ने कहा कि आधुनिक युग में निरोग रहने के लिए नियमित योग एवं व्यायाम बहुत जरुरी है। आम लोगों का तेजी से बदलते जीवन शैली की वजह से उसमें कई बीमारी बढ़ा है। इसको नियंत्रित करने के लिए नियमित व्यायाम कारगर विकल्प के रुप में स्थापित हुआ है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को ओपेन जिम का लाभ लेने

### भागदौड़ भरी जिंदगी में नियमित व्यायाम जरुरी : एसपी

एसपी सौरभ कुमार ने कहा कि नियमित व्यायाम से स्वास्थ्य निरोग रहता है। स्वस्थ्य और निरोग रहने के लिए कुछ देर व्यायाम अति आवश्यक है। क्योंकि स्वस्थ्य शरीर में स्वस्थ्य मन का वास होता है। उन्होंने कहा कि ओपेन जिम शहरवासियों को रोगमुक्त रखने के लिए कारगर साबित होगा है, शहरवासी इसका लाभ लें।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

# प्रभात मंत्र



## चलते चलते एक नजर

### दिल्ली में केदारनाथ मंदिर निर्माण के विरोध में कांग्रेस गंगा स्नान कर निकालेगी पदयात्रा



**देहरारादून :** दिल्ली में केदारनाथ मंदिर निर्माण को लेकर कांग्रेस पार्टी मुखर होकर विरोध की आवाज बुलंद करेगी और इस मुद्दे को लेकर आंदोलन छेड़ेगी। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में 24 जुलाई से केदारनाथ बचाओ अभियान के तहत हरिद्वार से गंगा स्नान कर जय गंगे, जय केदार पदयात्रा की शुरुआत की जाएगी। यह यात्रा केदारनाथ में पूजा के साथ संपन्न होगी।मंगलवार को यहां कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष करना माहरा और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सीडब्ल्यूसी सदस्य व बदरी केदार मंदिर समिति के पूर्व अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने संयुक्त रूप से पत्रकार वार्ता की, जिसमें मुख्यमंत्री धामी पर तीखा हमला बोला।नेताद्वय ने कहा कि दिल्ली में केदारनाथ मंदिर निर्माण का कांग्रेस पुरजोर तरीके से विरोध को आगे भी जारी रखेगी। इस मौके पर पार्टी मुख्यालय में शहीदों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। गणेश गोदियाल ने उपचुनाव में पार्टी की जीत पर बदरीनाथ और मंगलौर की जनता का आभार जताया।

### युवा आजसू ने राज्यपाल को सौंपा 8 सूत्री ज्ञापन

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** युवा आजसू के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात कर युवाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर आवश्यक कार्रवाई करने को लेकर आठ सूत्री ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने बेरोजगारी की वजह से बढ़ते पलायन, रिक्त पड़े तीन लाख पदों को भरने, नशे के बढ़ते कारोबार, परीक्षा में धांधली समेत अन्य कई समस्याओं की ओर राज्यपाल का ध्यान आकृष्ट कराया। ज्ञापन के माध्यम से युवा आजसू ने एजी कॉलोनी, कडरू, रांची स्थित पौराणिक शिव मंदिर परिसर से सटे भवन में संचालित ओना बार और रेस्टोरेंट के अलावा वैसे सभी बार व शराब दुकानें जो धार्मिक स्थलों और विद्यालयों के आसपास संचालित हो रही हैं उन सबकी जांच कराकर बंद कराने की मांग की। इसके अलावा पीजीटी नियुक्ति परीक्षा में हुई धांधली मामले में राज्य के युवाओं को न्याय दिलाने के लिए उच्चस्तरीय जांच कराने की भी मांग की। युवा आजसू के पदाधिकारियों ने कहा कि युवा राज्य के भविष्य हैं। सशक्त युवा ही बेहतर राज्य की परिकल्पना को पूरा कर सकते हैं लेकिन वर्तमान समय में राज्य के युवा शैक्षणिक, रोजगार और सामाजिक समस्याओं से जूझ रहे हैं। उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं से राज्य सरकार ने मुंह मोड़ लिया है। बढ़ते नशे के कारोबार के चपेट युवा अपने भविष्य को बर्बाद कर रहे हैं। अपने हक और अधिकार के लिए युवा सड़कों पर हैं।

#### झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के 5 सदस्यीय टीम पहुंचा दुमका

# आबादी के अनुपात में अल्पसंख्यकों को मिले भागीदारी : हिदायतुल्ला खान

**टीम का नेतृत्व आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्ला खान ने किया**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग की टीम सोमवार को दुमका सर्किट हाउस पहुंच पहुंची। टीम का नेतृत्व झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्ला खान कर रहे थे।

आयोग की टीम में पांच और सदस्य मौजूद थे। जिसमें सदस्य के रूप में क़ारी बरकत अली, डॉक्टर सुशील मरांडी, सबिता टुडू, इकरार-उल-हसन एवं सफ्फार अंसारी मौजूद थे।

सोमवार की रात दुमका परिषदन में आयोग की टीम के आगमन पर जिला के प्रशासन के इलावा बड़ी संख्या में झारखंड मुक्ति मोर्चा एवं कांग्रेस के स्थानीय नेताओं ने आयोग की टीम का भव्य स्वागत किया।

### बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने अपनी समस्याओं को आयोग के समक्ष रखा

काफी बड़ी संख्या में स्थानीय अल्पसंख्यक समाज के लोगों ने अपना आवेदन लेकर अपनी समस्याओं को आयोग के समक्ष पेश किया। जिसमें मुस्लिम समाज के अलावा बड़ी संख्या में ईसाई समुदाय के लोगों ने भी अपनी समस्याओं से आयोग को अवगत कराया। साथ ही लिखित आवेदन भी अध्यक्ष के नाम पर समर्पित किया। जिस पर आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्ला खान ने सभी लोगों को उनके समस्याओं के निराकरण हेतु कार्रवाई करने की बात कही। मंगलवार को भी दिन के 1.30 से 2.30 बजे तक जनसुनवाई का कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें दिन में भी काफी बड़ी संख्या में मुस्लिम एवं ईसाई समाज के लोग आवेदन के साथ आयोग के समक्ष अपनी समस्याओं को रखा।



### दुमका जिला प्रशासन के साथ हुई बैठक

समीक्षा बैठक दुमका जिला प्रशासन के साथ प्रारंभ हुई जो कि 4.00 बजे तक चली। समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से सरकार द्वारा चलाई जा रही जन-कल्याणकारी योजनाओं में अल्पसंख्यकों को इनकी आबादी के अनुपात में भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही गई। समीक्षा बैठक में जिला के सभी विभाग के पदाधिकारी अपने विभाग की रिपोर्ट के साथ शामिल हुए। कुछ विभाग के पदाधिकारी उपस्थित नहीं हो पाए और उनकी रिपोर्ट भी नहीं मिल पाई। जिस पर आयोग की टीम ने अपनी नाराजगी व्यक्त की और जिले के वरीय पदाधिकारियों से उनकी रिपोर्ट मंगा कर ईमेल के माध्यम से आयोग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

## झारखण्ड अनुसचिवीय कर्मचारी संघ समाहरणालय संवर्ग ने फूंका आंदोलन का बिगुल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** झारखण्ड अनुसचिवीय कर्मचारी संघ (समाहरणालय संवर्ग) के द्वारा संघ के ज्ञापांक 41दिनांक 14/07/2024 के द्वारा पूर्व में घोषित कार्यक्रम के तहत 09 सूत्री माँग की पूर्ति हेतु समाहरणालय पलामू अंतर्गत सभी ब्लॉक एंव अंचल कार्यालय, अनुमण्डल कार्यालय तथा उपायुक्त के कार्यालय में कार्यरत सभी लिपिक, अनुसेवक एंव कम्प्यूटर ऑपरेटर के द्वारा मंगलवार को काला बिल्ला लगा कर सरकारी कार्य निष्पादित किया गया. सभी कर्मियों में सरकार के विरुद्ध काफी रोष एवं निराशा है। यदि सरकार हमारी 9 सूत्री माँगो को पूरा नहीं करती है तो संघ के द्वारा निर्धारित तिथि के तहत दिनांक 18/07/2024 को अपराह्न 2बजे से 05 बजे तक पेन डाउन एंव दिनांक 20/07/2024 को उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए संध्या में कैंडल मार्च कर दिनांक 22/07/ 2024 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जायेंगे. इस बात की जानकारी रंजय कुमार सिंह जिला अध्यक्ष पलामू ने दी।

## डोनाल्ड ट्रंप ने जेडी वेंस को बनाया उपराष्ट्रपति पद का प्रत्याशी



**एजेंसी**

**वाशिंगटन :** अमेरिका में इसी साल नवंबर में होने वाले आम चुनाव में ओहियो के सीनेटर जेडी वेंस भी अपनी किस्मत आजमाएंगे। रिपब्लिकन नेता और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जेडी वेंस को उपराष्ट्रपति पद का प्रत्याशी चुना है। 39 वर्षीय वेंस की शादी भारतवंशी उषा चिलुकुरी वेंस से हुई है। उषा आंध्र प्रदेश की मूल निवासी हैं।ट्रंप ने सोमवार को अपने ट्रुथ सोशल नेटवर्क पर लिखा,लंबे विचार-विमर्श और मंथन के बाद मैंने फैसला किया है कि अमेरिका के उपराष्ट्रपति का पद संभालने के लिए सबसे उपयुक्त व्यक्ति ओहियो के सीनेटर जेडी वेंस हैं।उन्होंने कहा कि कई अन्य लोगों की जबरदस्त प्रतिभा को देखने के बाद जेडी वेंस के नाम पर मुहर लगाई गई है।पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि जेडी ने मरीन कॉर्प्स में अमेरिका की सेवा की है। जेडी वेंस की तारीफों के पुल बांधते हुए ट्रंप ने बताया कि वेंस एक लेखक होने के साथ-साथ बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं। जेडी की पुस्तक हिलबिली एलेजी बेस्टसेलर में गिनी जाती है। हॉलीवुड में इस पर फिल्म भी बनाई जा चुकी है। ट्रंप के मुताबिक वेंस ने अपनी इस कृति में अमेरिका के मेहनती पुरुषों और महिलाओं का समर्थन किया है। ट्रंप ने वेंस को उपराष्ट्रपति पद का प्रत्याशी बनाने के साथ-साथ यह भी बताया कि रिपब्लिकन खेमे के प्रचार अभियान के दौरान वेंस उन लोगों पर विशेष ध्यान देंगे जिनके लिए उन्होंने शानदार लड़ाई लड़ी है।

# दुलदुलवा में 200 से अधिक लोग झामुमो में हुए शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने मंगलवार को गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के मेराल प्रखंड अंतर्गत विभिन्न गावों का दौरा किया। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ग्रामीणों से रू-ब-रू हुए। उन्होंने क्षेत्र की समस्या से अवगत होते हुए यथाशीघ्र निदान करने की बात कही।





इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने दुलदुलवा में बरवाही शिव मंदिर के समीप, पेंदली में बजरंग बली मंदिर के समीप, ग्राम गोबरदाहा में तेलईदह शिव मंदिर के समीप, ग्राम चामा में शिवनाथ विश्वकर्मा के घर के समीप आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया।

वे ग्रामीणों एवं क्षेत्र की समस्या से अवगत हुए। साथ ही ग्राम नवादा में मुहर्रम कमिटी की ओर से आयोजित कार्यक्रम तथा गढ़वा प्रखंड के करके ग्राम में मुहर्रम के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में भी मंत्री ने भाग लिया।

इस दौरान झारखंड सरकार के कार्यो से प्रभावित होकर दुलदुलवा में विभिन्न राजनीतिक दलों को छोड़कर 200 से अधिक लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गये।मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि वे ग्रामीणों की हर समस्या दूर करने के लिए तत्पर हैं। जब से गढ़वा की जनता ने उन्हें आशीर्वाद देकर अपना सेवक चुना है तब से वे लगातार क्षेत्र में रह कर जनता के हर सुख-दुख में साथ हैं।मौके पर झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, अंकित पांडेय, दिलीप गुप्ता, दीपमाला सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने की पत्थर लघु खनिज के डीएसआर से संबंधित अनुमण्डल स्तरीय समिति की बैठक

**रांची:** रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में मंगलवार को पत्थर लघु खनिज को लेकर अनुमण्डल स्तरीय समिति के जरिये तैयार किये गये डिस्ट्रिक सर्वे रिपोर्ट (डीएसआर) को अंतिम रूप प्रदान करने से संबंधित बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिला खनन पदाधिकारी के जरिये बताया गया कि पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से भारत के राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के आलोक में अनुमण्डल स्तरीय समिति के जरिये रांची जिला के पत्थर लघु खनिज (बालू छोड़कर) के ड्राफ्ट डिस्ट्रिक सर्वे रिपोर्ट (डीएसआर) को 12 जून को रांची जिला के एनआईसी पोर्टल पर अपलोड किया गया। 21 दिनों की अवधि के बाद आम जनता से आपत्ति-सुझाव के पश्चात ड्राफ्ट डिस्ट्रिक सर्वे रिपोर्ट (डीएसआर) को संशोधित भी किया गया।

# सर्वदलीय बैठक में की गई कर्नाटक सरकार की निंदा



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** कावेरी नदी के पानी को लेकर एक बार फिर तमिलनाडु और कर्नाटक राज्य के बीच तनातनी शुरू हो गई है। कावेरी का कम पानी छोड़े जाने को लेकर मंगलवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। राज्य भवन में आयोजित इस बैठक में कर्नाटक सरकार के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया।

बैठक के बाद तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मीडिया से बातचीत में बताया कि सर्वदलीय बैठक में राज्य को कावेरी का पानी देने से इनकार करने के लिए कर्नाटक सरकार की कड़ी निंदा की गई है। उन्होंने कहा कि कावेरी जल नियामक समिति (सीडब्ल्यूआरसी) से आग्रह किया गया है कि वे कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण (सीडब्ल्यूएमए) को आदेश दें कि वह कर्नाटक सरकार को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत तमिलनाडु को कावेरी का पानी देना सुनिश्चित करें।इससे पहले मुख्यमंत्री स्टालिन ने अपने बयान में कहा था कि कर्नाटक सरकार का कावेरी जल नियामक समिति के निर्देश के अनुसार पानी छोड़ने से इंकार करना तमिलनाडु के किसानों के साथ विश्वासघात है। राज्य के किसानों के साथ अन्याय को तमिलनाडु नहीं सहेगा। उन्होंने कहा कि कर्नाटक के चार बांधों में 75.586 टीएमसी फुट पानी है। जबकि तमिलनाडु के मेट्टूर जलाशय में 13.808 टीएमसी फुट पानी है।समझौते के अनुसार कर्नाटक को कावेरी का पानी देना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर कर्नाटक सरकार ने राज्य को पानी नहीं दिया तो वे सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे।

# जनता का कोई भी कार्य नहीं रहेगा अधूरा : मंत्री मिथिलेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** स्थानीय विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने मेराल प्रखंड के रजहारा गांव में वज्रपात की घटना से पीड़ित शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की। मंत्री ने परिजनों को हर सरकारी लाभ दिलाने एवं अन्य सहयोग देने की बात कही। साथ ही मंत्री ने संबंधित पदाधिकारी को तत्काल सरकारी प्रावधान के अनुरूप सभी सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही मंत्री ने मेराल प्रखंड के विभिन्न गावों का भ्रमण कर जनता की समस्याओं को सुना एवं उसे दूर करने की बात कही। इस दौरान मंत्री ने हासनदाग पंचायत के दुनुखांड़ देवी धाम स्कूल के समीप, हरकुड़ी गांव, कजराठ गांव, ग्राम हासनदाग में मस्जिद के पास, बाना मदरसा के समीप, लातदाग में शिव चर्चा स्थान के समीप, संगबरिया में दुर्गा मंडप के समीप कार्यक्रम आयोजित कर लोगों की जनसमस्या से अवगत हुए। साथ ही समस्याओं को यथाशीघ्र दूर करने की बात कही। साथ ही मंत्री ने ग्राम अधौरा में दुर्गा मंडप के समीप चौपाल का भूमि पूजन भी किया।मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि वे स्वयं गांव-गांव पहुंचकर लोगों की समस्या से रूबरू हो रहे हैं एवं उसे दूर कर रहे हैं। पूरे गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में जनता का कोई भी कार्य अधूरा नहीं रहेगा। वे सभी कार्यों को अपनी व्यक्तिगत जिम्मेवारी के साथ पूरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में शेष बचे हुए कार्य को भी बहुत जल्द पूरा कर लिया जाएगा। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहु, सचिव मनोज ठाकुर, नीलू खान, मुन्ना सिंह, अंकित पांडेय, दिलीप गुप्ता, दीपमाला सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### राज्य सरकार महिलाओं को सुरक्षा देने में नाकामयाब : आरती

**रांची:** इटकी प्रखंड में नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को लेकर मंगलवार को भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष आरती सिंह ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ रिम्स हॉस्पिटल पहुंचकर पीड़िता तथा उसके परिजनों से मुलाकात की। पीड़िता सात जुलाई को रथ मेला स्कूटी से घूमने गई थी। लौटने के दौरान उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। भाजपा महिला मोर्चा ने पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है। साथ ही प्रदेश में कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार आदिवासी बहू-बेटियों को सुरक्षा नहीं दे पा रही है। हर रोज दुष्कर्म की घटनाएं घट रही हैं। ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकने की जरूरत है। उन्होंने कहा हम नाबालिग को न्याय दिलाने के लिए आंदोलन करेंगे।

#### भाजपा का विधानसभा स्तरीय अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा का हुआ आयोजन

# देश में राम राज्य लाना चाहती है भाजपा : यदुनाथ पांडेय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** छतरपुर स्थित होटल विजय तारा के सभागार में भाजपा का विधानसभा स्तरीय अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा आयोजित की गई। सभा में बतौर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित पूर्व प्रदेश अध्यक्ष झारखंड यदुनाथ पांडे शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी एवं संचालन छतरपुर मंडल अध्यक्ष राम नरेश यादव ने किया। सभा में मुख्य वक्ता यदुनाथ पांडे, भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, सांसद पलामू विष्णु दयाल राम विधायक छतरपुर पुष्पा देवी, पूर्व सांसद मनोज कुमार भुईयां सहित मंचासिन अतिथियों ने गत लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में सर्वाधिक मतदान कराने वाले छतरपुर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले सभी मंडलों के पांच पांच बूथ अध्यक्षों सभी शक्ति केंद्र के संयोजकों एवं सभी मंडल अध्यक्षों को मोमेंटो और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। बताया गया की इन बूथों पर भाजपा के पक्ष में मतदान का प्रतिशत सार्वाधिक रहा।मुख्य वक्ता यदुनाथ पांडे ने कहा की भारतीय जनता पार्टी चरित्र की राजनीति करती है चतुराई की नही। बरसो के इंतजार के बाद भाजपा सरकार ने राम मंदिर का सपना पूरा किया। कश्मीर से धारा 370 को खतम किया। भारतीय जनता पार्टी जो कहती है वही करती है। भाजपा देश में राम राज्य लाना चाहती है। हम वासुदेव कुटुम्बकम की बात करते है।कार्यक्रम में मुख्य रूप से उदय शुक्ला,अरविंद सिंह, भोला सिंह, सुनील पासवान, सोमेश सिंह, राम प्रसाद शर्मा, अभिमन्यु तिवारी, मनोज विश्वकर्मा, संतोष पांडे, डॉ. प्रयाग विश्वकर्मा, यमुना सिंह,संजय सिंह, अभिषेक सिंह, राकेश पांडे, पिंकी विश्वकर्मा, सत्येंद्र कुमार, शेखर गुप्ता एवं काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

